# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2023

# जिला अस्पताल से पुलिस ने एक और दलाल को उठाया

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिला अस्पताल में दलाली करने के आरोप में एक और शख्स को पुलिस ने बुधवार को हिरासत में ले लिया। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि उसने पुलिस को अस्पताल में कमीशन के खेल की जानकारी दी है। साथ ही यह भी बताया है कि कैसे पूरा काम हो रहा है। पुलिस उसके बताए गए नाम के आधार पर भूमिका की जांच शुरू कर दी है। खबर है कि इस कमीशन के खेल में एक चिकित्सक के भतीजा सहित कई लोग शामिल है।

> **एक को जेल भेज चुकी है पुलिस, खंगाल रही नेटवर्क**
>
> **चिकित्सकों के गठजोड़ को भी रडार पर लिया**

जानकारी के मुताबिक, जिला अस्पताल के ओटी में डाक्टर की कुर्सी पर बिचौलिया प्रमोद सिंह बैठ गया था। उसने डाक्टर को धमकी देने के साथ ही रंगदारी भी मांगी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उससे पूछताछ में एक डाक्टर के भतीजे और पकड़े गए आरोपी का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने उसके करीबी साथी को उठा लिया है। अब उससे पूछताछ कर रही है। प्रमोद ने पुलिस को कमीशन की जानकारी दी थी। उसने बताया था कि डक्टर, दवा की दुकान तक कमीशन पहुंचाया जाता है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। संदेह के आधार पर एक शख्स को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ व साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

सिकरीगंज। पुलिस ने बलुआ उर्फ बलसड़ गांव की एक विवाहिता की हत्या के आरोपी को बुधवार को उसरैन से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सिकरीगंज थाना क्षेत्र के भटियारी निवासी विवाहिता के भाई आकाश उर्फ शिव प्रकाश ने दहेज हत्या के आरोप में परिवार के लोगों के खिलाफ एक माह पूर्व मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में फरार आरोपी फेकू प्रजापति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# खुनचुसवा गैंग का एक और सदस्य गिरफ्तार

**चरगावां (एसएनबी)।** बीआरडी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में मजदूरों का धोखे से खून निकलवाकर महंगे दामों पर मरीजों को बेचने के मामले में खून चूसने वाले गैंग के एक और सदस्य को गुलरिहा पुलिस ने मंगलवार की रात गिरफ्तार किया है। जिसे बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज गया। गैंग के अन्य सदस्यों की पुलिस तलाश कर रही है।


महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के कमता बुजुर्ग निवासी गोरख चौहान पुत्र लालबचन गोरखपुर के गोरखनाथ पुल के नीचे रहकर मजदूरी करता है गोरखनाथ चौक पर प्रतिदिन लेबर मार्केट लगता है पिछले माह 26 अगस्त की सुबह मजदूरी के लिए चौक पर खड़ा था लेकिन काम नहीं मिला तो खूनचुसवा गैंग का लीडर वसील खान निवासी जाफरा बाजार थाना तिवारीपुर पहुंचा और एक यूनिट ब्लड देने के लिए कहा और उसके बदले 6-7 हजार रुपये देने का लालच दिया चूंकि बरसात के कारण तीन दिन से काम नहीं मिल रहा था खाने तक के पैसे नहीं थे इसलिए ब्लड देने को तैयार हो गया।

बिना नम्बर की नीली कलर की प्लेटिना गाड़ी पर बैठाकर मोगलहा लेकर आया और अपने गैंग के सदस्य केशरदेव पुत्र सुखई निवासी कम्हरिया खुर्द थाना फरेंदा जिला महराजगंज के हवाले कर दिया,शाम 6 बजे केशरदेव मजदूर को लेकर मेडिकल कालेज आया तो ब्लड बैंक का कर्मचारी पहले से ही तैयार बैठा था और तुरंत ब्लड निकालकर पिपराइच थाना क्षेत्र के रुदलापुर निवासी मरीज मोहन 13 वर्ष को दे दिया गया। जिसके बाद केशर देव मरीज के घरवालों से 18 हजार रुपये लेकर मजदूर को मोगलहा वापस ले गया और वसील खान को पैसा दे दिया। वसील खान मजदूर को बाइक पर बैठाकर रेल बिहार के एक गली में ले जाकर 1100 रुपये दिया और रुपए मांगने पर मजदूर को तीन - चार थप्पड़ जड़कर भगा दिया। मजदूर ने इसकी सूचना मेडिकल कालेज पुलिस चौकी को दिया। गैंग के सदस्य की पुलिस तलाश कर रही थी कि रविवार की शाम मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक के पास से खूनचुसवा गैंग के सदस्य केशरदेव व वसील खान को हिरासत में ले ली थी और पीड़ित के तहरीर पर केस दर्जकर वसील खान व केशरदेव को जेल भेज दी थी,चौकी प्रभारी विवेक मिश्रा दोनों के मोबाइल का सी डी आर निकालकर अन्य सदस्यों की तलाश कर रही थी कि मंगलवार की रात मेडिकल कालेज के पास से तीसरे सदस्य मोहम्मद रफीउद्दीन पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी चक्सा हुसैन पचपेड़वा थाना गोरखनाथ को गिरफ्तार कर बुद्धवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिये ।

**सात हजार रुपये मजदूर को देने का किया वादा, खून देने के बाद मारकर खदेड़ा**

## आठ माह में 25 लाख चालकों ने भरा 2.86 करोड़ जुर्माना

[illegible]




**25,02,525** वाहनों का यातायात नियम तोड़ने पर जनवरी से अगस्त माह के मध्य ट्रैफिक पुलिस ने किया है चालान



**261** वाहनों का काली फिल्म लगी होने और जातिसूचक शब्द लिखे होने पर चालान करके वसूले गए एक लाख 89 हजार रुपये

### बीते आठ माह में चालान और जुर्माना वसूली



| कार्रवाई का मद | चालान | शमन शुल्क |
|---|---|---|
| हेलमेट | 132,562 | 1,34,02,562 |
| सीट बेल्ट | 3,506 | 14,35,000 |
| मोबाइल | 1,001 | 7,00,000 |
| नो-पार्किंग | 39,321 | 25,27,000 |
| रेड लाइट जंप | 6,457 | 12,28,000 |
| तीन सवारी | 18,112 | 13,67,500 |
| [illegible] | 69 | 20,000 |
| ओवर स्पीडिंग | 4,363 | 9,14,000 |
| काली फिल्म | 187 | 41,000 |
| जाति सूचक | 78 | 1,48,000 |
| अन्य चालान | 59,212 | 67,06,900 |



**किस मद में लगता है कितना जुर्माना**

| | |
|---|---|
| जातिसूचक स्टीकर | 2,000 |
| नो-हेलमेट | 1,000 |
| नो-सीट बेल्ट | 1,000 |
| नो-पार्किंग | 500-1,000 |
| स्टॉप लाइन उल्लंघन | 1,000 |
| [illegible] नंबर प्लेट | 5,000 |
| [illegible] | 500 |
| ओवर स्पीड | 2,000-4,000 |
| मोबाइल उपयोग | 1,000 |

नोट :- जुर्माना वसूली के सभी आंकड़े रुपये में।



### इन नियमों को तोड़ने पर हुई कार्रवाई

[illegible]

**45%** शमन शुल्क यातायात पुलिस ने हेलमेट नहीं लगाने के मद में वाहन चालकों से वसूला है

### पांच बार चालान होने पर वाहन सीज करने का है नियम

[illegible]



[illegible]

**8%** जुर्माना नो-पार्किंग जोन में वाहन चालकों के चले जाने पर वसूला है यातायात पुलिस ने



ग्राफिक्स : [illegible]

# चाय में जहरीला पदार्थ देकर की थी मुस्कान की हत्या, गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पीपीगंज थाने के जसवल बाजार-सिसई मार्ग पर राप्ती के किनारे झाड़ी में 11 सितंबर को मिली युवती का शव हत्या कर फेंका गया था। शाहपुर के शुडिया कुआ की रहने वाली मुस्कान उर्फ रुपांजली की हत्या उसके ही दोस्त कैंपियरगंज पंडित पुरवा का रहने वाला जितेन्द्र साहनी ने चाय में जहरीला पदार्थ देकर किया था। मुस्कान के भाई की तहरीर पर केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया की पहले से ही उसकी दो पत्नियां हैं और दोनों से दो-दो बच्चे है। इसमें पहली पत्नी उसे छोड़कर सहजनवां स्थित अपने मायके रह रही है।

**पहले से जितेन्द्र साहनी की थी दो पत्नियां, एक छोड़कर रह रही है सहजनवां स्थित मायके में**

**शादी करने का वादा कर आरोपित ने की थी दोस्ती, घटना के पहले दोनों ने साथ किया था भोजन**

**कार की डिग्गी में रखकर शव को लगाया था ठिकाने**

पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने घटना का पर्दाफाश करते बताया कि मुस्कान ने गोलघर स्थित एक साड़ी सेंटर की दुकान पर एक वर्ष से कार्य करती थी। आरोपित जितेन्द्र भी वहां थोक में कपड़ा देने के लिए आता जाता था। यह लच्छीपुर शास्त्री नगर में किराए का कमरा लेकर रहता है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि साड़ी सेंटर पर आने-जाने से मुस्कान से उसकी गहरी दोस्ती हो गई। एक वर्ष बीतने के बाद मुस्कान शादी का दबाव बनाने लगी। 10 सितंबर को दूसरी पत्नी अपने मायके गई थी और वह अपने घर से साड़ी सेंटर के लिए निकली लेकिन सुबह 10 बजे कमरे पर चली आई। दोनों ने साथ में भोजन किया। इसके बाद वह शादी करने के लिए जिद करने लगी।

देर शाम तक कमरे से नहीं जाने पर उसने चाय में जहरीला पदार्थ देकर मार दिया। इसी बीच दूसरी पत्नी भी मायके से कमरे पर पहुंच गई। एसपी उत्तरी ने बताया कि दूसरी पत्नी के आने पर दोनों पहले पुलिस को सूचना देना चाहे लेकिन आरोपित ने मना कर दिया। इसके बाद वह बाइक से गांव पहुंचा। वहां पर पड़ोस के रहने वाले एक व्यक्ति की पुलिस लिखी चार पहिया गाड़ी ली और शास्त्री नगर स्थित मकान पर आया। रात 11 बजे युवती का शव गाड़ी की डिग्गी में रखकर जसवल-सिसई मार्ग पर राप्ती नदी किनारे झाड़ी में फेंक दिया। इसके बाद वह फिर गांव गया और वहां पर पड़ोसी को गाड़ी देकर अपनी बाइक से मकान पर चला आया। पीपीगंज थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश करते हुए उसे जेल भेज दिये।

# खोराबार में युवक की गोली मारकर हत्या

**दुस्साहस**

- पैसे को लेकर चार दोस्तों से हुआ विवाद, एक ने मार दी सिर में गोली
- मर्चेंट नेवी में काम करता था युवक, एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** खोराबार थाना क्षेत्र के सूबा बाजार में बुधवार की देर रात मर्चेंट नेवी में काम करने वाले युवक की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि घर छोड़ने आए चार दोस्तों से उसका पैसे को लेकर विवाद हुआ। उनमें से एक ने सिर में गोली मार दी। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है।

सूबा बाजार निवासी 25 वर्षीय राकेश सिंह मर्चेंट नेवी में काम करता था। 10 दिन पहले वह छुट्टी पर घर आया था। सात दिसंबर को उसकी शादी होनी थी। बताया जा रहा है कि चार दोस्तों के साथ उसने बुधवार की रात कहीं पार्टी की। देर रात चारों दोस्त उसे घर छोड़ने आए थे। उनमें से एक दोस्त ने उससे कुछ पैसे मांगे। इसको लेकर कहासुनी के बाद दोस्त में से एक ने उसके सिर में गोली मार दी। घरवाले उसे जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई और एएसपी मानुष पारीक मौके पर पहुंच गए। एसपी सिटी ने बताया कि एक आरोपी को पकड़ लिया गया है। तीन की तलाश जारी है। कमरे से शराब की बोतल बरामद हुई है।

## सहजनवा में बुजुर्ग की हत्या, बेटा गंभीर

**सहजनवा (गोरखपुर)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 नगर पंचायत शहबाजगंज में बुधवार की रात पैसे के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में बुजुर्ग योगेंद्र कुमार त्रिपाठी (60) की रॉड से मारकर हत्या कर दी गई है। मारपीट में उनके बेटे को भी गंभीर चोटें आई हैं। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। > ब्योरा P10

# दो खिलाफ के दुष्कर्म व गर्भपात केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने क्षेत्र के एक युवक व उसके भाई के ऊपर झाड़ फूंक व पूजा पाठ के बहाने जान पहचान बनाकर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि अब शादी करने से इन्कार करते हुए जान माल की धमकी दे रहा है। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर दो सगे भाईयो के खिलाफ धारा 376, 313, 420, 452, 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। चौरी चौरा क्षेत्र कि एक महिला किराए का कमरा लेकर अकेली रहती है।महिला का आरोप है कि क्षेत्र के नगर पंचायत मुंडेरा बाजार निवासी प्रभु चौरसिया पुत्र श्रवण चौरसिया से कुछ माह पूर्व सम्पर्क हो गया।बार बार मेरी तबियत खराब होने से मैं काफी परेशान रहती थी कि प्रभु चौरसिया ने मेरी तबीयत को झाड़ फूंक व पूजा पाठ से ठीक कराने के जरिए,हमसे जान पहचान बढ़ा लिया।महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौरान हमसे शादी का झांसा देकर काफी दिनों से मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा।महिला का आरोप है कि मेरा जबरन कई बार गर्भपात भी करवा दिया। जब मैंने शादी का दबाव बनाया तो अब मुझे जान से मारने की धमकी दे रहा है और उल्टे मेरे घर मे आकर हमें मार पीटता था।इसकी शिकायत उसके बड़े भाई शंभू चौरसिया से किया तो वह भी उल्टे हमें ही गाली गुत्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# कोनी चौराहे पर बुजुर्ग की लाश मिली

**जगदीशपुर (एसएनबी)।** पिपराईच थाना क्षेत्र के कोनी चौराहे पर कही से दो दिन पहले भटक कर आये बुजुर्ग की बुधवार की शाम सात बजे अचानक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पिपराइच थाना क्षेत्र के कोनी चौराहे पर दो दिन पहले कही से भटक कर आ गया था। 70 वृद्ध के शरीर पर केवल एक कक्षा पहने हुए था ।बुधवार की शाम उसकी मौत हो गयी।शव की पहचान नही हो पाई है। सूचना पर पहुची पिपराईच पुलिस ने शाम को पीएम के लिये भेज दिया।

# खजनी में बेटे ने पिता और भाई को चाकू मारा

खजनी (एसएनबी)। खजनी इलाके के साखडाड पांडेय गांव में बड़े बेटे ने पिता को चाकू मार दिया जिससे वह घायल हो गए। पिता की आवाज सुनकर छोटा बेटा बचाने पहुंचा तो उस पर भी चाकू से वार दिया। परिवारजनों ने घायल पिता-पुत्र को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और वहां के चिकित्सकों ने दोनों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वारदात को अंजाम देने वाले हमलावरों को हिरासत में ले लिया हैं। खबर लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं मिली थी।

**घायल पिता- पुत्र को मेडिकल कालेज में कराया भर्ती**

जानकारी के अनुसार साँखडांड पाण्डेय गांव में बीती रात सुबाष हरिजन के बड़े पुत्र अनूप कुमार से किसी बात को लेकर बिगत दो दोनों से विवाद चल रहा था, आरोप है सुभाष अपने बड़े पुत्र अनूप की पत्नी से मारपीट कर लिया था । जिस पर उसकी पत्नी अपने भाइयों को बुलाकर अपने ससुर सुभाष को पिटवा दी जो मारपीट कर चले गए ,उसी समय अनूप की पत्नी भी अपने मायके चली गई ,जिसको लेकर अनूप अपने पिता से पूछकर पत्नी को ढूढने लगा। जब सुभाष मंगलवार को देर शाम घर पहुंचा तो ,उसका बड़ा पुत्र अनूप चाकू से उस पर वार कर दिया ,बीच बचाव में आया उसका छोटा भाई उसको भी चाकू मार दिया ,जिससे दो लोग गम्भीर हो गए । हमला कर अनुप फरार हो गया । मौके पर पहुँची पुलिस घयलों को अस्पताल भेज कर आरोपी के तलाश में लग गई ,देर रात पुलिस आरोपी को पकड़ ली है।

## मारपीट में चाकू से किया हमला, केस

फुटहवा ईनार(एसएनबी)। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसली में दो गुटों में मोटर साइकिल रोकने लेकर मामूली विवाद में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से बृजेश उर्फ बब्बर के ऊपर चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।वहीं दूसरे पक्ष से भी एक लड़के को चोट आई है।पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार एक पक्ष से अजीत पासवान पुत्र धर्मदेव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के बाहर पुलिया के पास बृजेश,रवि,सनी रास्ते में घात लगाकर बैठे थे। अचानक मेरी मोटर साइकिल रोककर गंदी गंदी गाली गलौज देते हुए, मुझे मारने पीटने लगे।आरोप है कि मारपीट के दौरान बृजेश ने मेरे ऊपर चाकू से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया, और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।अजित पासवान की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ 323, 324, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।वही दूसरे पक्ष के रवि पुत्र इंदल का आरोप हैं की मेरे मौसा को मोटर साइकिल से ठोकर मार दिया था,जिसको लेकर दोनों में विवाद हुआ था लेकिन बाद मामला खत्म हो गया था।रवि का आरोप है की उसी घटना से नाराज होकर इंद्रजीत,अजित पासवान उर्फ पिंटू व प्रदीप पासवान बगल के गांवइब्राभिपुर( ढोलहा)गांव के सामने सड़क पर मुझे घेरकर गाली गलौज देते हुए, बेल्ट ,लात, मुक्का से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। रवि की तहरीर पर पुलिस ने प्रथम पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ 323, 504, 506 में केस दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है।

# गुलरिहा और पिपराइच में ताबड़तोड़ लूट

गोरखपुर (एसएनबी)। गुलरिहा इलाके के बीआरडी मेडिकल कालेज के उत्तरी गेट और पोस्टमार्टम हाउस के बीच एक मजदूर से दो अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े 49 हजार लूट कर फरार हो गए। वहीं बीती रात पिपराइच इलाके के रमवापुर में सराफा का कारोबार करने वाला अनिल वर्मा को विकास भारती स्कूल के पास बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर 34 हजार रुपये लूट कर चंपत हो गए। दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी हैं।

**मेडिकल कालेज गेट पर बैंक से पैसे निकाल कर जा रहे मजदूर से 49 हजार की लूट**

**पिपराइच के विकास भारती स्कूल के पास सराफा कारोबारी से 34 हजार लूटे**

चारगांवा प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा इलाके के नरायनपुर, टोला हीरागंज का रहने वाला ज्ञान गौड़ पुत्र महंगू पेंट पालिश का काम करता है। ज्ञान ने कुछ समय पूर्व किसी से रुपए उधार पर लिए थे और उसको पैसा लौटने के लिए मेडिकल कालेज के पास बुलाया था। बुधवार को झुंगिया बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से 49 हजार निकालकर मेडिकल कालेज की तरफ रुपए वापस करने के लिए पैदल जा रहा था। करीब बारह बजे मेडिकल कालेज के उत्तरी गेट और पोस्टमार्टम हाउस के बीच जैसे ही पहुंचा था कि पीछे से दो बदमाश पैदल आए और एक ने उसके दोनो हाथ पीछे से पकड़ लिए और दूसरे ने पैंट की जेब में रखे 49 हजार जबरन निकल लिए और फोरलेन का डिवाइडर कूदकर रोड के दूसरी तरफ से दोनों बदमाश फर्टिलाइजर की तरफ फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि बैंक में भी दोनों बदमाश आगे-पीछे लाइन में लगे थे। एक बदमाश पीड़ित के कंधे पर हाथ रखकर अपने साथी से बात भी कर रहा था। पीड़ित ने घटना की सूचना डायल112 पर दी। सूचना पर गुलरिहा थाना प्रभारी जेएन शुक्ल मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान करने में जुट गये। **पिपराइच प्रतिनिधि** के मुताबिक पिपराइच इलाके के पिपराइच-कुसम्ही बाजार स्थित रमवापुर गांव निवासी सराफा कारोबारी अनिल वर्मा शाम को दुकान बंद कर लौट रहा था। विकास भारती चौराहे के पास बाइक सवार मुंह बांधे बदमाशों ने कारोबारी को पिस्टल सटाकर गोली मारने की धमकी देकर उसके डिग्गी में रखे 34 हजार रूपये लूटकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पिपराइच पुलिस मंगलवार की शाम लूट का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अनिल ने बताया कि जिस समय बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया उस समय कारोबारी ने शोर मचाया जहां पास के गांववाले भी मौके पर पहुंच गए। उसने बताया कि डिग्गी में झोले लिपटा था लिहाजा आभूषण बच गया। इस मामले में थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।सीसीटीवी कैमरे में बदमाश कहीं दिख नही रहे है।



मेडिकल कालेज उत्तरी गेट पर लूट का शिकार मजदूर

## रेलकर्मी के बरामदे से बाइक समेत नगदी चोरी

पादरी बाजार (एसएनबी)। शाहपुर इलाके के सरस्वतीपुरम कालोनी निवासी राम आधार यादव मंगलवार की रात बरामदे में सोए थे। इसी दौरान चारदीवारी फांद कर घर में घुसे चोरों ने रेलकर्मी की मोबाइल फोन, पॉकिट से पर्स और बरामदे में खड़ी बाइक चोरी कर फरार हो गए थे। पीड़ित ने बताया कि पर्स में 5200 सौ रुपये, आधार, पैन कार्ड, रेलवे मेडिकल कार्ड समेत अन्य जरूरी कागजात थे। पीड़ित ने बुधवार को पुलिस को तहरीर दे दी है।

# नेवी में कैप्टन के भाई की गोली मारकर हत्या

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बुधवार की रात खोराबार में नेवी में कैप्टन के पद पर तैनात नीरज सिंह के भाई राकेश सिंह उर्फ प्रिंस की बाइक सवार दोस्तों ने गोली मारकर हत्या कर दी। प्रिंस नेवी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात था। हत्या के पीछे रुपये के लेनदेन का विवाद बताया जा रहा है। इस बावत एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर का कहना है कि प्रिंस के तीन दोस्तों ने पैसे को लेकर दरवाजे पर चढ़कर मारपीट किया और गोली मारकर हत्या कर दी। हमलावरों की तलाश में खोराबार पुलिस लगी है।



**खोराबार प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार झंगहा निवासी अवध नारायण सिंह दो दशक से खोराबार के सूबा बाजार पटाखा चौराहे पर मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते है। अवध नारायण सिंह ने बताया कि उनके दो बेटे हैं, बड़ा बेटा नीरज सिंह लखनऊ में नेवी में कैप्टन के पद पर तैनात है, जबकि छोटा बेटा मृतक राकेश सिंह उर्फ प्रिंस नेवी में सुपरवाइजर के पद था। वह कुछ दिन पहले अवकाश पर घर आया था। मंगलवार की सुबह प्रिंस पैसा मांगा था जहां बैंक से एक लाख रुपये निकाल कर उसे दिया , वह बताया था कि दोस्तों के साथ कहीं जाना है। बुधवार की शाम करीब पांच बजे प्रिंस ने फोन कर बताया कि सिंघड़िया स्थित कालिका होटल में दोस्त अमन शाही, अखिलेश, सौरभ व पहलवान के साथ खाना खा रहे हैं। किसी को घर से गाड़ी लेकर भेज दिजिए जिससे घर आना हैं। उनका कहना है कि खोराबार के मदरहवा के रहने वाले एक युवक को घर से गाड़ी लेकर होटल भेजा और प्रिंस होटल से घर आ गया। रात में करीब 10.45 बजे दरवाजे पर बाइक सवार प्रिंस के तीन दोस्त पहुंचे और पैसे का डिमांड करने लगे। पैसे को लेकर आपस में हाथापाई हुई, जहां एक दोस्त ने प्रिंस की कनपटी में सटका कर गोली मार दी। गोली मारने के बाद बाइक सवार हमलावर मौके से फरार हो गए। परिवार के लोग घायल प्रिंस को सरकारी एम्बुलेंस से इलाज कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अवध नारायण सिंह खोराबार मंडल के भाजपा के सक्रिय सदस्य हैं। मौके पर पहुंचे माता-पिता और बहन घटना के बारे में खुलकर बोलने को तैयार नहीं थे। मृतक युवक की शादी दिसम्बर माह में तय थी। मौके पर पहुंची खोराबार पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

# सहजनवां में पीट पीट कर हत्या

**गोरखपुर (एसएनबी)**। सहजनवा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 में पैसे के लेनदेन को लेकर योगेंद्र कुमार त्रिपाठी उर्फ मुनि (60 वर्ष) की राड से मार कर हत्या कर दी गई वही उनके उनके बेटे अभिषेक को भी गंभीर चोटे आई हैं जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। **सहजनवां प्रतितिधि** के अनुसार वार्ड नंबर 5 सहबाजगंज निवासी योगेंद्र कुमार त्रिपाठी गीडा क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन का काम करते थे। योगेंद्र कुमार त्रिपाठी विधु महेश त्रिपाठी की हार्डवियर के दुकान से सामान लेते रहते थे। लेनदेन को लेकर बुधवार को देर शाम विवाद हुआ। विवाद में विधु महेश त्रिपाठी ने राड से योगेंद्र कुमार त्रिपाठी पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें सहजनवा सीएचसी ले गये जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल अभिषेक त्रिपाठी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी होते ही मौके पर एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी, रत्नेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी गीडा रतन पांडेय, सहजनवा थाना प्रभारी विद्या पांडेय, चौकी इंचार्ज आलोक कुमार राय मय फोर्स पहुंचे और शव को पीएम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी। गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दी गयी है। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि आरोपी की अलग-अलग टीम बनाकर तलाश की जा रही है जल्दी वह पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# खूनचुसवा गैंग का एक और सदस्य गिरफ्तार

गुलरिहा, हिसं। गुलरिहा पुलिस ने खूनचुसवा गैंग के एक और सदस्य को मंगलवार रात मेडिकल कालेज से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। उसकी पहचान मोहम्मद रफीउद्दीन पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी चक्सा हुसैन पचपेड़वा थाना गोरखनाथ के रूप में हुई है। इस गैंग में ब्लड बैंक के कर्मचारियों का नाम भी सामने आ रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार कर सकती है। इस मामले में पुलिस पहले ही गैंग के लीडर समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। जल्द ही कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# गोरखपुर पुलिस ने दर्ज की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में 8.16 प्रतिशत की वृद्धि

## एडीजी जोन ने जारी की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग की सूची

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एडीजी जोन अखिल कुमार ने बुधवार को पुलिस विभाग को अगस्त माह में मिले फीडबैक की समीक्षा कर सूची जारी की जिसमे गोरखपुर पुलिस ने कुल संतुष्ट फीडबैक में 8.16 प्रतिसत की वृद्धि दर्ज की है।

**जुलाई में 5788 तो अगस्त माह में मिले 6942 संतुष्ट फीडबैक**

जारी सूची के आधार पर माह अगस्त में जनपद गोरखपुर की रेटिंग हेतु गोरखपुर की जनता से कुल 6941 फीडबैक के आधार पर निर्धारित सांख्यिकी का प्रयोग कर गोरखपुर की रेटिंग 66.38 पायी गयी है। इसी प्रकार फीडबैक में माह जुलाई 2023 के सापेक्ष अगस्त 2023 में 24.1 प्रतिसत की वृद्धि दर्ज की गयी है इससे यह स्पष्ट है कि प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में काफी सुधार हुआ है। इसी प्रकार वादियों से लिए गये फीडबैक में भी 20.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।

जनपद को कुल 6941 फीडबैक प्राप्त हुए जिसमे आईजीआरएस 3468, ट्विटर पोल 235, डायरेक्ट पोल 48, एफआईआर, एनसीआर वादी पोल 196, यूपी 112 फीडबैक 1785, पासपोर्ट और चरित्र सत्यापन फीडबैक 1209 मिले हैं।

# दलाली के खेल में एक और युवक को उठाया

हि फॉलोअप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डॉक्टर की कुर्सी पर बैठने वाले दलाल प्रमोद सिंह को जेल भेजने के बाद पुलिस ने जिला अस्पताल में दलाली करने के आरोप में एक और व्यक्ति को बुधवार को हिरासत में ले लिया। उसने पुलिस को अस्पताल में चल रहे कमीशन के खेल की जानकारी दी है। साथ ही यह भी बताया है कि कैसे पूरा काम हो रहा है। उसके बताए गए नामों की भूमिका की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, जिला अस्पताल के आर्थो के ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टर की कुर्सी पर प्रमोद सिंह नामक दलाल बैठ गया था। उसने डॉक्टर को धमकी देने के साथ ही रंगदारी भी मांगी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उसने एक डॉक्टर के भतीजे के साथ ही एक अन्य युवक का नाम बताया था। उसी युवक को पुलिस ने उठाया है। प्रमोद ने पुलिस को कमीशन की जानकारी दी थी। उसने बताया था कि डॉक्टर, दवा की दुकान तक कमीशन पहुंचाया जाता है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। संदेह के आधार पर एक शख्स को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ व साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दलाल के हिरासत में होने से सहमे रहे डॉक्टर

मंगलवार शाम को पुलिस द्वारा एक दलाल को हिरासत में लेने के बाद बुधवार को दिनभर अस्पताल के डॉक्टर हलकान रहे। वह एक दूसरे से जानने की कोशिश करते रहे कि पकड़े गए दलाल ने किसका नाम लिया है। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया दलाल अस्पताल के ज्यादातर डॉक्टर के सीधे संपर्क में रहता है।

## दलाल को छुड़वाने में लगे रहे डॉक्टर, हुए सफल

दलाल को पुलिस से छुड़वाने के लिए दिनभर कवायद चलती रही। इस कवायद में पर्दे के पीछे से डॉक्टर भी लगे रहे। देर शाम उनकी कवायद रंग लाई। पुलिस ने सबूत के अभाव में दलाल को छोड़ दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने राहत की सांस ली।

# बिहार संपर्क क्रांति में बम की सूचना पर मचा हड़कंप

## केस दर्ज

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली से दरभंगा जानेवाली बिहार संपर्क क्रांति (12566) ट्रेन में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। जीआरपी बस्ती कंट्रोल रूम में किसी ने फोन कर कहा.. ट्रेन में बम है, बचा सको तो बचा लो। ट्रेन में बम की सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी हरकत में आ गई। जीआरपी ने इस घटना की जानकारी सिविल पुलिस को भी दी गई।

ट्रेन के देर रात दो बजे गोरखपुर पहुंचने से पहले ही पुलिस, बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड, एंबुलेंस और फॉयर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। ट्रेन के प्लेटफार्म नंबर दो पर आते ही जवानों ने सभी कोच की चेकिंग की गई। कहीं कुछ नहीं मिला। प्रभारी आरपीएफ दशरथ प्रसाद की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर जीआरपी विजय सिंह कौशिक ने बताया, जिस मोबाइल नंबर से कॉल आई थी, उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है। अभी मोबाइल बंद है।

# सो रही युवती से छेड़खानी तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज

**सहजनवां** : थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही युवती से युवक ने छेड़खानी की। विरोध करने पर पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करने की बजाय मामले में तीन दिन बाद आरोपित दोहरिया के यशपाल पर मुकदमा दर्ज किया है। युवती ने घटना के दिन ही थाने पहुंचकर शिकायत की थी, लेकिन पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बजाय सुलह का दबाव बना रही थी। (जासं)

# खून की दलाली में मेडिकल कालेज के दो कर्मी पुलिस हिरासत में

## गिरोह के तीसरे सदस्य रफीउद्दीन को भी पुलिस ने दबोचा, सरगना पहले ही जा चुका है जेल, मोबाइल फोन में मिले कर्मचारियों के नंबर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गुलरिहा थाना पुलिस ने खून की दलाली करने वाले गिरोह के एक और सदस्य को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित गोरखनाथ के चक्सा हुसैन, पचपेड़वा का रहने वाला मो. रफीउद्दीन है। पुलिस को इसके मोबाइल फोन में बीआरडी मेडिकल कालेज के कई कर्मचारियों के नंबर मिले हैं। इनमें से दो कर्मचारी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। अन्य की तलाश कर रही है। इसके अलावा पुलिस ने परिसर में स्थित ब्लड बैंक की गैलरी में लगे सीसी कैमरे की रिकार्डिंग की जांच की तो पता चला कि अगस्त की पूरी रिकार्डिंग खून की दलाली करने वाले गिरोह ने डिलीट कर दी है। पुलिस ब्लड बैंक प्रभारी समेत अन्य से पूछताछ की तैयारी में है।

26 अगस्त को महराजगंज के पनियरा कामता बुजुर्ग के गोरख चौहान को रुपये का लालच देकर बीआरडी मेडिकल कालेज ले जाकर उसका खून निकाले जाने की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है। गिरोह के सरगना तिवारीपुर के जाफरा बाजार के वसील खान व सदस्य महराजगंज के फरेंदा कम्हरिया खुर्द के केशरदेव को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस इन दोनों के मोबाइल फोन के सीडीआर से अन्य सदस्यों की तलाश कर रही।

**26** **अगस्त को महराजगंज के गोरख चौहान को रुपये का लालच देकर मेडिकल कालेज में खून निकालने की चल रही है जांच**

**18** **हजार रुपये में सभी आरोपितों ने मिलकर गोरख का खून पिपराइच के रोगी मोहन को बेचा था, तय रुपये भी नहीं दिए थे**



बीआरडी मेडिकल कालेज में मजदूरों के खून की दलाली करने वाला तीसरा सदस्य रफीउद्दीन • जागरण

इसी मामले में बुधवार को तीसरा आरोपित गिरफ्तार हुआ है। अब इसके मोबाइल में कर्मचारियों के नंबर मिले हैं। इन सभी आरोपितों ने मिलकर गोरख का खून निकालकर 18 हजार रुपये में पिपराइच के रुदलापुर के रोगी मोहन को बेचा था। गोरख को तय रुपये भी नहीं दिए गए। इससे नाराज गोरख ने पुलिस से शिकायत कर दी थी।

# जिला अस्पताल में खुलेगी पुलिस चौकी, दलालों की खैर नहीं

**जागरण प्रभाव**

- **डीएम, एसएसपी व एसआइसी की बैठक के बाद लिया गया निर्णय**
- **कैंट पुलिस को बुलाकर एसआइसी ने दिखाया कमरा, आज तय होगा स्थान**
- **ओपीडी के निकट पुलिस चौकी के लिए स्थित कमरा दिखाया**
- **दलाल द्वारा चिकित्सक से अभद्रता करने के बाद लिया गया निर्णय**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जिला अस्पताल में अब खाकी की हनक से दलालों की धमक खत्म होगी। जिलाधिकारी और एसएसपी की ओर से जिला अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी खोलने की संस्तुति मिल गई है। प्रमुख अधीक्षक डा.राजेंद्र ठाकुर ने पिछले दिनों दलालों के आतंक से परेशान होकर डीएम को पत्र लिखकर मदद मांगी थी। जिला अस्पताल में दलालों की पैठ को लेकर दैनिक जागरण ने लगातार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की थीं।

दैनिक जागरण की खबरों और एसआइसी के पत्र का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने एसएसपी एवं प्रमुख अधीक्षक के साथ बैठक की, जिसमें दलालों का नेटवर्क खत्म करने के लिए जिला अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी खोलने पर सहमति बनी। बुधवार को एसआइसी ने कैंट थाने के पुलिस अधिकारियों को बुलाकर चौकी स्थापित करने के लिए ओपीडी के निकट स्थित कमरा दिखाया। उम्मीद है, 14 सितंबर को चौकी के लिए स्थान फाइनल कर दिया जाएगा। इसके बाद से एसएसपी द्वारा चौकी प्रभारी सहित अन्य स्टाफ की तैनाती की जाएगी।



दलालों के चंगुल में जिला अस्पताल, कट ...

... में उपचार

नर्सिंग हो... में मृत्यु, जिला अ...

जिला अस्पताल में शव भर्ती कराने वाले दलालों का बंटा है इलाका

विभिन्न तिथियों में जागरण में प्रकाशित की गई खबरें • जागरण

**...तो अब तक खुल चुकी होती चौकी:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.गौरव ग्रोवर की तरफ से सदर अस्पताल में पुलिस चौकी खोलने का प्रस्ताव इसी वर्ष मार्च में दिया गया था। तब एसआइसी की तरफ से न इसके लिए कमरा दिया जा रहा था और न ही चौकी बनाने के लिए स्थान। जरूरत तब समझ में आई जब अस्पताल में एक दलाल द्वारा किए गए बवाल से एसआइसी खुद आतंकित हो गए और डीएम से गुहार लगाई।

**एक संदिग्ध को पुलिस ने उठाया, पूछताछ के बाद छोड़ा:** जिला अस्पताल में दलालों की पैठ को लेकर दैनिक जागरण के समाचारीय अभियान का संज्ञान लेते हुए शासन ने भी जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी थी। शव भर्ती करने को लेकर कमिश्नर ने एसआइसी से जवाब मांगा था। इसके बाद नौ सितंबर को परिसर से एक दलाल को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ के क्रम में पुलिस अन्य दलालों की जानकारी जुटा रही है। इस मामले में अस्पताल के कुछ डाक्टरों व उनके रिश्तेदारों के नाम भी सामने आए हैं। कैंट पुलिस बारी-बारी से सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मंगलवार की रात भी कैंट पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया और पूछताछ की। बुधवार शाम को उसे छोड़ दिया गया। इसे लेकर पूरे दिन जिला अस्पताल में गहमागहमी का माहौल रहा। कई चिकित्सकों के चेहरे पर हवाइयां उड़ती रहीं।



नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जिला चिकित्सालय का मुख्य द्वार • जागरण



प्रमुख अधीक्षक जिला अस्पताल ने ओपीडी के बगल में पुलिस चौकी खोलने के लिए कमरा दिखाया है। सब सही रहा तो 14 सितंबर को चौकी के लिए स्थान फाइनल हो जाएगा। इसके बाद चौकी प्रभारी की तैनाती की जाएगी।

\- कृष्ण कुमार बिश्नोई, एसपी नगर

# 51 मृत ग्राहकों के खाते से निकाले थे रुपये

जागरण संवाददाता, भटहट : इंडियन बैंक की स्थानीय शाखा में तैनात कैशियर ने 51 मृत ग्राहकों के खाते से 63 बार में 10 लाख 61 हजार रुपये निकाले थे। इसका पर्दाफाश बैंक में हुई धोखाधड़ी मामले की जांच के दौरान हुआ। प्रबंधन ने ग्राहकों का सत्यापन करने के बाद निकाली गई रकम की रिकवरी भी कर ली है। मामले में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार सोनकर ने शाखा में तैनात तीन नामजद व एक अज्ञात समेत चार कर्मचारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। इंडियन बैंक के भटहट शाखा प्रबंधक राजन वर्मा ने एक दिन सामान्य जांच के दौरान कैशियर के काउंटर

खातों से अवैध तरीके से पैसा निकालने के दोषी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। सभी के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज करा दिया गया है। बैंक के लिए ग्राहक हित सर्वोपरि है।

**राजन वर्मा**, शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक भटहट।

पर कुछ संदिग्ध वाउचर देखा। सभी निकासी फार्म पर अंगूठे के निशान लगे थे। शाखा प्रबंधक द्वारा पूछताछ करने पर लिपिक मयंक श्रीवास्तव द्वारा वाउचर के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की गई। शाखा प्रबंधक ने वाउचर की जांच की तो संदिग्ध वाउचरों का भुगतान भी किया जा चुका था। इस आधार पर सत्यापन किया गया तो सभी खाताधारक पहले से मृत

**तमंचा सटाकर स्वर्ण व्यवसायी से 34 हजार रुपये लूटे** : जासं, पिपराइच : जंगल अहमद अली शाह उर्फ रामपुर गांव के रहने वाले स्वर्ण व्यवसायी अनिल वर्मा 11 सितंबर की रात आठ बजे वह दुकान बंदकर बाइक से घर जा रहे थे। घर से थोड़ी दूर पहले बगीचे के पास चेहरा ढंककर आए दो बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। इसके बाद तमंचा सटाकर गोली मारने की धमकी देते हुए बाइक की डिक्की में रखा 34 हजार रुपये लेकर फरार हो गए।

# चाय में जहरीला पदार्थ देकर की थी मुस्कान की हत्या, गिरफ्तार

जासं, पीपीगंज : जसवल बाजार-सिसई मार्ग पर राप्ती के किनारे झाड़ी में 11 सितंबर को मिला युवती का शव हत्या कर फेंका गया था। शाहपुर के शुडिया कुआं की रहने वाली मुस्कान उर्फ रुपांजली की हत्या उसके ही दोस्त कैंपियरगंज पंडित पुरवा के रहने वाले जितेंद्र साहनी ने चाय में जहरीला पदार्थ देकर की थी। मुस्कान के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि पहले से उसकी दो पत्नियां हैं और दोनों से दो-दो बच्चे हैं। पहली पत्नी छोड़कर सहजनवां स्थित अपने मायके में रह रही है।


मुस्कान की हत्या करने वाला आरोपित।

पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि मुस्कान गोलघर स्थित साड़ी सेंटर की दुकान पर एक वर्ष से कार्य करती थी। आरोपित जितेंद्र भी वहां थोक में कपड़ा देने के लिए आता-जाता था। वह लच्छीपुर शास्त्री नगर में किराये का कमरा लेकर रहता है। पूछताछ में उसने बताया कि साड़ी सेंटर पर आने-जाने के दौरान मुस्कान से उसकी गहरी दोस्ती हो गई। एक वर्ष बीतने के बाद वह शादी का दबाव बनाने लगी। 10 सितंबर को दूसरी पत्नी मायके गई थी और मुस्कान अपने घर से साड़ी सेंटर के लिए निकली, लेकिन सुबह 10 बजे कमरे पर चली आई। दोनों ने साथ में भोजन किया। इसके बाद वह शादी करने के लिए जिद करने लगी। देर शाम तक कमरे से नहीं जाने पर उसने चाय में जहरीला पदार्थ देकर मार दिया। इसी बीच दूसरी पत्नी भी मायके से आ गई।

एसपी उत्तरी ने बताया कि दूसरी पत्नी के आने पर दोनों पहले पुलिस को सूचना देना चाहे, लेकिन आरोपित ने मना कर दिया। इसके बाद वह बाइक से गांव पहुंचा। वहां पर पड़ोस के एक व्यक्ति की पुलिस लिखी कार ली और शास्त्री नगर स्थित मकान पर आया। रात 11 बजे युवती का शव गाड़ी की डिक्की में रखकर जसवल-सिसई मार्ग पर राप्ती नदी किनारे झाड़ी में फेंक दिया। इसके बाद गांव गया और वहां पर पड़ोसी को कार देकर आपनी बाइक से मकान पर चला आया। पीपीगंज थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया।

# रेलकर्मी के मकान में चोरी सीसी फुटेज से हुई पहचान

**पादरी बाजार** : शाहपुर थाना क्षेत्र के जेल बाईपास स्थित सरस्वतीपुरम कालोनी में मंगलवार की रात रेलकर्मी के मकान से नकदी, बाइक, मोबाइल फोन और पर्स चोरी हो गया। बगल के मकान में लगे सीसी कैमरे के फुटेज से पुलिस ने चोरों की पहचान कर ली है। दोहरीघाट क्षेत्र के उसरी खुर्द गांव के रामआधार यादव सरस्वतीपुरम मोहल्ले में मकान बनवाकर रहते हैं। रात में चोरों ने बाइक, मोबाइल फोन और पर्स चोरी कर लिया। बुधवार की सुबह जगने पर चोरी की जानकारी हुई तो डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने सीसी कैमरे की फुटेज की जांच की। पीड़ित ने युवक की पहचान छोटू अंसारी और युवती की पहचान सोना ठाकुर के रूप में की है। (जासं)

# कुसम्ही में गोलीकांड मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

जासं, गोरखपुर : कुसम्ही के बुढ़िया माता मंदिर मार्ग पर गोली से घायल पिंटू पासवान मामले में पुलिस ने बुधवार को तीन लोगों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पिंटू की पत्नी दिव्यारानी ने गांव की ममता चौधरी, विकास मौर्य और विनोद मौर्य के विरुद्ध तहरीर दी थी। पुलिस के अनुसार घायल पिंटू पर भी छेड़खानी का मुकदमा दर्ज है। पुलिस इस पूरे मामले को प्रायोजित मानते हुए जांच कर रही है। मामले में एक हिस्ट्रीशीटर की भी तलाश है। पुलिस ने दो को हिरासत में लिया है।

मंगलवार रात में रजही के पिंटू पत्नी के साथ कुसम्ही बाजार सब्जी खरीदने गया था। लौटते समय बुढ़िया माता मंदिर मार्ग पर पैर में गोली लगने से घायल हो गया था।

# युवती से दुष्कर्म, गर्भपात कराने का लगाया आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

**चौरीचौरा (गोरखपुर)।** चौरीचौरा इलाके में युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और गर्भपात कराने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कस्बे में दुकान चलाने वाले प्रभु चौरसिया ने झाड़-फूंक के बहाने बुलाया था। फिर शादी का झांसा दिया। गर्भवती होने पर भाई शंभू चौरसिया के साथ मिलकर गर्भपात की दवा दे दी। शादी से भी इन्कार कर दिया।

पुलिस ने युवती की तहरीर पर दुष्कर्म, गर्भपात कराने, जालसाजी, मारपीट व धमकी देने की धाराओं में दो सगे भाइयों पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। युवती ने तहरीर में कहा है कि वह किराए के मकान में अकेली रहती है। मुंडेरा बाजार के

## दो भाइयों पर केस दर्ज कर जांच में जुटी चौरीचौरा पुलिस

वार्ड संख्या 16 निवासी प्रभु चौरसिया से कुछ माह पहले संपर्क हो गया।

युवती का आरोप है कि झाड़-फूंक से उसे ठीक कराने की बात कहकर आरोपी ने धनिष्ठता बढ़ा ली। इस दौरान शादी का झांसा देकर काफी दिनों से शारीरिक संबंध बनाता रहा। कई बार गर्भपात भी करवा दिया। शादी का दबाव बनाने पर उसके घर आकर पिटाई भी की। इसकी शिकायत उसके बड़े भाई शंभू चौरसिया से की तो वह भी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपियों पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# मजदूर से 49 हजार रुपये की लूट

अमर उजाला ब्यूरो

## मेडिकल कॉलेज के पास हुई घटना, बैंक से रुपये निकालकर जा रहा था

गुलरिहा (गोरखपुर)। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के पास मजदूर से बुधवार को दो बदमाशों ने दिनदहाड़े 49 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस लूट की घटना को टप्पेबाजी बता रही है।



पीड़ित ज्ञान गौड़।

नारायणपुर टोला हीरागंज निवासी ज्ञान गौड़ पेंट-पालिश का काम करता है। उसने किसी से रुपये उधार ले रखा था। रुपये लौटने के लिए उसे मेडिकल कॉलेज के पास बुलाया गया था। वह सुबह झुंगिया बाजार स्थित एसबीआई की शाखा से रुपये निकालकर पैदल जा रहा था। मेडिकल कॉलेज के पास दो बदमाश पैदल आए और एक ने पीड़ित का दोनों हाथ पकड़ लिया। दूसरे ने बाएं तरफ पैंट की जेब में रखा 49 हजार छीनकर भाग गए।

## व्यापारी से 34 हजार रुपये लूट का केस दर्ज

पिपराइच। रामपुर गांव निवासी आभूषण व्यापारी अनिल वर्मा ने लूट का केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि सोमवार की शाम विकास भारती चौराहा स्थित अपनी दुकान बंद कर लौट रहे थे। मास्क पहने दो लोगों ने गोली मारने की धमकी देकर डिकी तोड़कर उसमें रखा 34 रुपये हजार लूट लिया। मंगलवार की शाम पुलिस ने केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। अनिल ने बताया कि शोर सुनकर गांव वाले जुट गए। डिकी में झोले में रखा आभूषण बच गया। ब्यूरो

# फोन कर बोला, बिहार संपर्क क्रांति में बम है...बचा सको तो बचा लो

## बस्ती के कंट्रोल रुम में आया था फोन, अब मोबाइल फोन है बंद, दिल्ली से आ रही थी ट्रेन, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दिल्ली से आ रही बिहार संपर्क क्रांति ट्रेन में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। बस्ती कंट्रोल रूम में एक फोन आया और बोला कि ट्रेन में बम है... बचा सकते हो तो बचा लो।

ट्रेन के आने से पहले पुलिस, बम व डॉग स्क्वॉयड, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। मंगलवार रात 12:50 बजे ट्रेन के प्लेटफार्म नंबर- 2 पर पहुंचते ही पूरे ट्रेन की चेकिंग की गई, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी यह सूचना झूठी निकली। इंस्पेक्टर आरपीएफ दशरथ प्रसाद

### मंगलवार की रात 12:50 बजे ट्रेन आने पर स्टेशन पर की गई जांच

की तहरीर पर जीआरपी ने इस मामले में केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। खबर है कि जिस मोबाइल फोन से फोन आया था, वह अब बंद है।

मंगलवार को जीआरपी बस्ती कंट्रोल रूम में मोबाइल फोन नंबर 8130861131 से एक कॉल आई। फोन करने वाले ने बिना अपना नाम-पता बताए, पुलिस को धमकी दी कि बिहार संपर्क क्रांति में बम है, जो कभी भी ब्लास्ट हो सकता है। बचा सको तो बचा लो। इसके बाद फोन काट दिया।

बस्ती कंट्रोल कंट्रोल ने तत्काल इसकी सूचना गोरखपुर जीआरपी और अफसरों को दी। इसके बाद जीआरपी और आरपीएफ हरकत में आ गई। जिला पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया। रात करीब 12:50 बजे ट्रेन गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर पहुंची।

इसके बाद यात्रियों को सुरक्षित करते हुए ट्रेन की चेकिंग शुरू की गई, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। करीब सवा घंटे की देरी से ट्रेन रवाना हुई। जीआरपी इंस्पेक्टर विजय प्रताप ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। मोबाइल फोन बंद है।

### पहले भी मिली हैं धमकियां

**केस एक** 18 मई 2022: गोरखपुर से बांद्रा जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस में बम की सूचना मिली थी। पूर्व रेल मंत्री पीयूष गोयल और पीएमओ को ट्वीट कर ट्रेन में बम होने की सूचना दी गई थी। इसके बाद गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर पुलिस, आरपीएफ और जीआरपी अलर्ट हो गई थी। हालांकि, जांच में मामले झूठा निकला।

**केस दो** 2017 में लश्कर-ए-तयबा ने भी स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। मोहम्मद अमीन शेख नाम के शख्स ने पत्र लिखकर खुद को कश्मीर और कराची पाकिस्तान का एरिया कमांडर बताया था। गोरखपुर सहित प्रदेश के 7 स्टेशनों को उड़ाने की धमकी दी थी, लेकिन जांच में कुछ नहीं आया।

**केस तीन** 13 सितंबर 2018: कॉमर्शियल कंट्रोल रूम से फोन कर गोरखपुर स्टेशन को उड़ाने की धमकी मिली थी।

**केस चार** 26 अक्तूबर 2019 और 21 अक्टूबर 2021 को भी स्टेशन को उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। सारी धमकियां अफवाह निकलीं।

# शादी का दबाव बनाने पर रूपांजलि की हत्या की गई

## हत्यारोपी प्रेमी भेजा गया जेल, घर पर बुलाकर जहर देने का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

**पीपीगंज (गोरखपुर)।** शाहपुर की रूपांजलि की हत्या के आरोप में उसके प्रेमी जितेंद्र साहनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार, रूपांजलि शादी के लिए प्रेमी पर दबाव बना रही थी, इसलिए उसे मौत के घाट उतार दिया गया।

आरोप है कि प्रेमी जितेंद्र साहनी ने प्रेमिका को घर बुलाया और खाने में जहर खिला दिया। फिर शव को पीपीगंज में फेंक दिया था। आरोपी ने पहली पत्नी को छोड़ दिया है। दूसरी यूनिवर्सिटी की एक युवती के साथ किराए के मकान में रहने लगा था।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार को पीपीगंज इलाके में एक युवती की लाश मिली थी। बाद में उसकी पहचान शाहपुर के एल्युमिनियम फैक्टरी निवासी रूपांजलि उर्फ मुस्कान के रूप में हुई थी। पुलिस ने युवती के भाई विजय की तहरीर पर केस दर्ज किया था। जांच में पता चला कि रूपांजलि एक कपड़े की दुकान पर काम करती थी और उसका प्रेम संबंध कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के पंडितपुर निवासी जितेंद्र साहनी के साथ था। वह दुकानों पर कपड़ों की आपूर्ति करता है।

### आरोपी जितेंद्र पहले से कर चुका है दो शादियां



हत्यारोपी जितेंद्र। संवाद

पीपीगंज थानाध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि जितेंद्र ने पहले से दो शादियां कर रखी हैं। रूपांजलि उससे शादी के लिए दबाव बना रही थी। आरोपी युवक ने रविवार की सुबह युवती को लक्ष्मीपुर स्थित अपने कमरे पर बुलाया और पहले से खाने में जहर मिला कर रखा था।

युवती ने कमरे पर आने के बाद खाना खाया और चाय बनाने लगी, तभी जहर का असर होते ही वह फर्श पर गिर गई।

आननफानन आरोपी युवक शव को घर में छोड़कर अपने पंडितपुर स्थित आवास पर चला गया। वहां से उसने एक दोस्त से कहा कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब है, उसे अस्पताल दिखाना है, यह कहकर चार पहिया वाहन ले लिया। इसके बाद वह लक्ष्मीपुर स्थित कमरे पर आया। शव को कार में रखकर जसवल स्थित सिसई घाट के पास फेंक कर भाग गया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# जिला अस्पताल में दलाली करने वाले एक और शख्स को उठाया

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** जिला अस्पताल में दलाली करने के आरोप में एक और शख्स को पुलिस ने बुधवार को हिरासत में ले लिया। आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि उसने पुलिस को अस्पताल में कमीशन के खेल की जानकारी दी है। साथ ही यह भी बताया है कि कैसे पूरा काम हो रहा है। पुलिस ने उसके बताए गए नाम के आधार पर अन्य की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। खबर है कि इस कमीशन के खेल में कई लोग शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, जिला अस्पताल के ओटी में डॉक्टर की कुर्सी पर बिचौलिया प्रमोद सिंह बैठ गया था। उसने डॉक्टर को धमकी देने के साथ ही रंगदारी भी मांगी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उससे पूछताछ में एक डॉक्टर के भतीजे और पकड़े गए आरोपी का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने उसके करीबी साथी को उठा लिया है। अब उससे पूछताछ कर रही है। प्रमोद ने पुलिस को कमीशन की जानकारी दी थी।प्रमोद ने बताया था कि डॉक्टर और दवा की दुकान तक कमीशन पहुंचाया जाता है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। संदेह के आधार पर एक शख्स को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ व साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# फिर बीआरडी में घुसा एक और शातिर गिरफ्तार

## खून माफिया : सरगना समेत दो आरोपी 28 अगस्त को भेजे गए थे जेल, जांच कर रही पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। मजदूरों को रुपये का लालच देकर मेडिकल कॉलेज में उनके खून को बेचने वाले खून माफिया गिरोह के एक और सदस्य मोहम्मद रफीउद्दीन को मंगलवार की रात में गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह मजदूरों को रुपयों का झांसा देकर मेडिकल कॉलेज तक लाता था। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। लेकिन, अब तक इस धंधे में शामिल ब्लड बैंक का कर्मचारी पुलिस की पकड़ से दूर है। आरोपी रफीउद्दीन गोरखनाथ इलाके के चक्सा हुसैन पचपेड़वा का रहने वाला है।



मोहम्मद रफीउद्दीन

**मजदूरों को फंसा कर मेडिकल कॉलेज तक लाता था रफीउद्दीन**

जानकारी के मुताबिक, 28 अगस्त को खून बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने गिरोह के सरगना जाफरा बाजार निवासी वसील खान और उसके साथी केशरदेव को जेल भेजा था। इसके बाद से ही पुलिस मामले की जांच कर रही है। पूछताछ में पुलिस को कुछ नाम मिले थे, जिसके आधार पर पुलिस टीमें लगी थीं।

**यह है मामला** 26 अगस्त 2023 को पुलिस ने महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के कमता बुजुर्ग निवासी गोरख चौहान की तहरीर पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने वसील खान और उसके साथी केशरदेव को पकड़ा था। जांच में पता चला कि पीड़ित 26 अगस्त की सुबह मजदूरी के लिए चौक पर खड़ा था, लेकिन बरसात की वजह से काम नहीं मिला था। तब वसील खान पहुंचा और एक यूनिट ब्लड देने के बदले छह से सात हजार रुपये देने का लालच दिया। तैयार होने पर बिना नंबर की बाइक पर बैठाकर साथी केशरदेव के पास ले गया था। उसी दिन शाम छह बजे केशरदेव मजदूर को लेकर मेडिकल कॉलेज आया तो ब्लड बैंक का कर्मचारी पहले से ही तैयार बैठा था। पिपराइच थाना क्षेत्र के रुदलापुर निवासी मरीज मोहन 13 वर्ष को खून दे दिया गया। इसके बाद केशरदेव मरीज के घरवालों से 18 हजार रुपये लेकर मजदूर को मोगलहा वापस ले गया और वसील खान को पैसा दे दिया। वसील खान मजदूर को बाइक पर बैठाकर रेलबिहार की एक गली में ले जाकर 1100 रुपये दिया और रुपये मांगने पर मजदूर को तीन-चार थप्पड़ जड़कर भगा दिया था।

मंगलवार की रात को पुलिस को सूचना मिली कि मेडिकल कॉलेज में खून बिकवाने के लिए फिर खून माफिया गिरोह घुसा है। पुलिस तत्काल एक्शन में आ गई। मेडिकल कॉलेज चौकी इंचार्ज विवेक मिश्रा ने उनमें से एक मोहम्मद रफीउद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने जुल्म कुबूल किया। आरोपी को पुलिस ने जेल भिजवा दिया।

# मर्चेंट नेवी में काम करने वाले युवक की गोली मारकर हत्या

गोरखपुर। खोराबार थाना क्षेत्र के सूबा बाजार में बुधवार की देर रात घर में ही मर्चेंट नेवी में काम करने वाले राकेश सिंह (25) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि लेनदेन के विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। एहतियातन घटनास्थल के आसपास पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। मामले में एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

सूबा बाजार मदरहिया निवासी राकेश सिंह लखनऊ में रहकर मर्चेंट नेवी में काम करते थे।

**खोराबार इलाके में हुई वारदात, घटनास्थल के आसपास पुलिस फोर्स तैनात**

राकेश ने गोरखपुर में प्रॉपर्टी में भी कुछ साथियों के साथ रुपये लगाए थे। दो दिन पहले लखनऊ से आने के बाद रुपये को लेकर साथियों से बातचीत किए थे, जिसमें विवाद हुआ था।

बुधवार की रात में राकेश के मोबाइल फोन पर एक कॉल आई थी, जिसके बाद वह घर से पैदल ही निकले थे। दावत करने के बाद तीन दोस्तों के साथ घर आए। कमरे में रुपये के लेनदेन के विवाद में उनको गोली मार दी गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए तो हमलावर फरार हो गए थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान राकेश की मौत हो गई। उधर, घटना की सूचना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए, जिसे देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आपसी विवाद का मामला सामने आ रहा है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। ब्यूरो

# महिला समेत तीन युवकों पर हत्या की कोशिश का केस

गोरखपुर। एम्स थाना क्षेत्र के बुढ़िया माई मंदिर रोड पर पत्नी के साथ घर जा रहे पिंटू पासवान (38) को गोली मारने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों पर केस दर्ज कर लिया। हालांकि, पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। गोली कैसे लगी, किसने मारी, इसकी जांच जारी है। रजही के पासी टोला निवासी पिंटू पासवान मंगलवार की रात करीब आठ बजे कुसम्ही बाजार से खरीदारी कर पत्नी दिव्या के साथ बुढ़िया माता मंदिर रोड से घर जा रहे थे। दिव्या का आरोप है कि बुढ़िया माता मंदिर के रास्ते में बीच जंगल में पहुंचा थे। इस दौरान गांव के विकास मौर्य, विनोद मौर्य और ममता चौधरी ने रोका। विकास मौर्य व विनोद मौर्य ने गोली चला दी। दो गोली पिंटू के घुटने के नीचे बाएं पैर में लग गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि विनोद और पिंटू में रुपयों के लेनदेन को लेकर झगड़ा चल रहा है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-09-2023

# अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (एसएनबी)। बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन रुद्रपुर के अधिवक्ताओं ने बार संघ अध्यक्ष ब्रजबिहारी पाण्डेय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रुद्रपुर विपिन कुमार द्विवेदी को सौंपा। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हापुड़ काण्ड के दोषी पुलिस व अधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाई किया जाये। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाये। हापुड़ के डीएम व एसपी का तत्काल स्थानान्तरण किया जाये। अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी एफआईआर को स्पंज किया जाये। हापुड़ काण्ड में घायल अधिवक्ताओं को आर्थिक मुआवजा दिया जाये। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष बृजबिहारी पाण्डेय, महामंत्री शशिभूषण मिश्र, कोषाध्यक्ष बलवन्त कुमार, राजशरण सिंह, रमेश चन्द्र मणि, आनन्द प्रकाश मिश्र, प्रमोद कुमार सिंह, परमहंस यादव, राजेश्वरी मिश्र, राजेश कुमार त्रिपाठी, बृजकिशोर सिंह, आनन्द कुमार सिंह, भूपेन्द्र चन्द शर्मा, राजेश मणि आदि थे।



# न्यायिक कार्यो से विरत रहते हुए अधिवक्ताओं ने सौंपा एसडीएम को पत्रक

सलेमपुर। स्थानीय तहसील के अधिवक्ताओं ने 29 जुलाई को हापुड़ में अधिवक्ताओं के शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर पुलिस द्वारा बर्बता पूर्वक किए गए लाठी चार्ज के विरोध में बार कैंसिल अफ यूपी के आवाहन पर तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले न्यायिक कार्यो का बहिष्कार करते हुए पांच सूत्रीय मांगो का पत्रक एसडीएम सीमा पाण्डेय को सौंपा जो मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम संबोधित था। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र, सचिव जितेंद्र कुमार मिश्र, संदीप यादव, प्रमोद तिवारी, उमेश चंद्र शुक्ला, संजय गुप्ता, संतोष कुमार तिवारी, सत्येंद्र कुमार तिवारी, परमानंद यादव, लाल बहादुर यादव, देवेंद्र दुबे, बैजनाथ पाण्डेय, बृजकिशोर, रमेश श्रीवास्तव, सुधांशु तिवारी, अरविंद कुमार, राम नारायण प्रसाद, वेद प्रकाश शाह, आदर्श कुमार, राम नारायण लाल, वेद प्रकाश शाह, आदर्श कुमार, राम नारायण लाल, चंद्र भूषण पाण्डेय आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

# पुत्रबधू पर केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के डुमवलिया गांव निवासी मेवाती देवी पत्नी स्व रामबेलास तिवारी ने अपनी पुत्र वधू रेखा पत्नी संदीप तिवारी के खिलाफ तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि मेरी बहु और पुत्र के बीच वैवाहिक विवाद का मुकदमा चल रहा है, इसी वजह से संदीप तिवारी घर छोड़कर बाहर रहता है। घर पर अकेले रहती है। इसी का नाजायज लाभ उठाकर मेरी बहु रेखा तिवारी पत्नी संदीप तिवारी आए दिन मुझे मारती पीटती है तथा गाली-गलौज व धमकी देत है कि तुम्हे भी जान से मारकर हत्या कर दूंगी। प्रार्थिनी अपने पुत्रवधु के त्य से बहुत आहत है तथा चलने फिरने में असमर्थ है। इस मामलें में मेवाती देवी की तहरीर पर पुलिस ने बहु के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

# मारपीट के मामले में केस दर्ज

लार। लार थाना क्षेत्र के एक गांव में पिछले दिनों 7 सितम्बर को हुई मारपीट के मामले में लार पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध धारा 323, 504 व 506 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के मझवलिया नंबर तीन गांव निवासी शालिनी सिंह पुत्री ददन सिंह ने लार पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि घर के सामने रहने वाले बलवंत सिंह पुत्र अज्ञात आये दिन शराब पीकर भद्दी भद्दी गालियां देते हैं। गली देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। 7 सितम्बर की शाम को बलवंत सिंह पुन शराब पीकर आया तथा गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर हाथ पकड़ कर अपने तरफ खिच लिया तथा मारने लगा। जिसकी सूचना यूपी डायल 112 पुलिस को दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

# हापुड़ कांड के गुनाहगारों की हो गिरफ्तारी

बरहज। प्रदेश के हापुड जनपद में करीब एक पखवारा पूर्व पुलिस ने अधिवक्ताओं के साथ बर्बर तरीके से दुर्व्यवहार किया । घटना में शामिल पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ हड़ताल पर है । बुधवार को स्थानीय अधिवक्ता संघ ने प्रदेश सरकार के विरोध में नारेवाजी बाजी करते हुए दोषी पुलिस कर्मियो पर कार्यवाही की मांग करते हुए एस डी एम को मुख्य मंत्री के नाम पत्रक सौपा ।

# गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत चार लोग जिला बदर

देवरिया(एसएनबी) ।अपर जिला मजिस्ट्रेट-राजस्व/मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बताया है कि जनपद में जिलाधिकारी को प्रेषित पुलिस अधीक्षक की आख्या के आधार पर धारा-3/4 उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 के अंतर्गत कार्यवाही की गयी जिसके परिप्रेक्ष्य में अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू-राजस्व) / मुख्य राजस्व अधिकारी देवरिया के न्यायालय से 04 लोगों को माह-सितम्बर 2023 में 06 माह के लिए जिला बदर किया गया है और संबंधित थानाध्यक्ष को आदेश का तामीला कराने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला बदर किए गए लोग क्षेत्र में अशांति का कारण है, जिनका जिले में रहना शान्ति और आम जन के दृष्टिकोण से उचित नही है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड न0-13 बरियारपुर खास के निवासी रामपाल गिरी पुत्र हरिवंश गिरी तथा शंभू गिरी, हरिवंश गिरी एवं पुष्कर गिरी पुत्र रामबेलास गिरी को आपराधिक कृत्य हेतु 06 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

# वर्कशॉप मैनेजर के तीन हत्यारोपी दबोचे गए

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनपुरा तिवारी टोला निवासी अजय कुमार के तीन और हत्यारोपी को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही जेल भेज दिया था।

तिवारी टोला निवासी अजय की रंजिश के चलते गांव के ही सात लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दिया था। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता उपेंद्र की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या और एससी एसटी का केस दर्ज किया था। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार राय, उपनिरीक्षक रामअवध राम व शैलेश, आरक्षी नागेंद्र यादव व नरसिंह यादव ने हिरंदापुर से मामले के तीन आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने वीरेंद्र यादव, अमन यादव व इंद्रजीत यादव निवासीगण विशुनपुरा को कोर्ट भेजा।

# जिला कारागार का सचिव ने किया निरीक्षण

देवरिया(एसएनबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया अशोक कुमार दूबे द्वारा जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधीक्षक द्वारा बताया गया की इस समय जिला कारागार, देवरिया में कुल 1906 बंदी निरुद्ध है जिसमे से जनपद देवरिया के कुल 797 महिला व पुरुष है तथा 1109 जनपद कुशीनगर के महिला व पुरुष है। न्यायाधीश के द्वारा कारागार के अन्नपूर्णा पाकशाला का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय अरहर की दाल पक रही थी, चावल बन कर तैयार थे, रोटी सेकी जा रही थी, आलू तथा भिंडी की सब्जी बन रही थी। उक्त के क्रम में कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया जिसमे 03 बंदी भर्ती पाए गए कामेश्वर यादव, दीपक पासवान तथा विनोद यादव जिनका इलाज चल रहा था। जेल में निरूद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया। एक बंदी जियाउल्ल शेख उर्फ बुलाल निवासी हरफोड़ा थाना बघौचघाट द्वारा बंद था जिसका उम्र 18 साल से कम प्रतीत हो रहा था उक्त मामले को संज्ञान में लिया गया। दूसरे बंदी जो उम्र में कम प्रतीत हो रहा था अभय मद्धेशिया जो कोतवाली पडरौना से संबंधित उसको सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर को सूचना देने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात जिला कारागार के पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया जिसमे बंदियों के पढ़ने हेतु पुस्तक उपलब्ध पाए गए। न्यायाधीश द्वारा उपस्थित बंदियों से कहां गया कि जिन बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता या जिन बंदियों का बेल सक्षम न्यायालय से हो चुका है लेकिन जमानतदार के अभाव में जेल में निरुद्ध है, या कोई भी विधिक सहायता हेतु वह अपने जेल अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया को एक प्रार्थना पत्र के माध्यम सूचित कर सकते है। न्यायाधीश द्वारा नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा, मानक के अनुसार भोजन हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, उप कारापाल शिवनाथ पांडेय, डाक्टर मोहम्मद आरिफ, डिप्टी जेलर वंदना , मोतीलाल वर्मा व सुरक्षा कर्मी व अन्य उपस्थित रहें।

# उद्यमिता की तरफ भी नौजवानों को आगे बढ़ना चाहिए : अखिल कुमार

देवरिया(एसएनबी)। बुधवार को जिले के ग्राम बरपार स्थित जागृति उद्यम केंद्र पूर्वांचल के बरगद सभागार में पुलिस पब्लिक संवाद और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर गोरखपुर रेंज के एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि इस देश के नौजवान इंटर करने के बाद नौकरी करना चाहते हैं, यह बूरा नहीं है लेकिन उन्हें उद्यमिता की तरफ भी आगे बढ़ना चाहिए। केंद्र सरकार के कई प्रयास इस दिशा में चल रहे हैं, स्किल इंडिया और मुद्रा स्कीम इसके बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के माध्यम से प्रदेश मे 32 हजार करोड़ का निवेश लाया। मुख्यमंत्री योगी जी ने पुलिस को वह स्वतंत्रता दी जो कभी किसी ने नहीं दी। माफिया शब्द अब ढूंढने से नहीं मिलता। पहली बार कोई पार्टी कह रही है कि हमें वोट दीजिए हमने कानून व्यवस्था सुधारी है।



गोरखपुर रेंज के एडीजी अखिल कुमार।

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि जागृति उद्यम केंद्र को देखकर और उसके उद्देश्य को जानकार मैं काफी प्रभावित हुआ हूं। पुलिस अधिकारी के तौर पर मैं कहूं तो जब जनता आर्थिक तौर पर मजबूत होती है तब अपराध में भी कमी आती है। देवरिया में बरजे और नाले के अधिक विवाद हैं। यहां बड़े अपराध न के बराबर हैं। घरेलू अपराध अन्य जगहों की तुलना में यहां अधिक दिखती है, ऐसा शायद महिलाओं के आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से है। लेकिन जागृति जिस तरह से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। उससे हमें फायदा होगा और घरेलू हिंसा में भी कमी आएगी। छोटी-छोटी चीजें गांव के स्तर पर खत्म हो जाएं, इसके लिए वहां की आर्थिक स्थिति में सुधार की आवश्यकता है और इससे हम पुलिस वालों का काम भी कम होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जागृति उद्यम केंद्र पूर्वांचल के संस्थापक शशांक मणि ने कहा कि उत्तर-प्रदेश का पुलिस बल पूरे विश्व में सबसे ज्यादा परिश्रमी है। हम अपने घरों में त्यौहार मनाते हैं लेकिन पुलिस उस दिन भी हमारी रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। आज हम पब्लिक और पुलिस के बीच संवाद तब कर रहे हैं जब कोई तनाव की स्थिति नहीं है, समाज में अपराध कम करने के लिए यह जरूरी है। अपराध में कमी तब देखने को मिलेगी जब हमारी माताओं बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, जागृति में हमारा यही प्रथा है।इसके पूर्व केंद्र के संस्थापक शशांक मणि ने अतिथियों व आम जनमानस का स्वागत किया। यह हुए सम्मानित-कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल के आरक्षी चंदन गुप्ता थाना महुआडीह जनपद देवरिया, महिला आरक्षी सुमन सिंह थाना महुआडीह जनपद देवरिया, आरक्षी अजय कुशवाहा थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया और महिला आरक्षी अन्नू सिंह थाना मदनपुर जनपद देवरिया को सम्मानित किया गया। करन त्रिपाठी ने सम्मानित किया कार्यक्रम में विशेष रूप से जागृति उद्यम केंद्र पूर्वांचल की टीम व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी भेजा गया जेल

देवरिया। खुखुंदू पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी भोला यादव पुत्र सुभाषा यादव निवासी मंगराईच को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 4 सितंबर को एक महिला ने आरोप लगाया था कि रात्रि में उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर भोला यादव ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने इस मामले में रेप, पोक्सो एक्ट एवं एससी एसटी एक्ट के तहत भोला यादव के खिलाफ केस दर्ज किया था।

# ससुरालियों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

सलेमपुर। एक महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार ससुरालियों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। नगर के सलाहाबाद वार्ड नम्बर चार निवासी सुषमा वर्मा पत्नी धनन्जय वर्मा ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि वे अपनी बेटी सिद्धि वर्मा के साथ घर पर बैठी थी। उसी समय उनके ससुर गोरख वर्मा घर आते ही बिना किसी मतलब के मेरी बेटी को गन्दी गन्दी गाली देने लगे व डण्डा उठा कर मारने पिटने लगे। पुलिस ने ससुर गोरख वर्मा, देवर सतेन्द्र वर्मा, दीपक वर्मा, सास सुभावती देवी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# महिला को पीटने वाले तीन पर केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के परसिया तारा गांव में मंगलवार की देर शाम एक महिला को कुछ लोगों ने पिटाई कर दिया। जिससे शकुन्तला देवी पत्नी रामदुलारे गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का इलाज परिजनों ने सीएचसी पर कराया। इस मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के रामदेव व राजदेव पुत्रगण कुहा व अमरनाथ पुत्र रामदेव के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# कीटनाशक खाने से युवती की हालत बिगड़ी

लार। कीटनाशक खाने से एक युवती की हालत बिगड़ गई। बुधवार को भाटपाररानी थाना क्षेत्र की कोड़रा गांव निवासी युवती किसी बात से नाराज़ होकर कीटनाशक दवा खा ली। जिससे उसकी तबियत बिगड़ने लगी। परिजनों को जानकारी हुई तो आनन फानन में युवती को सीएचसी लार लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देख युवती को जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया।

# हापुड़ की घटना को लेकर रजिस्ट्री ऑफिस बंद करा किया प्रदर्शन

## अधिवक्ताओं ने हापुड़ लाठीचार्ज के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

### आक्रोश

- अधिवक्ताओं की हड़ताल से 13वें दिन भी ठप रहा न्यायिक कार्य
- लाठी चार्ज में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजे की मांग



हापुड़ की घटना के विरोध बुधवार को भाटपाररानी में रजिस्ट्री आफिस में तालाबंदी कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। बुधवार को जिले भर के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार धरना, प्रदर्शन किया। दीवानी के अधिवक्ताओं 13 वें दिन हड़ताल कर परिसर में प्रदर्शन करने के बांद प्रशासन को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर हापुड़ के डीएम, एसपी का तबादल तथा लाठी चार्ज के दोषियों पर कार्यवाही की मांग की। वहीं भाटपाररानी तहसील में अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री ऑफिस को बंद कर प्रदर्शन किया।

बुधवार को डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हापुड़ में वकीलों पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज करने वालों पर कार्यवाहीं नहीं करने के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रह प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन देकर हापुड़ के डीएम, एसपी को हटाने, लाठी चार्ज के दोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने, प्रदेश भर के अधिवक्ताओं पर दर्ज झूठे मुकदमें को वापस लेने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने तथा हापुड़ में लाठी चार्ज में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शन में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, सचिव अरूण कुमार, पूर्व अध्यक्ष श्रीराम तिवारी, विद्यासागर मिश्र, सिंहासन गिरि, सुभाषचंद्र राव, पूर्व सचिव मनोज कुमार मिश्र, मनोज कुमार राय, अनिल सिंह, संजय सिंह, राजेन्द्र जायसवाल, पुरूषोत्तम गोयल, सुरेन्द्र त्रिपाठी, पंकज पाठक, प्रेमचंद कुशवाहा, मनोज विश्वकर्मा, सतीश मिश्र, अरविंद तिवारी, अमरेंद्र दिवेदी, प्रवीण तिवारी आदि शामिल रहे।

**सभी तहसीलों में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, एसडीएम को दिया ज्ञापन:** सदर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता व मंत्री अभय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने हड़ताल कर परिसर में प्रदर्शन किया। हापुड़ कांड के दोषी अधिकारियों, पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि पखवाड़े भर बाद भी दोषियों पर कोई कार्यवाहीं नहीं करने से अधिवक्ताओं में रोष हैं। इसमें प्रमोद मणि, अजय दूबे, अखिलेश्वर मिश्र, अब्दुल हुसैन, विष्णु प्रकाशश, गिरीश नरायन तिवारी, सत्य प्रकाश, विवेकानंद, अजय श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। भाटपाररानी संवाद अनुसार हापुड़ घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

अधिवक्ता संघ की बैठंक अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई, इसमें हापुड़ में पुलिसिया बर्बरता पर आक्रोश व्यक्त किया गया अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर उपनिबंधक कार्यालय पहुंचे। जहां उप निबंधक कार्यालय को बंद कर प्रदर्शन किया। इसमें प्रदीप गुप्ता, सुनील पांडेय, प्रमोद तिवारी, चंद्रचूर्ण तिवारी, ओमप्रकाश, सुशील ओझा आदि शामिल रहे।

रुद्रपुर संवाद अनुसार हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी को ज्ञापन दिया। वकीलों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने की चेतावनी दी। इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रज विहारी पाण्डेय, महामंत्री शशिभूषण मिश्र, उपाध्यक्ष विनोद कुमार पाठक, बलवन्त कुमार, राजशरण सिंह, रमेश चन्द्र मणि, आनन्द प्रकाश मिश्र, प्रमोद कुमार सिंह, परशुराम मिश्र, परमहंस यादव, राजेश्वरी मिश्र, राजेश कुमार त्रिपाठी, वृजकिशोर सिंह, आनन्द कुमार सिंह, भूपेन्द्र चन्द्र शर्मा, राजेश मणि त्रिपाठी, सत्यप्रकाश सिंह, सुधांशु मौलि ओझा, सत्यपाल यादव, विकास मणि त्रिपाठी, रामेश्वर मणि त्रिपाठी, अनिल यादव, बालेन्दु पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, पंकज शुक्ल, विनय शुक्ल शामिल रहे।

सलेमपुर संवाद अनुसार हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रह प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सीमा पांडेय को दिया। इसमें बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र, ब्रजेश कुमार मिश्र, अरविन्द कुमार तिवारी, ब्रजेश मिश्र, प्रमोद तिवारी, पुनीत कुमार तिवारी, परमानन्द यादव, वेद प्रकाश शाह, शशिभूषण तिवारी, सतेन्द्र तिवारी, रमेश कुमार सिंह, जितेन्द्र मिश्र, विवेक सिंह, देवमोहन तिवारी, चंद्र भूषण तिवारी, अमर नाथ मिश्र, देवेन्द्र दुबे, अजय कुमार सिंह आदि रहे।

# गुण्डा अधिनियम में चार जिला बदर

देवरिया। एडीएम/मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बताया है कि डीएम को प्रेषित एसपी की आख्या के आधार पर गुण्डा नियंत्रण अधिनियम अंतर्गत कार्यवाही की गयी। जिसके एडीएम देवरिया के न्यायालय से 04 लोगों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई है उसमें वार्ड नं-13 बरियारपुर खास के निवासी रामकृपाल गिरी पुत्र हरिवंश गिरी तथा शंभू गिरी, हरिवंश गिरी एवं पुष्कर गिरी पुत्र रामबेलास गिरी शामिल हैं।

# झरही नदी के रास्ते हो रही शराब की तस्करी

जासं, देवरिया: शराब तस्करों ने अपना ट्रेंड बदल दिया है। अब रास्ते से कम, नदी के रास्ते शराब की तस्करी करने पर जोर दे रहे हैं। यह रास्ता तस्करों के लिए सबसे सुगम साबित हो रहा है। अभी तक पुलिस की चौकसी इन रास्तों पर नहीं बढ़ी है।

पड़ोसी प्रांत बिहार में 2016 से ही शराब बिक्री पर रोक है। पहले शराब की तस्करी मेहरौना के रास्ते बड़े पैमाने पर होती थी, लेकिन पुलिस की चौकसी बढ़ी तो तस्करों ने अपना रास्ता बदल दिया और फिर बनकटा के रामपुर बुजुर्ग के रास्ते होने लगी। अब वहां भी पुलिस की चौकसी बढ़ गई है। ऐसे में शराब तस्कर अब अपना ट्रेंड बदल दिए हैं। पहले शराब को बार्डर इलाके में स्टोर किया जा रहा है, इसके बाद शराब की पेटी को छोटे-छोटे वाहनों से बिहार भेजा जा रहा है। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने कहा कि खामपार पुलिस व श्रीरामपुर पुलिस को नदी के रास्तों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। तस्करों पर कार्रवाई भी इन दिनों तेजी से की जा रही है।

# एनआईए ने दो दिन की पूछताछ के बाद राजेश को घर भेजा

देवरिया। लखनऊ में एनआईए ने आजमगढ़ खिरिया बाग व संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेता राजेश आजाद व इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ता कृपा शंकर सिंह से दूसरे दिन मंगलवार को पूछताछ करने के बाद घर भेज दिया। हालांकि उन्हे फिर से पूछताछ करने को 15 सितंबर को लखनऊ तलब किया है।

शहर के उमानगर निवासी राजेश आजाद के घर पर 5 सितंबर की सुबह एनआईए की टीम ने छापेमारी की। करीब 9 घंटे तक उनके घर को टीम खंगाला तथा राजेश व उनकी पत्नी से पूछताछ की। इसके बाद कुछ किताबें, पत्र पत्रिकायें व मोबाइल आदि लेकर चली गयी। टीम ने राजेश को 11 सितंबर को एनआईए के लखनऊ आफिस में बुलाया था। 11 व 12 सितंबर को एनआईए की टीम ने राजेश से पूछताछ की।

इसमें उनके आंदोलन और संगठ से जुड़े अधिकांश सवाल थे। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ खिरिया बाग में किसान एयरपोर्ट के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन एयरपोर्ट विस्तारीकरण के नाम पर 670 एकड़ किसानों की बहू फसली व घनी आबादी की जमीन के खिलाफ आंदोलन चल रहा है। लखनऊ से लौटने के बाद राजेश ने कहा कि किसानों के हक में आवाज उठाने पर खिरिया बाग किसान आंदोलन से जुड़े छात्र नेता, वकील, मानवाधिकार कार्यकर्ता, कवि, लेखक सभी को शक की निगाह से देखा जा रहा है।

# विकसित समाज में कम हो जाता है अपराध का ग्राफ



बुधवार को जागृति उद्यम केंद्र बरपार में दीप प्रज्वलित कर पुलिस पब्लिक संवाद का शुभारंभ करते हुए एडीजी अखिल कुमार।

बैतालपुर(देवरिया) हिन्दुस्तान टीम। आर्थिक रूप से विकसित समाज में अपराध का ग्राफ धीरे-धीरे कम हो जाता है। उद्यमशीलता व स्किल से आर्थिक मजबूती हासिल की जा सकती है। उक्त बातें एडीजी अखिल कुमार ने बुधवार को कहीं। वे ग्राम बरपार स्थित जागृति उद्यम केंद्र के बरगद सभागार में पुलिस पब्लिक संवाद और सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से संवाद करते हुए एडीजी ने उद्यम से क्राइम कण्ट्रोल का फार्मूला समझाया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि हमारी जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है। सपी संकल्प शर्मा ने कहा कि जागृति जिस तरह से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। उससे हमें फायदा होगा और घरेलू हिंसा में भी कमी आएगी। जागृति उद्यम केंद्र

## ये हुए सम्मानित

सम्मानित होने वालों में आरक्षी चंदन गुप्ता थाना महुआडीह जनपद देवरिया, महिला आरक्षी सुमन सिंह थाना महुआडीह जनपद देवरिया, आरक्षी अजय कुशवाहा थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया और महिला आरक्षी अन्नू सिंह थाना मदनपुर शामिल रही।

पूर्वांचल के संस्थापक शशांक मणि ने कहा कि हम अपने घरों में त्यौहार मनाते हैं लेकिन पुलिस पर उस दिन भी हमारी रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम में जागृति परिवार की शशि मणि त्रिपाठी, नरेंद्र तिवारी, रमेश त्रिपाठी, उमेश मल्ल, गिरजेश मणि, राजेश सिंह, मकसूदन मिश्रा, रविकर पटेल (जिलाध्यक्ष अपना दल), पप्पू चौबे, सिंटू यादव, हातिम फौजी, विवेकानंद यादव, पंकज मिश्रा, गजाधर मणि, सर्वेश नाथ त्रिपाठी मौजूद रहे।

# पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा परखी

मेहरौनाघाट। चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह ने बुधवार को क्षेत्र स्थित बैकों की चेकिंग किया। पुलिस ने बैंक में आये लोगों से पूछ ताछ कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया और बिना काम यहा ना बैठेने की लोगों को हिदायत दी। पुलिस ने बैंक कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैंक में संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर पुलिस को सूचना देने की बात कही।



बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार दूबे व अन्य।

# न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार दूबे ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल के अफसरों को कैदियों के भोजन व सेहत के साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। अधीक्षक पीएस शुक्ला ने बताया कि जिला कारागार में कुल 1906 बंदी निरुद्ध है, इसमें जिले के 797 महिला व पुरुष है तथा 1109 कुशीनगर के महिला व पुरुष बंदी है। न्यायाधीश ने पाकशाला का निरीक्षण किया गया।

# हनी ट्रैप : मुख्य आरोपित की एक माह बाद भी नहीं हो सकी गिरफ्तारी

**जासं, देवरिया :** जिले के हनी ट्रैप गिरोह संचालित करने वाला मुख्य आरोपित सुभाष चौहान एक माह बाद भी पुलिस के हाथ से दूर है। पुलिस कई जगहों पर दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। उधर गिरोह में शामिल कुछ अन्य लोगों को भी मुकदमे में शामिल करने के लिए पुलिस साक्ष्य एकत्रित कर रही है। पुलिस की विवेचना रफ्तार पकड़ने के चलते खलबली मची हुई है।

बरहज से हनी ट्रैप गिरोह संचालित होता रहा है। इसका पर्दाफाश तब हुआ, जब बरहज नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता भी इस गिरोह के चंगुल में फंस कर साढ़े छह लाख रुपये गंवा दिए। उन्होंने एक माह पहले बरहज थाने में बैजनाथ, रवि चौहान, सुभाष चौहान को आरोपित बनाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। इसमें सुभाष चौहान को मुख्य आरोपित बताया गया। इस मामले में पुलिस ने अहम रोल निभाने वाली महिला सुनीता यादव पत्नी बैजनाथ निवासी नौका टोला कपरवार थाना बरहज को साक्ष्य मिलने के बाद आरोपित बनाते हुए जेल भेज दिया।

बरहज के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुछ और लोगों के नाम भी सामने आए हैं।

# जुआ के अड्डे पर पुलिस ने की छापेमारी

**जासं, देवरिया :** भाटपाररानी के जसुई में संचालित हो रहे जुआ के अड्डे पर बुधवार की शाम पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस टीम को देखते ही जुआ खेल रहे लोग भागने लगे। पुलिस टीम ने दौड़ाकर तीन को पकड़ लिया, जबकि मौके से चार बाइक भी बरामद की गई। तलाशी के दौरान छह हजार रुपये नकद भी बरामद किया गया है। देर शाम तक इस मामले में मुकदमे की कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

# लूट व मारपीट का मुकदमा दर्ज


**जासं, देवरिया :** रामपुर कारखाना के आनंद नगर चौराहे पर युवक से मारपीट कर हुई लूट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महुआडीह थाना के सहोदर पट्टी के रहने वाले विनोद कुमार शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों से तीन सितंबर को ईंट रखने को लेकर विवाद हो गया। इस मामले में उन्होंने महुआडीह थाने में शिकायत की। इसकी जानकारी आरोपितों को हो गई। जब वह आनंद नगर चौराहे पर पहुंचे तो आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की और 20 हजार रुपये लूट कर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने सहोदरपट्टी की रहने वाली रानी देवी, श्रीराम वर्मा, गोविंद वर्मा, अरविंद वर्मा व शैलेश मद्धेशिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिसकर्मियों को जनता से बेहतर संवाद बनाने की जरूरत : एडीजी

**एसपी बोले-हमें महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना होगा, विश्व की सबसे ज्यादा परिश्रमी हमारी उप्र की पुलिस : शशांक मणि**











# पांच वर्ष से विवाहिता गायब, नहीं हो सका पर्दाफाश

- वर्ष 2018 में लार के सुतावर गांव से गायब हुई थी विवाहिता
- पति समेत चार लोगों के विरुद्ध दर्ज है हत्या का मुकदमा

जासं, लार: क्षेत्र के सुतावर गांव से पांच वर्ष पहले गायब विवाहिता के मामले का पुलिस पर्दाफाश नहीं कर सकी है। हालांकि इस मामले में हाल ही में पति समेत चार लोगों के विरुद्ध हत्या व साक्ष्य छुपाने का पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

पड़ोसी प्रांत बिहार के गुठनी के बसुडाही के रहने वाले उमाशंकर यादव ने पुत्री सीमा की शादी क्षेत्र के सुतावर गांव के अशोक यादव के साथ की थी। 17 अक्टूबर 2018 को संदिग्ध परिस्थिति में सीमा गायब हो गई। उसके बाद से ही पुलिस तलाश कर रही है, लेकिन सीमा के बारे में कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पिता ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दिया, लेकिन मुकदमे की कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके बाद उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर 25 मई 2023 को पुलिस ने पति समेत चार के विरुद्ध हत्या व साक्ष्य छुपाने का मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन अभी तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही साक्ष्य एकत्रित कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राजेश से 15 सितंबर को फिर पूछताछ करेगी एनआइए

जासं, देवरिया: आजमगढ़ में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता राजेश चौहान एनआइए की पूछताछ के बाद बुधवार को घर पहुंचे। हालांकि टीम ने 15 सितंबर को पुनः पूछताछ के लिए लखनऊ तलब किया है। इनके साथ कसया के रहने वाले व अधिवक्ता कृपा शंकर सिंह को भी पुनः टीम ने तलब किया है।

उमानगर मोहल्ले में जनवादी दल के राष्ट्रीय सचिव डा. रामनाथ चौहान के घर पांच सितंबर को एनआइए (नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी) की टीम छापेमारी की। कम्युनिस्ट विचारधारा से जुड़े उनके पुत्र व आजमगढ़ के किसान नेता राजेश चौहान व बहू चंद्रावती देवी से पूछताछ की थी। साथ ही अपने साथ फोन नंबर वाले सात पाकेट डायरी व अन्य सामग्री भी जब्त कर ले गई थी। जोमवार को सुबह 11 बजे लखनऊ के पुलिस मुख्यालय स्थित एनआइए कार्यालय में टीम ने तलब किया। पिता के साथ राजेश एनआइए कार्यालय पहुंच और दोपहर बाद तीन बजे से कमरे में राजेश से टीम ने पूछताछ शुरू की। दो दिनों तक हुई पूछताछ के बाद बुधवार को वह अपने घर पहुंच गए। राजेश ने बताया कि उन्हें तथा कृपाशंकर सिंह को 15 को पुनः बुलाया गया है।

# चहारदीवारी फांद कर कस्तूरबा की दो छात्राएं फरार

**शाम को गणना के दौरान छात्राओं के गायब होने की जानकारी मिलते ही छात्रावास में मच गया हड़कंप**

जासं, देवरिया: रामपुर कारखाना के डायट परिसर स्थित कस्तूरबा की दो छात्राएं चहारदीवारी फांदकर फरार हो गईं। शाम को गणना के दौरान छात्राओं के गायब होने की जानकारी मिलते ही छात्रावास में हड़कंप मच गया। मौके पर सदर एसडीएम, सीओ, नायब तहसीलदार सहित इंस्पेक्टर एवं पुलिसकर्मी पहुंच गए। इसके चलते कस्तूरबा विद्यालय परिसर छावनी बन में तब्दील हो गया। दो घंटे बाद जब छात्राओं के घर पहुंचने की सूचना मिली तो प्रशासन ने राहत भरी सांस ली।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रामपुर कारखाना देवरिया कसया मार्ग स्थित डायट परिसर में संचालित होता है। जिसमें गोरखपुर एक तथा बघौचघाट की एक छात्रा पढ़ती हैं। बुधवार की शाम दोनों छात्राएं विद्यालय परिसर की चहारदीवारी फांदकर फरार हो गईं। देर शाम वार्डन और शिक्षिकाओं ने छात्राओं की गणना की। गणना में दो छात्राओं के गायब होने की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। वार्डन ने तत्काल घटना की सूचना रामपुर कारखाना इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप राय सहित बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी। इसके बाद महकमे में खलबली मच गई। दो छात्राओं के गायब होने की सूचना मिलते ही एसडीएम सदर योगेश कुमार गौड़, नायब तहसीलदार रमेश चंद्र गुप्ता, बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव सहित इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप राय, एसएसआई शैलेश कुमार, हल्का दरोगा राम अवध राम, और शिक्षा विभाग के अधिकारियों समेत दर्जनों पुलिसकर्मी कस्तूरबा विद्यालय पहुंच गए। अधिकारियों ने वार्डन, शिक्षिकाओं और छात्राओं से मामले की जानकारी ली। गायब होने के लगभग दो घंटे बाद छात्राओं के घर पहुंचने की जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। छात्राओं ने शिक्षिकाओं पर बर्तन धुलवाने और भोजन बनवाने का आरोप लगाया है। मामले में विभागीय अधिकारी घटना की जांच में जुटे हुए हैं।

# पांच लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा

**जासं, देवरिया**: लार थाना के रामनगर गांव में आपसी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। गांव की चंदा देवी का कहना है कि रंजिश को लेकर चार दिन पहले विवाद हो गया। यह विवाद बढ़ गया और उनके पति की आरोपितों ने लाठी-डंडे से पिटाई की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने गांव के अजीज, औहिद, अशरफ, युगुन, आरिफ के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# किशोर गायब, पुलिस कर रही तलाश

जासं, सलेमपुर : कोतवाली के जमुआ नंबर दो के रहने वाले गाजी नवाब के 15 वर्षीय बेटा इमरान सोमवार की शाम से गायब है। स्वजन पहले उसकी तलाश किए, पता न चलने के बाद कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस गुमशुदगी का मुकदमा दर्जर कर तलाश कर रही है।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने दिया धरना, आंदोलन की दी चेतावनी

जासं, खुखुंदू: बडौदा यूपी बैंक की शाखाओं को कम करने के फरमान के बाद बैरौना स्थित बड़ौदा यूपी बैंक को सोनूघाट में मर्ज करने के विरोध में बुधवार को बैंक के सामने भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। इसके बाद नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह व क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीभीमा को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही ने कहा कि जनता की सुविधाओं को देखते हुए बैरौना बैंक को दूसरे शाखा में मर्ज न किया गया जाए। अगर ऐसा हुआ तो इसके लिए जन आंदोलन होगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष विनय सिंह, धनंजय सिंह, ख्वांजा मंसूरी, पंचानन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# फरार चल रहे तीन हत्यारोपित गिरफ्तार

## रामपुर कारखाना के विशुनपुरा के तिवारी टोला में पीट-पीटकर हुई थी युवक की हत्या

जासं, रामपुर कारखाना: क्षेत्र के विशुनपुरा के तिवारी टोला में युवक की हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपितों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिए गए। गांव के अजय कुमार देवरिया शहर के पुरवा चौराहा स्थित एक आटो एजेंसी पर मैनेजर थे।

शुक्रवार की रात घर लौटते समय गांव में ही उनकी पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने अगले ही दिन सन्नी व नीरज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि



गिरफ्तार हत्यारोपितों के साथ पुलिस टीम • सौ.पुलिस

फरार चल रहे तीन आरोपित चिंटू उर्फ अमन, वीरेंद्र यादव, इंद्रजीत को हिरिंदापुर मोड़ के समीप से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि पांच आरोपित अभी तक जेल भेजे जा चुके हैं। अन्य आरोपित भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, खुखुंदू: क्षेत्र के एक गांव से किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय मे पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को 28 अगस्त की रात मंगराइच गांव का रहने वाला भोलू यादव अपहरण कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जबकि अगले ही दिन उसे वापस कर दिया। इस मामले मे पुलिस ने चार सितंबर को मुकदमा दर्ज किया था।

# उद्यमिता की तरफ भी आगे बढ़ें नौजवान : अखिल कुमार

## जागृति उद्यम केंद्र बरपार में आयोजित हुआ पुलिस-पब्लिक संवाद सम्मान समारोह

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। विकास खंड बैतालपुर क्षेत्र के ग्राम बरपार स्थित जागृति उद्यम केंद्र पूर्वांचल के बरगद सभागार में बुधवार को पुलिस-पब्लिक संवाद और सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस बल के साथ आम जनमानस ने संवाद किया। उनके कठिन परिश्रम के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एडीजी गोरखपुर रेंज अखिल कुमार ने कहा कि अक्सर देश के नौजवान इंटर करने के बाद नौकरी करना चाहते हैं, यह बुरा नहीं है, लेकिन उन्हें उद्यमिता की तरफ भी आगे बढ़ना चाहिए। केंद्र सरकार के कई प्रयास इस दिशा में चल रहे हैं, स्किल इंडिया और मुद्रा स्किम इसके बेहतरीन



कार्यक्रम को संबोधित करते एडीजी अखिल कुमार। संवाद

उदाहरण हैं। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि जब जनता आर्थिक तौर पर मजबूत होती है तब अपराध में भी कमी आती है।

देवरिया में बरजे और नाले के अधिक विवाद हैं। यहां बड़े अपराध न के बराबर हैं। घरेलू अपराध अन्य जगहों की तुलना अधिक दिखती है, ऐसा शायद महिलाओं के आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह से है। लेकिन जागृति जिस तरह से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। उससे फायदा होगा और घरेलू हिंसा में भी कमी आएगी। जागृति उद्यम केंद्र पूर्वांचल के संस्थापक शशांक मणि ने कहा कि उत्तर-प्रदेश का पुलिस बल पूरे विश्व में सबसे ज्यादा परिश्रमी है। हम अपने घरों में त्योहार मनाते हैं, लेकिन पुलिस उस दिन भी हमारी रक्षा के लिए तत्पर रहती है। पब्लिक और पुलिस के बीच संवाद समाज में अपराध कम करने के लिए जरूरी है।

### ये हुए सम्मानित

कार्यक्रम में पुलिस के आरक्षी चंदन गुप्ता थाना महुआडीह, महिला आरक्षी सुमन सिंह थाना महुआडीह, आरक्षी अजय कुशवाहा थाना रामपुर कारखाना और महिला आरक्षी अन्नू सिंह थाना मदनपुर को सम्मानित किया गया।

# न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दुबे ने बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तीन बंदी भर्ती पाए गए। जेल में निरुद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना। एक बंदी की उम्र 18 साल से कम प्रतीत हो रही थी। उसको सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर को सूचना देने के लिए अधीक्षक को निर्देशित किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि जिन बंदियों का बेल सक्षम न्यायालय से हो चुका है लेकिन जमानतदार के अभाव में निरुद्ध हैं वह विधिक सहायता के लिए जेल अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को एक प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। उनकी मदद की जाएगी। संवाद

# खनन विभाग ने मारा छापा, ट्रक छोड़ भागे चालक

सलेमपुर। खनन विभाग की टीम ने बुधवार को ओवर लोड ट्रकों की जांच की। इस दौरान बिहार की तरफ से टैक्स की चोरी कर ओवर लोड मौरंग लेकर आ रहे एक ट्रक को सीज़ कर ऑनलाइन चालान कर दिया। इस कार्रवाई की जानकारी होते ही अन्य चालक ट्रकों को जहां तहां खड़ा कर भाग निकले। शाम तक चली कार्रवाई के बाद चालकों में हड़कंप मचा रहा। खनन विभाग के लगातार छापे के बाद भी बिहार के तरफ से टैक्स की चोरी कर मौरंग लदे ट्रकों के यूपी में आने का सिलसिला नहीं थम रहा है। प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में बिहार से ट्रक आ रहे हैं। जिससे राजस्व का प्रतिदिन लाखों का नुकसान हो रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए खनन विभाग की टीम ने जिला खनन अधिकारी जेके शर्मा के निर्देश पर मेहरौना बॉर्डर पहुंची। इसी बीच बिहार के तरफ से सीमा के रास्ते 12 से अधिक ट्रक दिखाई दिए। टीम मे रोकने का इशारा किया तो चालक रफ्तार बढ़ा भागने लगा। पीछा करते हुए टीम ने उकीना ढाबा के समीप ओवर टेक कर पकड़ लिया। संवाद

# अधिवक्ताओं ने भरी हुंकार, मांग पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल

## धरना-प्रदर्शन कर कलक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर पांच सूत्री मांगों को लेकर 30 अगस्त से अधिवक्ता आंदोलित हैं। बुधवार को अधिवक्ता संगठनों के बैनर तले अधिवक्ताओं ने दीवानी कचहरी से प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और न्यायिक कार्य ठप कर दिया। अधिवक्ताओं की हड़ताल से दीवानी और कलेक्ट्रेट परिसर में न्याय के लिए कचहरी आए वादकारियों को बैरंग लौटना पड़ा।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश मिश्रा दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं में दीवानी कचहरी में बैठक का प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया। अधिवक्ताओं की मांग है कि हापुड़ कांड में दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाए, अधिवक्ताओं को मुआवजा दिया जाए, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए, अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज मुकदमा समाप्त किया जाए। अधिवक्ताओं ने दोपहर बाद दीवानी कचहरी में धरना भी दिया जो 4:00 बजे तक चला। इस दौरान मंत्री अरुण कुमार उपाध्याय ज्ञानेश्वर उर्फ प्रीतमं मिश्रा, बृज बांके तिवारी, संजय मिश्रा, सिंहासन गिरि, सुभाष चंद्र राव आदि मौजूद रहे।

उधर, हापुड़ प्रकरण को लेकर तहसील बार एसोसिएशन ने तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। शासन से दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, मंत्री अभय कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद मणि त्रिपाठी, अजय दुबे, अखिलेश्वर मिश्र आदि मौजूद रहे।

भाटपाररानी में अधिवक्ता न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए हापुड़ पुलिस पर कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री धनंजय प्रताप मौर्य, चंद्रशेखर सिंह, रामप्रवेश उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

सलेमपुर में अधिवक्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन किया। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन एसडीएम सीमा पांडेय को सौंपा। इस दौरान मंत्री जितेंद्र कुमार मिश्र, संदीप यादव, प्रमोद तिवारी, बृजेश मिश्र, उमेश चंद्र शुक्ल आदि मौजूद रहे।



भाटपार रानी तहसील परिसर में वकीलों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। संवाद

## हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी

रुद्रपुर। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर बुधवार को भी बार संघ का आंदोलन जारी रहा। वकीलों ने एसडीएम को पत्रक देकर प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर दर्ज केस पुलिस को वापस करने की मांग की। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने को कहा। बार संघ के अध्यक्ष ब्रज बिहारी पांडेय के नेतृत्व में आंदोलित अधिवक्ताओं ने कहा कि यूपी में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लगाए जाने की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हो रही। यूपी के आंदोलित अधिवक्ता हापुड़ के डीएम और एसपी को हटाए जाने की लगातार मांग कर रहे है। हापुड़ के लाठीचार्ज में घायल वकीलों को सरकार तत्काल आर्थिक मुआवजा दे, जिससे उनका उपचार ठीक ढंग से हो सके। पत्रक देने वालों में आनंद सिंह, रामेश्वर मणि, शशिभूषण मिश्र, बलवंत कुमार, राजशरण आदि मौजूद रहे। संवाद

# शंकर पांडेय हत्याकांड के मुख्य आरोपी की तलाश में गाजियाबाद व प्रयागराज में छापे

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। मईल थाना क्षेत्र के इसारू गांव निवासी शंकर पांडेय की हत्या की वजह तो पुलिस को पता चल गई है। पर मुख्य आरोपी को पुलिस अभी तक पकड़ नहीं पाई है। आरोपी की तलाश में पुलिस ने प्रदेश व बिहार के कुछ संभावित ठिकानों पर छापा मारा है। बुधवार को टीम ने दो शहरों गाजियाबाद व प्रयागराज में छापे की कार्रवाई की है। घटना के छह दिन बाद भी मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

इसारू गांव निवासी व गोरखपुर के एक विद्यालय में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में तैनात शंकर पांडेय शुक्रवार की शाम संजय यादव के बुलाने पर भागलपुर गए थे। वापस नहीं लौटने पर पत्नी शिवानी पांडेय ने पति की हत्या का आरोप लगा थाने में नामजद तहरीर दी।

पुलिस ने घटना में शामिल शिवम यादव को छापा मारकर दबोच लिया है। जबकि मुख्य आरोपी संजय यादव उर्फ टाटा घटना को अंजाम देने के बाद रात में ही फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका।

## छह दिन बाद भी मुख्य हत्यारोपी तक नहीं पहुंच पाई पुलिस

सोमवार की रात में छह से अधिक गांवों में छापामारी हुई। सूत्रों के अनुसार पुलिस के आने की भनक लगते ही वह भाग निकला। मंगलवार की रात उसके मोबाइल का लोकेशन प्रयागराज और गाजियाबाद में मिली है। गिरफ्तारी के लिए गठित चार टीमें वहां पहुंच उसकी तलाश में डेरा डाली हुई हैं।

वहीं छह दिन बाद भी मुख्य हत्यारोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। एसओ मईल ने बताया कि मुख्य आरोपी का लोकेशन मिला है। उसे गिरफ्तार करने के लिए चार टीमें गठित की गई हैं। बुधवार को दो शहरों में उसकी तलाश में छापे मारे गए। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ड्राइवर का काम करता है संजय उर्फ टाटा

हत्या का मुख्य आरोपी संजय ड्राइवर का काम करता है। वह घर पर ही रहता था। किसी के बुलाने पर चारपहिया वाहन चलाकर कहीं आता जाता था। सब उस पर विश्वास करते थे। जब हत्या में मुख्य आरोपी होने की लोगों को जानकारी मिली तो सभी लोग सन्न रह गए।

**घटना की तह तक पहुंच चुकी है पुलिस:** शंकर पांडेय की हत्या, क्यों और किस लिए हुई, इसकी तह तक पुलिस पहुंच चुकी है। पुलिस घटना से जुड़ी एक-एक जानकारी जुटा रही है। वहीं थाना क्षेत्र के कई लोगों का मोबाइल सर्विलांस पर लगा कर काल डिटेल निकाल रही है। हालांकि पुलिस अभी कुछ कहने से इन्कार कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक संजय के गिरफ्तार होने के बाद घटना का खुलासा कर दिया जाएगा

# कस्तूरबा विद्यालय की दो छात्राएं चहारदीवारी फांदकर भागीं

## देवरिया का मामला : विद्यालय में बर्तन धुलवाने और खाना बनवाने से थीं नाराज

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। खाना बनवाने और बर्तन साफ कराने से नाराज रामपुर कारखाना स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की दो छात्राएं बुधवार की शाम को चहारदीवारी फांदकर फरार हो गईं। छात्राओं के गायब होने की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस बल के साथ एसडीएम पहुंच गए। करीब दो घंटे बाद छात्राओं के घर पहुंचने की जानकारी मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देवरिया-कसया मार्ग स्थित डायट परिसर में संचालित होता है। बघौचघाट क्षेत्र के एक गांव की दो छात्राएं आवासीय विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ती हैं। बुधवार की शाम दोनों छात्राएं विद्यालय परिसर की चहारदीवारी फांदकर फरार हो गईं। देर शाम वार्डन और शिक्षिकाओं ने छात्राओं की गणना की। गणना में दो छात्राएं गायब मिलीं।

### दो घंटे बाद पहुंची घर, छात्राओं ने उत्पीड़न का आरोप लगाया

वार्डन ने तत्काल मामले की सूचना रामपुर कारखाना इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप राय और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी। आधे घंटे में ही एसडीएम सदर योगेश कुमार गौड़, शिक्षा विभाग के अधिकारी और पुलिसकर्मी कस्तूरबा विद्यालय पहुंच गए। अधिकारियों ने वार्डन, शिक्षिकाओं और छात्राओं से मामले की जानकारी ली।

छात्राओं का आरोप है कि शिक्षिका बर्तन धुलवाने व भोजन बनवाती हैं। इससे पढ़ाई बाधित होती है। पूछताछ चल रही थी तभी छात्राओं के घर पहुंचने की सूचना मिली। परिजनों के मुताबिक काम कराने से व्यथित होकर छात्राओं ने विद्यालय से घर आना मुनासिब समझा है।

# वर्कशॉप मैनेजर के तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के विशुनपुरा तिवारी टोला निवासी अजय कुमार की हत्या में शामिल तीन और हत्यारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस दो आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। तिवारी टोला निवासी अजय कुमार की रंजिश के चलते गांव के सात लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता उपेंद्र कुमार की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या और एससी एसटी का केस दर्ज किया था। बुधवार को सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। संवाद

# चौरीचौरा और हाटा के मैदानों में हो रहा तेल चोरी का खेल...

## कमांडेंट छपिया की जांच में स्थानीय पुलिस के क्षेत्र में चोरी की रिपोर्ट, आरपीएफ को क्लीन चिट

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। तेल माफिया फिर एक बार आरपीएफ की नजर से बच गए। तीन दिनों तक चली जांच में आरपीएफ के आला अफसरों ने पल्ला झाड़ते हुए गेंद स्थानीय पुलिस के पाले में डाल दी है। आरपीएफ की जांच में यह सामने आया है कि गोरखपुर के चौरीचौरा और हाटा कोतवाली क्षेत्र तक टैंकर पहुंचाकर तेल की चोरी की जा रही है। वहीं, स्थानीय पुलिस आरपीएफ के क्षेत्र में तेल चोरी की बात करती रही है। आरपीएफ और पुलिस के इस विवाद का फायदा तेल माफिया उठा रहे हैं और धड़ल्ले से तेल चोरी का धंधा चल रहा है।

बैतालपुर तेल डिपो से तेल चोरी का खुलासा पिछले दिनों गोरखपुर में हुआ था। सूत्रों के अनुसार हर रोज डिपो से 50 से 60 हजार लीटर तेल माफिया चोरी कर रहे हैं। हर माह करीब छह से सात करोड़ रुपये का धंधा करने वाले माफिया ने इस समय अपना ठिकाना बदल दिया है।

### आरपीएफ और पुलिस के विवाद का तेल माफिया उठा रहे फायदा

अब गोरखपुर के चौरीचौरा और हाटा कोतवाली क्षेत्र तक टैंकर पहुंचाकर तेल की चोरी की जा रही है। तेल चोरी का खेल सामने आने पर आरपीएफ कमांडेंट छपरा ने जांच बैठा दी थी। सहायक कमांडेंट मुकेश परमार ने इसकी जांच की। उन्होंने तीन दिनों तक बैतालपुर तेल डिपो के आस-पास जाकर निरीक्षण किया। जांच रिपोर्ट के मुताबिक आरपीएफ के क्षेत्र से तेल चोरी नहीं हो रही है। रेलवे यार्ड से तेल वैगन सुरक्षित तरीके से डिपो में जा रहा है।


बैतालपुर डिपो से हर माह हो रहा छह करोड़ के तेल का खेल

बैतालपुर डिपो से तेल चोरी पर बैठाई गई जांच, सकते में माफिया

अमर उजाला में प्रकाशित खबरें।

यहां से निकलने के बाद टैंकर चालक और तेल माफिया की साठगांठ से सड़क किनारे बने बड़े-बड़े हातों में खेल किया जा रहा है। जिस जगह पर तेल का खेल हो रहा है वह क्षेत्र चौरीचौरा, हाटा कोतवाली, गौरीबाजार, महुआडीह थाना क्षेत्र में पड़ता है। इसके कारण जांच में आरपीएफ को क्लीन चिट मिल गई है। जबकि, दूसरी तरफ पूरे खेल पर नजर दौड़ाई जाए तो तेल का वैगन आते ही आसपास के मौजूद तेल चोर प्लानिंग के तहत वैगन के पास पहुंच जाते हैं और तेल चोरी करते हैं।

यह सब खेल सबकी मिलीभगत से ही हो रहा है। गौरी बाजार एसओ राजू सिंह ने बताया कि पुलिस गश्त करती है। तेल चोरी की शिकायत अगर कहीं मिलती है तो छापा मारकर कार्रवाई की जाएगी। जबकि आरपीएफ के सहायक आयुक्त ने बताया कि आरपीएफ के क्षेत्र में तेल चोरी का मामला नहीं है। इसकी पूरी जांच पड़ताल की गई है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2023

# छह मोबाइल के साथ 3 दबोचे गए

कुशीनगर। कसया पुलिस ने बुधवार को पकडियहवा तिराहे के पास से तीन संदिग्धों को पकड़ कर चेकिंग की तो उनके पास से चोरी के छह मोबाइल बरामद हुए। पकड़े गए मनबढ़ों की पहचान भैंसहा राजा टोला थाना कसया निवासी सलाउद्दीन, अंकुर यादव व शैफ अली के रूप में हुई है। तीनों पर केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाले टीम में चौकी प्रभारी कसया विवेक कुमार पाण्डेय, हवलदार साहिल यादव, सिपाही रवि प्रकाश सिंह व सोनू यादव शामिल रहे।

# अनैतिक देह व्यापार मामले में 25 गिरफ्तार

कसया। उप जिला मजिस्ट्रेट कसया योगेश्वर सिंह व क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिह के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर कुशीनगर के गेस्ट हाउसों व तीन मकानों से अनैतिक कारोबार में लिप्त 10 पुरुष व 15 महिलाओं को गिरफ्तार किया था। सभी 25 आरोपियों के खिलाफ कसया थाने में अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। इसके बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

# चौबीस घण्टे में चोर को दबोचा, बाइक बरामद

पडरौना, निज संवाददाता। पडरौना कोतवाली पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर बाइक चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर को दबोच लिया है।

हाटा कोतवाली क्षेत्र की एक महिला सिधुआ बाजार एक रिश्तेदार के घर बाइक से आयी थी। मंगलवार की सुबह उसकी बाइक सिधुआ बाजार से चोरी हो गई। महिला ने इसकी जानकारी पडरौना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पडरौना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में जुट गई। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ शातिर वाहन चोर सुनील निवासी सेमरिया बाजार थाना हनुमानगंज को हनुमानगंज से गिरफ्तार कर लिया। टीम में कोतवाल राज प्रकाश सिंह, दरोगा राजेश विश्वकर्मा, जिलाजीत सिंह, सिपाही रितेश कुमार राय व तुषार यादव शामिल रहे।

# अवैध असलहा के साथ युवक की फोटो प्रसारित

**जासं, क्रांति चौराहा:** नेबुआ नौरंगिया इलाके में अवैध असलहा के साथ युवक की फोटो बुधवार रात को प्रसारित हो गई। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस सक्रिय हो गई। फोटो के आधार पर युवक की पहचान रायपुर भैंसही के रहने वाले के रूप में हुई। एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जांच की जा रही है।

# कुशीनगर में चाकू गोदकर सौतेली मां को मार डाला

**मथौली बाजार (कुशीनगर), हिसं।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकटिया के गडेरी पट्टी में बुधवार की देर शाम नशे में धुत युवक ने सौतेली मां को चाकू गोदकर मार डाला। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम पंचायत सिकटिया के टोला गडेरीपट्टी निवासी श्रीकांत प्रसाद की दो शादियां हैं। पहली पत्नी से बेटा दीपलाल (25) है। पहली पत्नी की मौत के बाद श्रीकांत ने उसकी छोटी बहन से शादी कर ली। श्रीकांत की 40 वर्षीय पत्नी मंजू देवी की तीन बेटियां हैं। परिजनों ने बताया दीपलाल नशे का आदी है। बुधवार की देर शाम



मंजू देवी (फाइल फोटो)

वह नशे में घर आया। किसी बात पर सौतेली मां से कहासुनी और मारपीट हो गई। वह कहीं से चाकू लेकर आया और मां पर कई वार कर दिया। मंजू लहूलुहान होकर गिर पड़ी। परिजनों ने उसे सीएचसी हाटा पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रतिबंधित पशु का मांस काटने वालों को दौड़ाया

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम धनौजी अबादकारी में मंगलवार की रात प्रतिबंधित पशु को काटकर उसका मांस बोरे में भरकर ले जा रहे लोगों को ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। ग्रामीणों से बचने को तीनों ने मांस से भरा बोरा छोड़ दिया और फरार हो गए।

ग्रामीणों रात में पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। मांस भरा बोरा सौंप कर कार्रवाई की मांग की। बुधवार को इस मामले में पुलिस ने गांव के ही तीन मनबढ़ों पर पशु क्रूरता व गोवध अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। खड्डा क्षेत्र के ग्राम धनौजी अबादकारी में मंगलवार की रात करीब 10 बजे गांव के ही कुछ मनबढ़ों ने प्रतिबंधित की हत्या कर दी। उसका मांस काट कर बोरे में रख उसे बेचने ले जा रहे थे। इसकी भनक गांव के ही उदयभान कुशवाहा को लग गयी। वह गांव के लोगों के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख पशु बोरा लेकर तीनों मनबढ़ भागने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें दौड़ा लिया।

पटहेरवा क्षेत्र के कुचिया मठिया गांव का मामला, शिकायत के बाद भी विभाग ने नहीं बदले थे जर्जर तार

# करंट से युवक की मौत, एसडीओ का घेराव

**दुखद**

**फाजिलनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के कुचिया मठिया गांव में टूटे तार में करंट प्रवाहित हो रहा था। इस तार की करंट से एक युवक की मौत हो गयी। घटना के बाद बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने फाजिलनगर के एसडीओ विद्युत का घेराव किया। ग्रामीणों की सूचना के बाद भी टूटे तार में करंट प्रवाहित करने के दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। एसडीओ ने परिजनों की हरसंभव मदद व लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई का भरोसा देकर किसी तरह ग्रामीणों को शांत किया।

- एसडीओ फाजिलनगर ने परिजनों की हर संभव मदद का दिया भरोसा
- तार टूटने के बाद भी बिजली चालू रखने का आरोप कार्रवाई का दिया भरोसा







अब्दुल हसन (फाइल फोटो)। पटरेहवा के कुचिया मठिया गांव में युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन( बाएं)। ग्रामीणों ने फाजिलनगर के एसडीओ का घेराव किया।

बुधवार की सुबह गांव की एलटी लाइन का तार पोल से टूटकर जमीन पर गिर गया था। गांव निवासी अब्दुल हसन (25) पुत्र अर्जुल्लाह किसी कार्य से पैदल उधर से जा रहा था कि अचानक उसका पैर तार में सट गया और वह वहीं गिर गया। बाद में गांव के लोगों की उस पर नजर पड़ी तो किसी तरह वहां से उठाकर ग्रामीणों ने उसे सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था वहीं उसकी पत्नी बार बार बेहोश हो जा रही थी। ग्रामीणों का आरोप है कि तार टूटने की सूचना बिजली विभाग के जिम्मदारों को पहले ही दे दी गयी थी लेकिन वहां से जानबूझकर लाइन नहीं काटी गयी। इसी के चलते एक युवक की जान चली गयी। ग्रमीणों का यह भी आरोप है कि पूरे गांव का तार जर्जर हो गया है। आये दिन कहीं न कहीं गांव में तार टूटकर गिरता रहता है। इसकी शिकायत कई बार की गयी है लेकिन तार नहीं बदला जा सका। ग्रमीणों ने एसडीओ विद्युत डीएन मिश्रा का घेराव कर लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। जिसपर उन्होंने उचित कार्रवाई करने व मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस सम्बंध में पटहेरवा थाने की फाजिलनगर चौकी के प्रभारी सभाजीत सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

> ग्रामीणों की शिकायत की जांच करायी जा रही है। लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई करायी जाएगी। परिजनों को इस मामले में सरकार की ओर से साढ़े सात लाख की अहेतुक सहायता राशि दिलवाने के लिए पत्र लिखा जाएगा। इस संकट में बिजली विभाग पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है।
> डीएन मिश्र, एसडीओ विद्युत फाजिलनगर

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

## हत्या का आरोप

- तरयासुजान थाना क्षेत्र के जमसड़ा का मामला
- दस माह पूर्व हुई थी दोनों की शादी

सिसवा नाहर, हिन्दुस्तान संवाद। तरयासुजान थाना क्षेत्र के गांव जमसड़ा में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

पुलिस को दिये बयान में सनम खातून (19) के पति शकिल अंसारी उर्फ मुन्ना पुत्र जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि रात में सब कुछ ठीक ठाक था। मैं भोजन करने के बाद तरयासुजान डोल मेला देखने चला गया। लौट कर करीब दो बजे पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद था। संदेह होने पर किसी तरह दरवाजा खोला गया तो पत्नी का शव पंखे से फंदे में लटकता पाया। शव को नीचे उतारा। घटना कि सूचना किसी ने तरयासुजान पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों की लव मैरेज 10 माह पूर्व हुई थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष तरयासुजान अमित शर्मा ने बताया मामला संदिग्ध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही परिस्थितियां साफ हो सकेगी। मृतका की मां नूरसबा ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# विवेचना के दौरान घटना के हर पहलू की बारीकी से करें छानबीन : एसपी

## किसी भी स्तर पर चूक या लापरवाही की न रहे संभावना

**जागरण संवाददाता पडरौना** : एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि विवेचना में शिथिलता अपराध को बढ़ावा देने के समान है। घटना होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही गुणात्मक आधार पर अविलंब आवश्यक साक्ष्य व तथ्य संकलित करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके लिए घटना के हर पहलू की बारीकी से छानबीन आवश्यक है, ताकि किसी भी स्तर पर चूक या लापरवाही की संभावना न रहे। चूक अपराधी के बचाव में सहायक होती है।

वे अपने कार्यालय में बुधवार को कोतवाली पडरौना, हाटा, कसया व सेवरही के विवेचकों को संबोधित कर रहे थे। एसपी ने कहा कि लंबित विवेचनाओं को लेकर विवेचक तत्परता बरतें। निर्धारित तीन महीने से अधिक समय से लंबित विवेचनाएं हर हाल में जल्द से जल्द निस्तारित की जाएं। विवेचना में आरोपितों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाएं, जिससे कि अपराधी बचने न पाएं। तथ्यों की कमी से अपराधी आसानी से छूट जाते हैं, जिससे पुलिस की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कानून व्यवस्था पर भी इसका असर पड़ता है। कहा कि वादी द्वारा दी गई जानकारी को प्रमुखता दें। विवेचना के बारे में भी वादी से चर्चा करें। इनकी संतुष्टि आवश्यक है। एसपी ने आइजीआरएस, जन शिकायत तथा महिला हेल्प डेस्क पर आए प्रार्थना-पत्रों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। विवेचना में लापरवाही बरतने वालों को हिदायत भी दी।



पडरौना कोतवाली,कसया व सेवरही थाना के विवेचनाओं की समीक्षा करने के बाद विवेचकों को निर्देश देते एसपी धवल जायसवाल ( दाएं ) ● जागरण

### सीसी कैमरा लगवाने को लेकर लोगों को करें जागरूक : एएसपी

**जासं, पडरौना** : थानों में तैनात दारोगा व हेड मोहर्रिरों की बैठक बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में हुई। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने दायित्वों के प्रति सजगता बरतने तथा सीसी कैमरा लगवाने के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। कहा कि कैमरे बेहद मददगार साबित हो रहे। अपराध होने पर बदमाशों की पहचान में इससे काफी मदद मिल रही। नकाबपोश बदमाशों की कद-काठी के बारे में जानकारी मिल रही। कहा कि मुकदमे से संबंधित माल अनावश्यक रूप से थानों में पड़ा रहता है। इससे परिसर में गंदगी रहती है। समय-समय पर इनका निस्तारण किया जाए। लोग मोबाइल, पर्स आदि खो जाने की शिकायत लेकर थाने आते हैं तो उन्हें बेवजह परेशान किया जाता है। ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित हेड मुहर्रिर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की बाइक पुलिस ने 24 घंटे में की बरामद

पडरौना: कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ चोर को सेमरिया बाजार से बुधवार को गिरफ्तार किया। बरामद बाइक मंगलवार शाम को सिधुआ बाजार से चोरी हुई थी। 24 घंटे के भीतर पुलिस ने बाइक बरामद कर वाहन स्वामी को सौंप दिया। चोर की पहचान सेमरिया बाजार के ही सुनील के रूप में हुई। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**अस्पताल के सामने से वाइक चोरी :** खड्डा: कस्बा के एक निजी अस्पताल के सामने से बाइक चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित ने बुधवार को तहरीर देकर इसकी जानकारी दी। घटना बीते सोमवार की है। बाइक चोरी की घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई है।

क्षेत्र के ही रामपुर भांट निवासी नुरूल अंसारी घटना वाले दिन रिश्तेदार का उपचार कराने कस्वा स्थित एक निजी अस्पताल आए थे। डाक्टर से मिलकर जब वह बाहर आया तो सामने खड़ी बाइक गायब मिली। आसपास पता करने के बाद भी बाइक का कुछ पता नहीं चला। एसएचओ आशुतोष सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

**दो दुकानों में चोरी :** रामकोला: उप नगर के वार्ड संख्या 20 में बीती रात गुमटी की दो दुकानों में चोरी की घटना सामने आई है। वार्ड के ही रवि गुप्ता व राजू चौरसिया सिनेमा हाल के सामने गुमटी में पान की दुकान चलाते हैं। मंगलवार की रात नौ बजे दुकान बंद कर वे घर चले गए। सुबह दुकान पर पहुंचे तो ताला टूटा देख हैरान रह गए। थाने पहुंच तहरीर दी। एसएचओ एके सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# देह व्यापार में पकड़े गए 25 युवक-युवतियां गए जेल

जासं, कसयाः कसया में चल रहे संगठित देह व्यापार का एसडीएम योगेश्वर सिंह व सीओ कुंदन सिंह ने थाना परिसर में बुधवार को संयुक्त प्रेसवार्ता कर मामले के पर्दाफाश की जानकारी दी। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई कर मंगलवार को इस धंधे में पकड़े गए युवक-युवतियों को न्यायालय ले जाया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि काफी दिन से शिकायत मिल रही थी कि कुछ घर और होटलों में संगठित देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। इस पर पुलिस और प्रशासनिक टीम बनाकर छापेमारी की गई तो कसया में जैन बिल्डिंग के पास नूरजहां के मकान, सपहां रोड पर एसबीआइ बैंक के सामने पूजा शर्मा के मकान, पुराना थाना के बगल में आयशा की मकान एवं कुशीनगर में पारस गुप्ता सहित चार मकानों में देह का व्यापार का धंधा पकड़ा गया। यहां दस युवक व 15 युवतियां आपत्तिजनक सामग्री के साथ मिलीं। कसया-कुशीनगर मार्ग पर रिद्धि सिद्धी होटल का कागजात सही नहीं मिलने पर उसे सील कर दिया गया। पकड़ी गई लड़कियों एवं महिलाओं का नाम व पता उजागर न करते हुए बताया कि युवतियां कुशीनगर, देवरिया, बिहार के गोपालगंज व पश्चिम चंपारण के बगहा की हैं। ग्राहकों के लिए उनको बुलाया गया था। पकड़े गए युवकों में देवरिया के तरकुलवा के बरवा सेमरा का कन्हैया सिंह, रामकोला के कठिनहिया का अरुण गोविंद राव, कसया के जुड़वनिया का सचिन तिवारी, तुर्कपट्टी का दीपक यादव, कुशीनगर के कसया का दीपक जायसवाल, कसया के एकडेरवा का शैलेंद्र उर्फ बबलू चौधरी, डिघवां बुजुर्ग का नौशाद अली, कुशीनगर का पारस गुप्ता शामिल हैं।



कसया थाना परिसर में पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देते दाएं से एसडीएम डा. योगेश्वर सिंह व सीओ कुंदन सिंह ● जागरण

# प्रतिबंधित पशु मांस व धारदार हथियार बरामद

जासं, खड्डाः क्षेत्र के धनौजी आबादकारी में मंगलवार देर रात प्रतिबंधित पशु काटे जाने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी होते ही गांव में तनाव की स्थिति कायम हो गई। पुलिस को मौके से बड़ी मात्रा में मांस, खाल के अलावा धारदार हथियार मिला है। तीन तस्करों के विरुद्ध गो-हत्या निवारण अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस तस्करों की तलाश में लगी है।

रात करीब 10 बजे कुछ युवक गांव के बाहर टहल रहे थे। इस बीच सरेह में कुछ लोगों के बातचीत करने की आवाज पर वहां पहुंचे। देखा तीन लोग प्रतिबंधित पशु को काटकर मांस बोरे में रख रहे थे। तुरंत 112 नंबर पर फोन कर सूचना दी। कुछ ही देर में यह बात पूरे गांव में फैल गई। बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। गांव में तनाव पसर गया। पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। पशु मांस, धारदार हथियार, लकड़ी का टुकड़ा आदि बरामद कर जांच-पड़ताल में लग गई। अगली सुबह गांव के उदयभान कुशवाहा की तहरीर पर आरोपित असीन, एनुल व मंसूर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों की तलाश में टीमें लगाई गई हैं। शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**हल्का सिपाही पर कार्रवाई की मांग** : गांव के लोगों का कहना है कि हल्का सिपाही पशु तस्करी में लिप्त है। इस घटना के एक घंटे पूर्व वह गांव में अकेले देखा गया था। इससे पहले जब-जब पशु मांस मिला है तो उस दिन भी गांव में उसकी मौजूदगी पाई गई। ग्रामीणों ने सिपाही की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।

# मझना नाले में महिला का शव मिलने से सनसनी

जासं, अहिरौली बाजार: क्षेत्र के सुबुधिया बुजुर्ग के समीप मझना नाले में बुधवार को महिला का शव मिला। शव के कुछ हिस्से सड़े हुए थे। इससे प्रतीत हो रहा कि शव तीन-चार दिन पुराना है। लोगों से पूछताछ कर पुलिस ने कार्रवाई पूरी की। शव की पहचान नहीं हो पाई। सुबह खेत की तरफ गए मजदूरों ने मझना नाले में महिला का शव देखा। उसके बाएं हाथ पर प्रभावति, हरि लिखा है। थानाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि शव की पहचान के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# फोरलेन पर ट्रक-डीसीएम में टक्कर, एक की मृत्यु

- गलत लेन से आ रहा था डीसीएम चालक फरार
- गंभीर रूप से तीनों घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर

जासं, कसया: नगर के धर्मकांटा के समीप कसया-कुशीनगर फोरलेन पर मंगलवार की रात एक बजे ट्रक-डीसीएम की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। ट्रक चालक व डीसीएम सवार तीन लोग घायल हो गए। हाइवे चौकी पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी भेजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने तीन को जिला अस्पताल तो साखोपार के डीसीएम सवार रवि को मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज जाते समय रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। डीसीएम चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया।



रवि जायसवाल का फाइल फोटो।

कुशीनगर की तरफ से गलत लेन पर डीसीएम आ रही थी। इस दौरान कसया की ओर से कुशीनगर की तरफ जा रहे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि डीसीएम का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त गया तो ट्रक का भी।

इस मार्ग दुर्घटना में डीसीएम सवार साखोपार के 18 वर्षीय रवि जायसवाल व रामकोला के साहिल, मिंटू सहित शाहजहांपुर के ट्रक चालक 34 वर्षीय चंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। रवि को गोरखपुर मेडिकल कालेज भेजा गया। एंबुलेंस लेकर सुकरौली पहुंची थी कि उसकी मृत्यु हो गई। चौकी प्रभारी शशांक राय ने बताया कि वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

# देह व्यापार मामले में 25 लोगों को भेजा जेल

## कसया के होटलों में छापा मारकर किए गए थे गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** नगर के होटलों और निजी घरों में चल रहे अनैतिक देह व्यापार के आरोप में पकड़े गए 10 पुरुषों व 15 महिलाओं समेत 25 लोगों को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने मंगलवार को एसडीएम योगेश्वर सिंह, सीओ कुंदन सिंह के नेतृत्व में छापा मारकर इन्हें गिरफ्तार किया था।

कसया के एसडीएम योगेश्वर सिंह और सीओ कुंदन सिंह ने कसया थाना में बताया कि अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ निरंतर जांच की जाएगी। सभी होटलों व गेस्ट हाउस का पंजीकरण सहित आवश्यक कागजात की जांच की जाएगी। अनियमितता मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि रिद्धि सिद्धि होटल, जैन बिल्डिंग के पास स्थित एक मकान, एसबीआई के सामने स्थित मकान, पुराना थाना के बगल में स्थित एक मकान, कुशीनगर थाई मंदिर के पीछे के एक मकान में अनैतिक देह व्यापार व वैश्यावृति का धंधा चल रहा था।



कसया थाना परिसर में देह व्यापार में लिप्त लोगों को गिरफ्तार करने के बाद प्रेस वार्ता करते एसडीएम योगेश्वर सिंह और सीओ कुंदन सिंह। संवाद

वहां छापा मारकर कन्हैया सिंह निवासी बरवा सेमरा थाना तरकुलवा जनपद देवरिया, अरुण गोविंद राव उर्फ प्रिंस निवासी कठिनहिया थाना रामकोला जनपद कुशीनगर, सचिन तिवारी निवासी जुड़वनिया थाना कसया जनपद कुशीनगर, दीपक यादव उर्फ गोलू निवासी तुर्कपट्टी चौराहा थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर, दीपक जायसवाल निवासी वार्ड नं. 26 अमिय नगर थाना कसया कुशीनगर, रवि सिंह निवासी मुंडेरा थाना तरकुलवा जिला देवरिया, रमेश गुप्ता निवासी अनिरुद्धवा थाना कसया कुशीनगर, शैलेंद्र उर्फ बबलू चौधरी निवासी एकडेरवा थाना कसया जनपद कुशीनगर, नौसाद अली निवासी डिघवा बुजुर्ग थाना कसया जनपद कुशीनगर, पारस गुप्ता थाना कसया जनपद कुशीनगर सहित 15 महिलाओं को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

मौके से कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई थीं।

# कुशीनगर : सौतेले बेटे ने मां को चाकू घोंपकर मार डाला

## शराब के नशे में घर पहुंचने पर डांटने से था नाराज, आरोपी पुलिस हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

**हाटा/मथौली बाजार(कुशीनगर)।** बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे हाटा कोतवाली के गड़ेरीपट्टी गांव में सौतेले बेटे ने मां के पेट में चाकू घोंप दिया। गंभीर हालत में परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को हिरासत में ले लिया है।



**मंजू देवी** (फाइल फोटो)

बताया जा रहा है कि सिकटिया गड़ेरीपट्टी गांव का रहने वाला 25 वर्षीय दीपलाल नशे की हालत में बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे अपने घर पहुंचा। उसकी 47 वर्षीय सौतेली मां मंजू उसे नशे में धुत होने की वजह से डांटने लगी। इसी बात से नाराज होकर दीपलाल ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। इससे मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पति श्रीकांत प्रसाद और परिवार के लोग उन्हें लेकर हाटा सीएचसी पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची हाटा पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और आरोपी बेटे को हिरासत में लेकर थाने चली गई। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि आरोपी अभी शराब के नशे में है। इसलिए उससे सुबह पूछताछ होगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। >> संबंधित पेज 6 पर

### पानी भरी बाल्टी में डूबने से दो साल के बच्चे की मौत

**खड्डा।** घर में रखी पानी से भरी बाल्टी में दो साल का एक बच्चा डूब गया। उसे अचेतावस्था में परिजन खड्डा क्षेत्र के तुर्कहां सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

>> विस्तृत पेज 2 पर

# चोरी के छह मोबाइल फोन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को चोरी किए छह मोबाइल फोन के साथ तीन लोगों को थाना क्षेत्र के पकडिहवा तिराहा के समीप से गिरफ्तार क़र लिया।

सीओ कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना कसया के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज विवेक पांडेय हमराहियों की मदद से सलाउद्दीन, अंकुर यादव और शैफ अली निवासी भैंसहा राजा टोला, थाना कसया को पकड़ियहवा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

जांच-पड़ताल में उनके पास से चोरी के भिन्न-भिन्न कंपनियों के छह अदद मोबाइल फोन बरामद किए गए। मुकदमा पंजीकृत क़र विधिक कार्रवाई की गई।

# प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोप में तीन के खिलाफ केस दर्ज

खड्डा। गोवंश की हत्या कर समुदाय विशेष में मांस बेचने का धंधा करने वाले तीन लोगों को मंगलवार की देर रात पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के पास से मांस व अन्य सामग्री भी बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम धनौजी आबादकारी व भुजौली गांव के सरेह में कोतरहा नाले के पास सखावत के खेत में मंगलवार की रात लोगों ने गोवंश काटने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खेत में पड़े गोवंश का शव और प्लास्टिक की बोरी में रखा मांस, दो साइकिलें आदि बरामद कर लिया। पुलिस ने आसपास तलाशी ली तो गन्ने के खेत से निकलकर तीन लोग भागने लगे। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। उनकी पहचान असीन, अनुल व मंसूर निवासी ग्राम धनौजी के रूप में हुई है। गांव के लोगों के मुताबिक, गोकशी का धंधा काफी समय से चल रहा था। सरेह में अक्सर जानवरों के अवशेष दिखाई देते थे।

लेकिन, ठोस साक्ष्य नहीं मिल रहा था। पुलिस ने गांव के एक व्यक्ति की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर गोवंश के शव को पोस्टमार्टम के लिए पशुपालन विभाग को सूचित कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गोवंश की हत्या के मामले में धनौजी निवासी तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# एंटी रोमियो टीम के जाते ही सक्रिय हो जाते हैं शोहदे

## कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के बाहर हर दिन लगता है जमावड़ा, रेलवे माल गोदाम व बेलवा चुंगी स्थित कोचिंग के आसपास सक्रिय रहते हैं

संवाद न्यूज एजेंसी



पुलिस को देख डिग्री कॉलेज के पास से जाते शोहदे। संवाद

*कॉलेज के गेट के आसपास तो कॉलेज प्रशासन शोहदों की निगरानी करता है। लेकिन कुछ दूरी पर कई बार शोहदे दिखाई देते हैं। पिछले वर्ष पुलिस की टीम स्कूल आकर जागरूकता कार्यक्रम की थी। लेकिन इस शैक्षिक सत्र में अब तक पुलिस नहीं आई। एंटी रोमियो टीम भी कभी दिखाई नहीं देते है।*

*-संजय चौरसिया, प्रधानाचार्य, लक्ष्मी बाई इंटर कॉलेज, पडरौना।*

*करीब 20 दिन पहले एक महिला पुलिस कर्मी ने स्कूल में आकर छात्राओं को कुछ जानकारी दी थी। लेकिन कॉलेज के आसपास पुलिस की सक्रियता नहीं दिखाती है। वैसे चालू सड़क होने के चलते शोहदे वहां दिखाई भी नहीं देते हैं।*

*-चंद्रशेखर तिवारी, प्रधानाचार्य, गोस्वामी तुलसी इंटर कॉलेज, पडरौना।*

पडरौना। शहर में डिग्री कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज और कोचिंग सेंटर के आसपास शोहदों का जमावड़ा लगा रह रहा है। इससे छात्राएं परेशान हैं। शोहदों पर नजर रखने और उन पर कार्रवाई के लिए बने एंटी रोमियो स्क्वॉड के सदस्य कुछ ही जगह नजर आते हैं। उनके जाते ही शोहदे सक्रिय हो जाते हैं, जबकि कई कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के पास एंटी रोमियो टीम की सक्रियता नहीं दिखती।

पडरौना नगर में रेलवे स्टेशन के पास उदित नारायण पीजी कॉलेज और उदित नारायण इंटर कॉलेज संचालित है। इन विद्यालयों के आसपास हर दिन सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों का आवागन रहता है। यहां स्कूल संचालन के दौरान कुछ देर के लिए एंटी रोमियो टीम के के सदस्य आते हैं। पुलिस देख वहां मौजूद शोहदे कुछ देर के लिए वहां से हट जाते हैं। वहां पहुंची पुलिस छात्राओं को पुलिस की हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी समेत छेड़खानी समेत अन्य घटनाओं से बचाव आदि की जानकारी देकर चली जाती है। उनके जाते ही वहां पुनः एंटी रोमियो सक्रिय हो जाते हैं। उदित नारायण पीजी कॉलेज की एमए समाज शास्त्र की एक छात्रा ने बताया कि कॉलेज के आस-पास हर दिन कुछ देर के लिए पुलिस कर्मी आते हैं। वे लोग करीब एक घंडा रुकते हैं। वे लोग छात्राओं को जागरूक पुलिस हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी के लिए जागरूक करते हैं। एक ने बताया कि कॉलेज के अलावा रास्ते में कई लड़के घूर कर देखते हैं, लेकिन ऐसे लोगों की तरफ ध्यान नहीं देती हूं। सीधे घर से स्कूल और स्कूल घर जाती हूं।

कॉलेज की दो छात्राओं ने बताया कि रेलवे माल गोदाम और रेलवे स्टेशन के आस-पास हर दिन कई लड़के खड़े रहते हैं। ये लोग पुलिस को देख किनारे हो जाते हैं। पुलिस के जाते ही उनकी सक्रियता पुनः बढ़ जाती है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2023

# बाइक चोरी में दो के खिलाफ मुकदमा

**निचलौल।** निचलौल क्षेत्र के ग्राम झुलनीपुर में बीते 20 अगस्त को एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई थी। मामले में हसमत निवासी ग्राम दरौली थाना भिटौली की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम दरौली निवासी हसमत द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि वह झुलनीपुर गांव में बेटी के लिए शादी खोजने गया था। इस बीच सड़क पर बाइक खड़ा किया था। बाइक को कुछ लोगों ने चुरा लिया। इस मामले में हसमत की तहरीर पर पुलिस ने साबिर और अरबाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट मामले में छह पर मुकदमा

**सिन्दुरिया।** सिन्दुरिया क्षेत्र के विश्वनाथपुर पड़वानिया निवासिनी एक महिला ने जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासिनी पानमती देवी आरोप लगाया है कि रंजिश को लेकर उसके पड़ोसी शिशुपाल, विन्दरावती, राहुल, पिंकी, सुदर्शन व रमेश घर में लाठी लेकर आये और मारने पीटने लगे। एसओ मनीषा सिंह ने बताया की पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों पर केस हुआ है।

# पूर्व भाजपा नेता के खिलाफ वारंट को कोर्ट पहुंची पुलिस

हि **फॉलोअप**

- हत्या, रेप, पॉक्सो, एससी-एसटी केस में फरार है आरोपी, पार्टी कर चुकी है निष्कासित
- गिरफ्तारी के लिए हर ठिकाने को तलाश रही पुलिस, पर गिरफ्त से दूर है आरोपी

**महराजगंज, निज संवाददाता।** किराएदार की बेटियों से दुष्कर्म व छेड़छाड़ एवं पिता की हत्या के मामले में दर्ज केस में फरार पूर्व भाजपा नेता राही मासुम रजा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने गैर जमानती वारंट का प्रार्थना पत्र कोर्ट में दे दिया है। केस दर्ज होने के बाद सुपुर्दगी में छोड़े जाने के बाद से ही आरोपी फरार है। पुलिस ने आरोपित के घर धारा 41 के तहत नोटिस चस्पा कर विवेचक के सामने बयान दर्ज कराने को कहा है।

केस दर्ज होने के बाद पार्टी से निष्कासित भाजपा नेता के खिलाफ बीते पांच सितंबर को संत कबीर नगर जिले के मेहदावल क्षेत्र की रहने वाली दलित युवती कोतवाली में गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराई है। तहरीर के मुताबिक उसका परिवार पिछले छह साल से राही मासूम रजा के मकान में किराया के मकान में रहता था। मां की आठ साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार में पांच बहन, एक भाई व पिता थे। एक बहन की शादी हो चुकी है। पिता शहर में ही फुटपाथ पर पानी पकौड़ा बेच परिवार की परवरिश करते थे। युवती का आरोप था कि बीते 28 अगस्त की रात आठ बजे वह कमरे में अकेली थी। बहन व भाई बाहर थे। पिता दुकान पर थे। उसी दौरान मकान मालिक कमरे में घुस आया। उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। केस दर्ज होने के बाद पूर्व भाजपा नेता ने एक सिपाही व अपने करीबी के माध्यम से पीड़िता को नौ लाख रुपया बयान बदलने के लिए दिया। साथ में धमकी भी दी। पुलिस पीड़िता का बयान दर्ज कराई और आरोपित पूर्व भाजपा नेता को शहर के रहने वाले समाजसेवियों को सुपुर्द कर दिया। तभी से वह फरार है।

> रेप, मर्डर आदि के मामले में फरार आरोपित राही मासूम रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कराने के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया है। एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **आतिश कुमार सिंह, एएसपी**

**छोटी बहन के बयान के बाद निष्कासित भाजपा नेता की बढ़ेंगी मुश्किलें:** रेप, दुष्कर्म के मामले में कई उतार चढ़ाव आ चुका है। 28 अगस्त की घटना में मैनेज का खेल होता रहा। एसपी के निर्देश पर सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने पीड़िता से बातचीत के बाद केस दर्ज करने का निर्देश कोतवाली पुलिस को दिया। पीड़िता मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान बदली लेकिन विवेचना के दौरान सीओ ने पुलिस टीम से साथ पीड़िता के पास नौ लाख रुपया बरामद किया। पीड़िता के मुताबिक आरोपित ने उसे डरा धमकाकर पैसा दिया। वह खुद पैसा लेकर पुलिस के पास आने वाली थी, लेकिन पिता की तेरहवीं के चलते नही आ पाई। तहरीर में पीड़िता की छोटी बहन के साथ भी छेड़खानी की शिकायत है। इसके बाद छोटी बहन का मजिस्ट्रेट के सामने बयान हो चुका है। इस बयान के बाद पूर्व भाजपा नेता की मुश्किलें और बढ़ती नजर आ रही है। इस मामले में नौ लाख रुपया डरा धमकाकर देने का मामला सामने आने के बाद पुलिस पीड़िता का फिर से बयान दर्ज करा सकती है।

# याचिका वापस लेने के लिए धमकी, मुकदमा

निचलौल : उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका वापस लेने के लिए धमकी देने के मामले में निचलौल पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना कोठीभार के ग्राम बलहीखोर निवासी उमेश कुमार ने निचलौल थाने में तहरीर दी थी। उक्त शिकायत पत्र में कहा गया है कि उन्होंने एक पीआइएल उच्च न्यायालय में कृषि फार्म के मालिकों के विरुद्ध दाखिल किया है। उन लोगों ने दो हज़ार एकड़ भूमि पर अनाधिकृत तरीके से कब्जा किया है। इसकी सुनवाई उच्च न्यायालय में लंबित है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है। मामला सत्य पाए जाने पर आगे कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# बाल संरक्षण गृह से दी धमकी, मुकदमा दर्ज

जासं, महराजगंज : फरवरी में किशोरी के साथ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में बाल सुधार गृह गोरखपुर में बंद एक किशोर द्वारा पीड़िता को फोन कर बयान बदलने के लिए लगातार धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपित किशोर ने पहले बयान बदलने के लिए दबाव बनाया, जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो छूटने के बाद तेजाब से जलाने की धमकी दी है। इस मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध आपराधिक धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- बयान बदलने को बना रहा दबाव फोन से तेजाब फेंकने की धमकी

- पीड़िता की मां की तहरीर पर दर्ज हुआ दूसरा मुकदमा

मूलतः संतकबीरनगर जिले के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ फरवरी में पनियरा थाना क्षेत्र के मंसूरगंज निवासी किशोर के विरुद्ध पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपित को पकड़कर पुलिस ने बाल सुधार गृह गोरखपुर भेज दिया। पीड़िता की मां का आरोप है, कि बाल सुधार गृह में बंद होने के बावजूद बीते 15 दिन से आरोपित तीन नंबरों से लगातार फोन कर धमकी दे रहा है।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है। मोबाइल फोन नंबरों के आधार पर आरोपित किशोर के विरुद्ध आपराधिक धमकी देने के मामले में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रकरण की जांच की जा रही है।

# दो पक्षों में विवाद, पैमाइश के बाद मामला सुलझा

## शेख फरेंदा गांव में कूड़ा निस्तारण केंद्र का होना है निर्माण

संवाद न्यूज एजेंसी



कूड़ा निस्तारण केंद्र की जमीन की पैमाइश करती राजस्व टीम। संवाद

**नौतनवां।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा गांव में कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण होने वाला है। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने यह कहकर आपत्ति जताई कि यहां मेला लगता है, पैमाइश कराने के बाद निर्माण कराया जाए। बुधवार राजस्व टीम ने पुलिस बल के साथ जमीन की पैमाइश कराकर मामला शांत कराया।

भारत नेपाल सीमा के सेट गांव सनौली कोतवाली क्षेत्र के शेख फरेंदा में कूड़ा निस्तारण केंद्र का निर्माण होना है। इसके लिए गांव से पश्चिम तरफ में जमीन चिह्नित की गई थी।

मौके पर ईंट आदि सामग्री गिर भी गए थे। इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने यह कहकर आपत्ति जताई कि यहां मेला लगता है। पैमइश के बाद ही निर्माण कार्य कराना उचित है। ग्राम प्रधान रामबचन यादव ने राजस्व विभाग से जमीन की पैमाइश करने की मांग की थी।

# आरोपित के विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी कराने पहुंची पुलिस

- नेता पर हत्या, दुष्कर्म व छेड़छाड़ का मामला
- मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार है आरोपित

जासं, महराजगंजः हत्या, दुष्कर्म व छेड़छाड़ के मामले में फरार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। मुकदमा दर्ज होने के आठ दिन बाद भी गिरफ्तार न होने पर बुधवार को पुलिस ने गैर जमानतीय वारंट के लिए कोर्ट में आवेदन किया है। संभावना जताई जा रही है, कि एनबीडब्लू जारी होने के बाद पुलिस अन्य कार्रवाई में भी आगे बढ़ेगी।

संतकबीर नगर जिले के मेंहदावल थाना क्षेत्र निवासी दुकानदार की हत्या और बेटियों के साथ दुष्कर्म व छेड़खानी के मामले में आरोपित मासूम रजा राही पांच सितंबर को मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार है। इधर पिछले दिनों पुलिस अधीक्षक ने मामले में कोतवाली पुलिस की संलिप्तता देखते हुए सदर कोतवाल रवि कुमार राय समेत 14 को जहां लाइन हाजिर कर दिया था।

वहीं नगर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह समेत पांच को निलंबित कर दिया था। दो दिन पूर्व पीड़िता का बयान बदलवाने के लिए दिए गए नौ लाख रुपये पीड़िता के पास से बरामद करते हुए उसमें संलिप्त एसपी आफिस के सिपाही आबिद अली और शहर के बिस्मिलनगर निवासी व्यवसायी गुड्डू शाह को पुलिस ने जेल भेज दिया है। काफी तलाश के बाद भी आरोपित के न मिलने पर पुलिस ने बुधवार को उसके विरुद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी कराने के लिए आवेदन किया है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार छापेमारी कर रहीं है। गैर जमानतीय वारंट के लिए पुलिस न्यायालय में पहुंची थी, लेकिन किन्हीं कारणों से वारंट जारी नहीं हो सका है।

# विवेचक की भूमिका की जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

**जासं, महराजगंज** : कोतवाली क्षेत्र में चर्चित घटना हत्या, दुष्कर्म, छेड़खानी प्रकरण में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी मामले में लीपापोती करने को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने विवेचक क्षेत्राधिकारी की भूमिका पर सवाल खड़ा किया है। यूनियन ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा और जांच कर विवेचक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

जिला महासचिव रामअशीष ने कहा कि 28 अगस्त को हुई घटना के बाद से ही इसे पुलिस की तरफ से दबाने की कोशिश की जाती रही। प्रलोभन और दबाव में लेकर पीड़िता के बयान को बदलवाया गया। पीड़िता के घर से नौ लाख रुपये बरामद करने के बाद संलिप्त कई पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, लेकिन विवेचक को बचा दिया गया। इनकी भूमिका की जांच कराकर कार्रवाई की जाए। अन्यथा अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन होगा।

# अस्पताल में नहीं दिखे दलाल

महराजगंज। जिला अस्पताल में बुधवार को खून चूसने वाले नहीं दिखे। डॉक्टरों के कक्ष में मरीज आराम से परामर्श लेने के बाद चले गए। गुजरे दिनों की तरह दलाल मरीजों से पर्चा नहीं छिन रहे थे। इससे लोगों को काफी राहत मिली।

बुधवार को पर्ची काउंटर पर मरीज खड़े दिखे। ओपीडी कक्ष में मरीज जांच करा रहे थे। चेहरी के रामकेश ने बताया कि अस्पताल में किसी से पर्ची नहीं ली गई। कोई परेशानी नहीं हुई है। अस्पताल में उपलब्ध दवा काउंटर से मिल गईं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एपी भार्गव ने बताया कि सुबह जांच की गई है।

बिचौलिया अस्पताल परिसर में नहीं दिखा है। बतादें कि मंगलवार को पुलिस ने 13 दलालों को पकड़कर चालान कर दिया था। पहले दलालों की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दलाल लोगों को अपनी जाल में फंसाकर लोगों को निजी अस्पतालों में इलाज के लिए ले जाते थे और वहां पर उनसे मोटी रकम वसूलते थे।

अमर उजाला में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई की तो 13 दलाल पकड़े गए। संवाद

# पूर्व भाजपा नेता के घर रहने वाले पुलिसकर्मियों की जांच

महराजगंज। हत्या, छेड़छाड, मारपीट के आरोपी पूर्व भाजपा नेता के घर में किराए पर जितने भी पुलिस वाले रहते हैं उन सभी की जांच की गई। उधर, फरार आरोपी के बारे में कोई सुराग नहीं मिल रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि फरार आरोपी को गिरफ्त में नहीं आने से पुलिस की कार्रवाई पर लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं। पहले तो उसे आसानी से जाने दिया, अब गिरफ्तार करने में पसीना छूट रहा है। पुलिस टीम की छापेमारी का कोई असर नहीं दिख रहा है। पुलिस अधिकारियों की नजर में लगातार छापा डाला जा रहा है, लेकिन परिणाम शून्य है। पुलिस के नेटवर्क फेल नजर आ रहे हैं। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि टीम सुराग लगाने में जुटी है। जल्द सफलता मिल जाएगी। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-14-09-2023

# विवाद में जान से मारने की धमकी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** साझेदारी में दुकान खोलने तथा बाद में पैसे मांगने पर युवक को विपक्षियों ने गालियां व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थानान्तग्रत जोगापुर गांव निवासी इरशाद ने सादाब के साथ मिलकर साझे में ग्राम सिकन्दरपुर में फर्नीचर की दुकान खोली थी, जिसमें उसने नौ लाख रूपये भर्ती के रूप में लगाया था। परन्तु दोनों में तालमेल न बैठने के कारण इरशाद ने जब अपना पैसा सादाब से वापस मांगो ने उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित इरशाद पुत्र हिदायतुल्लाह निवासी जोगापुर थाना परसरामपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सादाब, इश्तियाक पुत्रगण हिदायतुल्लाह निवासीगण जोगापुर थाना परसरामपुर के विरूद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**बभनान(एसएनबी)।** पैकोलिया के थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने मुखविर की सूचना पर अपने हमराही उपनिरीक्षक विजय प्रकाश दीक्षित, हेड कांसटेबल इरशाद खां , कांसटेबल सोनू यादव के साथ जिला बदर अपराधी गब्बर उर्फ राजेश कुमार पुत्र मल्लू निवासी पुरैना खास को उनके घर से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गुण्डा एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# दस लीटर कच्ची बरामद, एक पर मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद में अवैध शराब की बिक्री तथा उसके निर्माण के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से कच्ची शराब बरामद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थाने की पुलिस ने क्षेत्रीय गश्त के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में युवक की पहचान कृष्णा पुत्र बिरजे निवासी येरता थाना परसरामपुर के रूप में की गयी। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। इसी प्रकार से कलवारी थाने की पुलिस ने भी चेकिंग के दौरान अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र रामचरन निवासी दुधौरा (वैष्णोपुर) थाना कलवारी के पास से 22 शीशी अवैध बंटी बबली देशी शराब बरामद किया है। जिसपर 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सौंपा ज्ञापन

बस्ती (एसएनबी)। बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि पुरानी पेंशन बहाल किया जाय।



मांगों को लेकर ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारीगण।

ज्ञापन सौंपने के बाद जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाल किये जाने की मांग को लेकर पेंशन बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए राष्ट्रीय नेतृत्व केआह्वान पर लगातार बीआरसी केन्द्रों पर शिक्षकोंके साथ बैठक कर जागरूकता अभियान जारी है। आगामी 21 सितम्बर को एक सूत्रीय मांग को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना देकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। कहा कि पेंशन प्राप्त करना कर्मचारियों का विधिक अधिकार है।
राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2005 में लागू की गई एनपीएस व्यवस्था की दुर्दशा बयान नहीं किया जा सकता। 19 वर्ष के बाद भी समय से न तो खाते खुले और न ही कटौतियां सुव्यवस्थित ढंग से हुई। दोष पूर्ण व्यवस्था के कारण अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक आर्थिक, मानसिक उत्पीड़न झेल रहे हैं, आकस्मिक, दैवीय घटना होने पर परिवार का भविष्य सुरक्षित नहीं रह गया है। एनपीएस की सबसे बड़ी आपत्ति अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक के हजारों करोड़ की धनराशि शेयर मार्केट, म्युचुअल फण्ड एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं के बाण्ड में निवेश किया जा रहा है। उसके आय व परिणामों के आधार पर पेन्शन निर्धारित होगी। हर्षद मेहता सहित शेयर बाजार आदि में हुये अनेको घोटालों को देश जानता है। सरकार द्वारा एनपीएस में पेंशन भुगतान की गारण्टी भी नहीं दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्ण पीठ ने अपने निर्णय में कहा है कि कर्मचारियों की पेन्शन भीख नहीं है। बल्कि उनका अधिकार है। पुरानी पेंशन की बहाली कोई नई मांग नहीं है। सेवानिवृत्त के पश्चात जीवन यापन हेतु हमसे और हमारे परिवार से छीनी गई सुविधा को वापस दिलाया जाय। ज्ञापन में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा है कि पेंन्शनर को इतना सक्षम होना चाहिये कि वह अपने ऊपर ही आश्रित रहे, उसका सम्मान एवं जीवन यापन का स्तर प्री रिटायरमेंट वाला ही रहे और पेंशन डिफरेन्टड पे लम्बित वेतन कहा है।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, विकास क्षेत्र कुदरहा के मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, सच्चिदानन्द शुक्ल, राजेन्द्र चौधरी, संजीव कुमार, दुर्गा सिंह, रत्नाकर गुप्ता, राजीव उपाध्याय, राम प्रताप चौधरी, बब्बू लाल, राजेश यादव के साथ ही अनेक संघ पदाधिकारी, शिक्षक शामिल रहे।

## चेन स्नेचिंग का दूसरा आरोपित गिरफ्तार

बस्ती : कप्तानगंज कस्बे में एक बुजुर्ग महिला के घर के सामने पहुंचकर उनके गले से सोने की चेन उड़ाने वाले दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि चेन स्नेचिंग के मामले में वांछित चल रहे रणजीत यादव निवासी उसरापार थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को बुधवार को कौड़ीकौल से पिकौराबारी जाने वाले रास्ते के पास गिरफ्तार किया है।

## शिक्षकों ने एडी बेसिक को सौंपा ज्ञापन

**बस्ती (एसएनबी)** । शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने बुधवार को सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को संबोधित ज्ञापन सहायक शिक्षा निदेशक संजय कुमार शुक्ल को सौंपकर 5 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके 68500 बैच के शिक्षकों को पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल करने की मांग किया। एडी बेसिक ने कहा कि आप सभी का मांगपत्र सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को प्रेषित कर पूरी मदद की जाएगी। शिक्षक नेता रवीश कुमार मिश्र ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के रूप में 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल करने का नियम है। इसलिए जो भी शिक्षक अर्ह हैं उन्हें वरिष्ठता सूची में शामिल करते हुए पदोन्नति प्रक्रिया पूरी की जाय। शिक्षक नेता हरिकृष्ण उपाध्याय ने कहा कि फरवरी माह में वरिष्ठता सूची तैयार की गई थी बाद में 12460 बैच के शिक्षकों की सेवा जब 5 साल पूरी हुई तो हाई कोर्ट के आदेश पर उन्हें भी सूची में शामिल किया गया। 68500 बैच के शिक्षकों की सेवा 5 साल पूरी हो चुकी है। इसलिए उन्हें भी पदोन्नति प्रक्रिया में शामिल किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान महेन्द्र कुमार, भागीरथी यादव, विवेक यादव, दीपक चौधरी, बालमुकुंद, अभिषेक त्रिपाठी, राहुल मिश्र, राजपति आदि उपस्थित रहे।



## अनियंत्रित होकर पलटी टैंपो, सात घायल

**भानपुर (एसएनबी)** । बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर सोनहा थाना क्षेत्र के टाकियाचक के पास भारत पेट्रोल पम्प के सामने भानपुर से डुमरियागंज की ओर जा रही टैम्पो अनियन्त्रित होकर पलट गयी । सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह मय फोर्स द्वारा मौके पर पहुंच कर राहत कार्य व सहायता उपलब्ध करायी गयी । घायलो में गुडिया देवी पत्नी अजय प्रसाद निवासी भैसहा थाना सोनहा जनपद बस्ती, नूर मोहम्मद पुत्र सोलई निवासी हटवा बुजुर्ग ,थाना भवानीगंज



क्षतिग्रस्त टेम्पो व अस्पताल में घायलों को भर्ती कराते लोग।



जनपद सिद्धार्थनगर रितु पत्नी सुरेश निवासी भीवापार ,थाना सोनहा जनपद बस्ती साहिदुनि निशा पत्नी अब्दुल कुदुस निवासी बाकेचोर,थाना सोनहा जनपद बस्ती, फातिमा पत्नी गुलजार अहमद निवासी कोल्हुई ,थाना खोडारे जनपद गोण्डा अर्जुन पुत्र मुराई निवासी ग्राम भानपुर ,थाना सोनहा जनपद बस्ती, चालक संजय पुत्र पप्पू निवासी भानपुर,थाना सोनहा जनपद बस्ती को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु निकट के स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाकर दवा इलाज कराया गया ।

# किशोरी को भगाया, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** एक किशोरी को युवक ने बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। इस कार्य में उसके परिवार वालो ने भी सहयोग किया है। इस सम्बन्ध में किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानान्तर्गत दक्षिण दरवाजा निवासिनी एक महिला ने पुलिस में तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी को अभियुक्त अमर ने अपने परिवार वालो की मदद से बहला फुसला कर भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी अमर पुत्र राममूरत, अमर की माँ सुनीता, भाई शिवम पुत्र राममूरत निवासीगण कोड़रा थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** दवा लेकर घर जा रहे एक युवक की कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। छावनी थानान्तर्गत नगरा बदली गांव निवासी उदयभान वर्मा दवा लेकर किनौना चौराहे से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में अभियुक्त अभय प्रताप सिंह व बादल सिंह ने उन्हे रोक लिया और पुरानी रंजिष को लेकर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित उदयभान वर्मा पुत्र प्रेम नरायन वर्मा ग्राम नगरा बदली थाना छावनी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अभय प्रताप सिंह पुत्र मुन्ना सिंह, बादल सिंह पुत्र राम मिलन सिंह निवासीगण पूरे बदली थाना छावनी के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कार्य से विरत रह डीएम कार्यालय पर गरजे अधिवक्ता

**प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन**

**बस्ती (एसएनबी)।** हापुड़ जिला न्यायालय में बुजुर्ग, युवा व महिला अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जनपद बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार जारी रखा और जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। अधिवक्ताओं के इस आन्दोलन में कांग्रेस ने भी समर्थन किया और सरकार की नीतियों पर जमकर भड़ास निकाली।

जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रजनीश कुमार दुबे ने कहा कि अधिवक्ता संगठन अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार से वार्ता कर रहा है लेकिन सरकार अधिवक्ताओं के मांगो पर ध्यान न देकर पुलिस के बल पर शासन करना चाहती है और अपनी हठधर्मिता व निरंकुशता के कारण पूरे प्रकरण को लेकर उदासीन बनी हुई है। राज्यपाल को ज्ञापन देते हुए अधिवक्ताओं ने मांग किया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी हापुड़ तथा दोषी नामजद पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाय जिससे प्रकरण की बिना किसी दबाव के न्यायपूर्ण विवेचना हो सके। दोषी पुलिस कर्मियों के ऊपर दर्ज हुए मुकदमें में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जाय। चोटिल अधिवक्ताओं को सम्मानजनक मुआवजा दिये जाने की मांग भी उठायी गयी। इसके अलावा अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमें को वापस किये जाने, प्रदेश अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को अविलम्ब लागू किये जाने की मांग के साथ प्रदेश के अधिवक्ताओं व उनके परिवार के मान सम्मान व सुरक्षा की व्यवस्था किये जाने की मांग की गयी।

इस दौरान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी धरने में पहुंचकर अपना सहयोग व समर्थन दिया। घंटों प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रजनीश कुमार दुबे, महामंत्री रमेश चन्द्र पांडेय, राजेन्द्र प्रसाद यादव, कृष्ण मुरारी मिश्र, शैलजा प्रसाद मिश्र, प्रेमनाथ उपाध्याय, विनोद कुमार सिंह, तिलकराम चौधरी, राम पाल यादव, ब्रह्मवेत्ता नेवास श्रीवास्तव, मुक्तिनाथ यादव, अरुण कुमार सिंह, रामेश्वर नाथ श्रीवास्तव, विजय श्री मिश्र, राम कुमारत चौधरी, राम दुलारे, उदयराज दुबे, अनिल कुमार शुक्ला के अलावा प्रेमशंकर दूबे, यंग बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार भट्ट, शिवपूजन मिश्र, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवपूजन मिश्र के अलावा कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पांडेय, वरिष्ठ नेता देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता। फोटो : एसएनबी

# ग्रामीणों की सजगता से चोर पशु छोड़कर भागे

**जासं, छावनी, बस्ती :** छावनी थानाक्षेत्र के खेसुआ गांव निवासी गिरजेश सिंह का हाईवे के किनारे मकान है। दरवाजे पर ही भैंस को बांधकर स्वजन मंगलवार की रात सो गए। देररात अचानक गिरजेश सिंह की नींद खुली तो देखा कि दरवाजे पर बंधी भैंस गायब है। इसकी सूचना उन्होंने गांव के लोगों को दी। इसके बाद सक्रिय हुए ग्रामीण भैंस को ढूंढने लगे। इसी बीच पशु तस्कर चुराई गई भैंस को दूसरे गांव में छोड़कर फरार हो गए।

# निलम्बन के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**बस्ती (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों, शिक्षकों ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देने के बाद संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि बदायूँ की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री स्वाति भारती तानाशाही में लिप्त हैं। मांग किया कि प्रकरण में बीएसए के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही शिक्षक संजीव कुमार शर्मा को बहाल किया जाय। इसी क्रम में संघ द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षको के पदोन्नति प्रक्रिया में 68500 बैच में नियुक्त शिक्षको व अन्य अध्यापक जो अंतर्जनपदीय से आये उनके 5 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर उन शिक्षकों को भी पदोन्नति सूची में शामिल करने की मांग किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला उपाध्यक्ष सुधीर तिवारी, उमाकान्त शुक्ल, प्रवीन, शिव प्रकाश, कुंवर राकेश सिंह, के साथ ही राजेश गिरी, सनद पटेल, अखिलेश पाण्डेय, सुरेश गौड़, मुरलीधर, राम पियारे, रामभवन, सन्तोष मिश्र, रजनीश यादव, गिरजेश चौधरी, सुशील गहलोत, विवेक प्रताप सिंह आदि शामिल रहे।

# तेरह लोगों पर हुई सीआरपीसी की कार्रवाई

**बस्ती (एसएनबी)।** जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूधौली थाने की पुलिस ने 13 लोगों को सीआरपीसी के तहत पाबन्द किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार रूधौली पुलिस ने अभियुक्त संदीप प्रजापति पुत्र शिवपाल, इन्द्रदेव पुत्र कमला, शशांक उर्फ राहुल दूवे पुत्र इन्द्रमणि दूवे, इन्द्रमणि दूवे पुत्र कमला प्रसाद दूवे, कौशल किशोर पुत्र शेषमन, सोनू पुत्र केशव, पंकज, चंचल दूवे पुत्रगण पुरूषोत्तम, चन्द्र केशव दूवे पुत्र भीरन दूवे, संदीप पुत्र चन्द्रकेशव निवासीगण ग्राम लखनपुरवा थाना रुधौली, कपूर उर्फ बलवन्त पुत्र रामइनल, रामइनल उर्फ इन्द्र कुमार पुत्र सेतू, जसवन्त उर्फ शेष अवतार पुत्र रामइनल उर्फ इन्द्र कुमार निवासीगण ग्राम बांसखोर कला थाना रूधौली पर 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तगणों द्वारा क्षेत्र में रहकर अपने अर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए चोरी, मारपीट तथा अन्य अपराध कारित करते थे। जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा था और लोगों में भय की स्थिति बनी हुई थी। पुलिस द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद जब इनकी आदतो में सुधार नहीं आया तो मजबूरन यह कार्यवाही करनी पड़ी।

# एन्टी रोमियो की पहल : बीस से पूछताछ

**बस्ती (एसएनबी)।** एंटी रोमियो स्कवाड टीम की टीम शिल्पा मिश्रा, महिला का.श्वेता सरोज ,महिला का. एकता सिंह के द्वारा थाना मुंडेरवा क्षेत्र के अन्तर्गत जनता शिक्षा निकेतन इंटर कालेज, गन्ना किसान बालिका इंटर कालेज के आस पास तथा ओड़वारा, बोदवल, त्रिमूर्ति तिराहा, कस्बा व अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थनो पर चेकिंग किया गया। साथ ही अनावश्यक रूप से घूम रहे करीब 20 व्यक्तियों से पूछताछ कर 4 मनचलों से माफीनामा भरवाया गया व शेष को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन) फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर जैसे-1090,112,1076,1098,108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में बताते हुए इनसे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे में बताते हुए जागरूक कर हेल्पलाइन नंबर तथा सीयूजी नंबर पर संपर्क करने हेतु बताया गया।

# प्रेमी के साथ युवती फरार, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** घर से बिना बताये अपने प्रेमी के साथ एक लड़की फरार हो गयी। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी दिन में करीब 12 बजे घर से गायब हो गयी। खोजबीन के दौरान पता चला कि लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला फुसला कर अपने साथ भगा कर ले गया है। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बहला फुसलाकर भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर व अपहृता को बरामद किया गया। प्रभारी निरीक्षक सोनहा शैलेश कुमार सिंह व उनकी टीम द्वारा धारा 363, 366 भादवि में वांछित अभियुक्त अनूप पुत्र सुरेश निवासी ग्राम औडजंगल टोला सुरजूपुर थाना सोनहा जनपद बस्ती को मुखबिर खास की सूचना पर भिरिया बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय सदर बस्ती रवाना किया गया। अपहृता सकुशल बरामद कर सीडब्ल्यूसी पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सोनहा शैलेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रविन्द्र कुमार शुक्ला थाना सोनहा, हेड का.ओमप्रकाश चौरसिया, महिला का.प्रिया मिश्रा थाना सोनहा शामिल रही।

# पीएम पर टिप्पणी मामले में शिक्षक को जेल

कप्तानगंज। पीएम पर आमर्यादित टिप्पणी करने के आरोपी शिक्षक हरिश्चंद्र चौधरी को शांतिभंग की आशंका में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। एसडीएम हरैया ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। दिया। बीएसए अनूप तिवारी ने आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया है। बीआरसी कप्तानगंज के नाम से संचालित होने वाले एक ग्रुप पर एक शिक्षक ने मैसेज फॉरवर्ड किया गया था। जिसमें पीएम मोदी पर आपत्तिजनक शब्द लिखे गए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने बीईओ से आख्या तलब की थी। बीईओ की आख्या मिलने के बाद पहले शिक्षक को सस्पेंड किया। फिर स्थानीय थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराई गई। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर जेल रवाना कर दिया।

# भाइयों पर नौ लाख हड़पने का केस दर्ज

बस्ती। पार्टनरशिप में दुकान खोलने के लिए नौ लाख रुपये लेकर हड़प लेने के एक मामले में परशुरामपुर पुलिस ने दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में थानाक्षेत्र के जोगापुर निवासी इरशाद ने तहरीर दी।

दिए तहरीर में बताया कि उसका शादाब के घर आना-जाना रहता है। उसके भाई इस्तियाक के साझे में नौ लाख रुपये देकर उसने सिकन्दरपुर में फर्नीचर-सोफे का दुकान खोली थी। बाद में दुकान में लगाए गए पैसे मांगने लगा तो शादाब और उसका भाई इश्तियाक ने अपशब्द कहते हुए धमकी देने लगा। पुलिस दोनों के खिलाफ दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# 20 से की पूछताछ चार से माफीनामा

बस्ती। जिले में महिलाओं के साथ बढ़ रहे अपराध के बीच बुधवार को एंटी रोमियो स्क्वायड ने मुंडेरवा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग करने पहुंची। अनावश्यक रूप से घूम रहे करीब 20 व्यक्तियों से पूछताछ कर चार मनचलों से माफीनामा भरवाया गया व शेष को चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस दौरान क्षेत्र के जनता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, गन्ना किसान बालिका इंटर कॉलेज के आसपास, ओड़वारा, बोदवल, त्रिमूर्ति तिराहा व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की। शासन से जारी हेल्पलाइन नंबर जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108, की विस्तृत जानकारी भी दी और संकट के समय इनके प्रयोग के बारे में बताया।

# वकीलों ने एसडीएम को सौंपा पत्रक

भानपुर/हर्रैया/रुधौली। हापुड़ की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन के विरोध में हर्रैया मे अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। फिर एसडीएम गुलाब चन्द्र द्वितीय को ज्ञापन सौंपा। तहसील भानपुर के अधिवक्ताओं ने भी बुधवार को एसडीएम आशुतोष तिवारी को प्रदेश सरकार को सम्बोधित पांच सूत्री मांग देकर तहसील के सभी न्यायालयों का कार्य बहिष्कार किया। इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने एक आपात बैठक कर अग्रिम रणनीति पर चर्चा की। बैठक में बार एसो. के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह, लोकनाथ उपाध्याय, सुबाष सिंह, नरेन्द्र देव पांडेय, जग प्रसाद पांडेय, के पी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। रुधौली में भी वकील हड़ताल पर रहे।

# देवरहवा बाबा मंदिर उमरिया के पीठाधीश्वर का निधन

दुबौलिया, हिसं। थानाक्षेत्र के सिद्धपीठ देवरहवा बाबा मंदिर उमरिया के पीठाधीश्वर मकसूदनाचार्य (मथुरा दुबे) का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। बुधवार भोर में 5.30 बजे निधन की सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका शव उमरिया पहुंचते ही काफी संख्या में लोगों ने अंतिम दर्शन किए। उनका अंतिम संस्कार अयोध्या में हुआ।

सिद्धपीठ बाबा देवरहा मंदिर उमरिया के पीठाधीश्वर मकसूदनाचार्य के घर पर 2002 में बदमाशों ने लूटपाट के इरादे से गोली मार दी थी। इस घटना में वह बच गए थे। उनकी मांग पर पुलिस चौकी उमरिया का निर्माण कराया गया था। घटना के करीब 20 साल बाद जिस स्थान पर गोली लगी थी, वहां पर संक्रमण हो गया था। 31 अगस्त को उनकी तबीयत खराब हुई। स्थानीय डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया था। जहां पर उनका निधन हो गया। उनके निधन पर आज्ञाराम चौधरी, समाजसेवी डॉ. अजय यादव, सुधा फाउंडर, राजेश यादव, सर्वदेव यादव, राम शिरोमणि चौधरी, मुकेश सिंह आदि ने श्रद्धांजलि दी।



मकसूदनाचार्य (फाइल फोटो)।

# मंझरिया में रेलवे ट्रैक किनारे मिली युवक की लाश

**सनसनी**

- बेगूसराय, बिहार का रहने वाला था मृत युवक
- जेब में मिले अधार कार्ड से शिनाख्त में मिली मदद

मुंडेरवा। थानाक्षेत्र के मंझरिया रेलवे क्रॉसिंग पर पानी में मिले शव की पहचान हो गई है। मृत युवक की जेब में मिले आधार कार्ड से पुलिस ने पहचान की है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि मृत सुशील वार्ड नंबर-तीन दासटोला विदुलिया मेघौल, जिला बेगूसराय, बिहार का रहने वाला है। रेलवे ट्रैक के किनारे मिले शव की जेब में 116 रुपये नकद, आधारकार्ड मिला है।

पुलिस के मुताबिक बेगूसराय के थाने में सूचना देकर परिजनों को बुलाया गया है। परिजनों आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। एसएचओ ने बताया कि किसी ट्रेन से गिरने की वजह से दिवंगत के सिर में पीछे गंभीर चोट के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृत युवक रेलयात्रा के दौरान किसी ट्रेन से गिरकर गया था। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई।

# जानलेवा हमले के मामले में चार लोगों को कारावास

## फैसला

बस्ती। महिला पर जानलेवा हमले के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश एससीएसटी अविनाशचंद्र मिश्र की अदालत ने माता-पिता व पुत्र सहित चार लोगों को पांच वर्ष कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने माता, पिता व पुत्र प्रत्येक पर नौ-नौ हजार व एक अन्य पर 11 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक हयात मोहम्मद ने अदालत को बताया कि संतकबीरनगर जिले के बखिरा थाना अंतर्गत चिह्नापार निवासी श्रीमती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि वह दलित महिला हैं। वह 19 जून 2006 को बखिरा से घर जा रही थीं। गोनहा घाट के पास पहुंची तो गांव के दुर्बली, शिवकुमार, पत्नी अनरसा देवी व एक अन्य रामजीत यादव पीटने लगे। सिर व शरीर में कुल 14 चोटें आईं, पिटाई से हाथ-पैर टूट गया था। उसका पर्स लेकर वह लोग चले गए। इसमें उसके जमीन सम्बंधी अभिलेख व रुपया था। शोर सुनकर आस-पास के लोग आए और अस्पताल लेकर गए। इलाज सीएचसी खलीलाबाद व मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में हुआ।

# अगवा किशोरी मिली आरोपी गिरफ्तार

सल्टौआ। सोनहा क्षेत्र से किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से किशोरी को मुक्त करवाकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। किशोरी के पिता ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी, वादकारी परेशान

- हापुड़ कांड को लेकर लगातार चल रही हड़ताल
- बार कौंसिल के आदेश पर गुरुवार को भी होगा आंदोलन

**बस्ती, निज संवाददाता।** हापुड़ में वकीलों पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में 15 दिनों बाद भी नाराजगी बनी रही। गुरुवार को भी वकील हड़ताल पर रहेंगे। शाम को बार कौंसिल की बैठक बाद अगली रणनीति तय होनी है। यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर संयुक्त बार समेत सभी तहसीलों के अधिवक्ता बुधवार को भी हड़ताल पर रहे।

वादकारी न्याय नहीं पाने से परेशान दिखे। हापुड़ में वकीलों पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में वकील लामबंद हैं। लगातार न्यायिक कार्य का विरोध कर रहे हैं। तीन दिन पहले रात में वर्चुअल बैठक के जरिए यूपी बार काउंसिल के पदाधिकारियों ने 11, 12 फिर 13 व 14 सितंबर को न्यायिक कार्य का बहिष्कार किए जाने का निर्णय ले लिया था। वकीलों की मांग है लाठीचार्ज करने और कराने वाले दोषियों के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं होती, तब तक अधिवक्ता कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे। गुरुवार रात में आठ बजे बैठक के बाद अगली रणनीति की तैयारी की जाएगी। प्रदर्शन करने वालों प्रमुख रूप से सिविल बार के अध्यक्ष अजय सिंह, महामंत्री शिवपूजन मिश्र, पंकज श्रीवास्तव, राजकिशोर पाण्डेय, बद्री प्रसाद दुबे, यंगबार के जिलाध्यक्ष विनोद भट्ट, जनपद बार के अध्यक्ष रजनीश दुबे, महामंत्री रमेश पाण्डेय, देवव्रत उपाध्याय, नेबुलाल आदि तमाम अधिवक्ता गण शामिल रहे।


कलक्ट्रेट परिसर में धरनारत अधिवक्ताओं से वार्ता कर ज्ञापन लेते डीएम अंद्रा वामसी।

**आज सरकार का पुतला जलाएंगे अधिवक्ता :** सिविल बार के सचिव शिवपूजन मिश्र ने बताया कि यूपी बार काउंसिल की ओर से लिए गए निर्णय के मुताबिक बार काउंसिल चरणबद्ध तरीके से आंदोलन शुरु है। 14 सितंबर को सरकार का पुतला फूंका जाएगा। लगातार जिला मुख्यालय, ट्रेजरी और रजिस्ट्री कार्यालयों पर धरना दिया जाएगा। 17 सितंबर को प्रदेश भर के अधिवक्ता विस का घेराव करेंगे।

# काम के बोझ तले 'हिन्दी' को रखा दिल के पास



बस्ती। जिले के छावनी, पैकोलिया थानों की कमान संभाल चुके दरोगा दुर्गेश कुमार पांडेय का मन हिन्दी में ही रमता है। यह बात अलग है कि हिन्दी विषय के तौर पर उनकी पढ़ाई में शामिल नहीं रही। आजमगढ़ के मूल निवासी दुर्गेश भौतिक विज्ञान से परास्नातक की पढ़ाई पूरी की। 2011 सीधी दरोगा भर्ती परीक्षा में सलेक्शन के बाद 2015 में उनकी नौकरी शुरू हुई। दुर्गेश बताते हैं कि हिन्दी के प्रति लगाव बचपन से ही रहा है। पुलिस की नौकरी में आने के बाद व्यस्तता काफी बढ़ गई। दिनरात चोर-बदमाशों के पीछे भागते रहने के बीच जब भी सुकून के पल मिलते हैं, तो हिन्दी में कविता लिखने बैठ जाते हैं। दुर्गेश अपने बच्चों को अपनी लिखी कविता सुनाकर हिन्दी के प्रति लगाव बनाए रखने को प्रेरित करते हैं।

# वांछित चेन स्नेचर को किया गिरफ्तार

कप्तानगंज। चेन स्नेचिंग के मामले में वांछित चल रहे संतकबीरनगर के महुली थानांतर्गत उसरापार गांव निवासी रणजीत यादव को गिरफ्तार करने किया है। जानकारी के मुताबिक कप्तानगंज कस्बे में बीते 16 जून की सुबह घर के बरामदे में बैठी महिला चंद्रावती देवी से बाइक सवार दो उच्चको ने चेन छीनकर भाग गए थे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो अज्ञात उचक्कों पर मुकदमा दर्ज किया था। मामले के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच की टीम लगी थी।

थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी ने अपना जुर्म भी कबूल किया है। जिसे पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

बस्ती। प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को एडीएम कमलेश चन्द्र के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अगुवाई में पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग उठाई गई। इस दौरान कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, विकास क्षेत्र कुदरहा के मंत्री ओम प्रकाश पांडेय, सच्चिदानन्द शुक्ल, राजेन्द्र चौधरी, संजीव कुमार, दुर्गा सिंह, राजेश यादव व अन्य मौजूद रहे।

## एसपी को पत्र देकर स्टे के अनुपालन की मांग

बस्ती। शहर के पिकौरा शिवगुलाम निवासी कौशल किशोर शुक्ला ने एसपी को दिए प्रार्थना-पत्र में कहा कि गांव में मेरा भूखंड है। इस जमीन पर कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। जमीन के विवाद को लेकर न्यायालय से स्टे भी है। यह स्टे आज के समय तक प्रभावी है, लेकिन विपक्षीगण जबरन जमीन पर कब्जा कर रहे है। प्रार्थी रामेश्वरम की यात्रा पर है और यह प्रार्थना-पत्र बेटे के माध्यम से भेजा रहा है। उन्होंने स्टे का अनुपालन कराने की मांग की है।

## गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

छावनी। पुलिस ने रामरेखा गांव में हुई गैर इरादतन हत्या के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी थानाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने बताया कि मृत युवक की मां सुकना देवी की तहरीर पर पहले मारपीट का केस दर्ज किया गया था। जिसे बाद में तरमीम करके गैर इरादतन हत्या दर्ज किया गया था। इस केस में आरोपित शम्भू को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।

## घर रह रहा जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। पैकोलिया थानाक्षेत्र के पुरैना खास गांव निवासी जिलाबदर आरोपी गब्बर उर्फ राजेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गब्बर उर्फ राजेश कुमार पर दर्ज आपराधिक मामले के कारण पुलिस की रिपोर्ट पर जिला मजिस्ट्रेट ने जून माह में जिला बदर घोषित किया था। वह जिला मजिस्ट्रेट के आदेश का उल्लंघन करते हुए गांव पर ही रह रहा था।

## गेट मीटिंग कर कर्मचारियों ने मांगी पुरानी पेंशन

बस्ती। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच ने आईटीआई गेट पर मीटिंग किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन के बहाली की मांग की। गेट मीटिंग की अध्यक्षता उमारमण त्रिपाठी और व्यापार कर मिनिस्ट्रीयल एसो. के अध्यक्ष सरोज मिश्र ने संयुक्त रूप से की। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने कहां कि पुरानी पेशन की बहाली के लिए कर्मचारियों की एक जुटता सबसे बड़ी ताकत होगी। इस दौरान कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामअधार पाल, जिला मंत्री तौलू प्रसाद, उमेश वर्मा, सन्तोष राव, प्रदीप यादव, सूरज शुक्ल, गौरव खरे, हरिकिशोर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

जासं, कप्तानगंज, बस्तीः इंटरनेट मीडिया पर प्रधानमंत्री के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले कप्तानगंज विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय सहिजनपुर में सहायक अध्यापक के रूप में तैनात हरिश्चंद्र चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शांतिभंग की आशंका के तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

थानाध्यक्ष कप्तानगंज रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को दिन में खंड शिक्षाधिकारी प्रभात कुमार वर्मा ने तहरीर देकर आरोपित शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर उन्हें तलाश रही थी। इसी बीच मंगलवार की देररात सूचना मिली कि आरोपित शिक्षक कप्तानगंज थाने के कौड़ीकोल बुजुर्ग स्थित अपने घर पर मौजूद हैं। ऐसे में उन्होंने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनका शांतिभंग की धारा में चालान किया गया।

**यह था घटनाक्रमः** कुछ दिन पूर्व हरिश्चंद्र चौधरी के नंबर से कप्तानगंज बीआरसी ग्रुप पर प्रधानमंत्री के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ अन्य लोगों ने भी नाराजगी जताई थी। हालांकि टिप्पणी को हटाते हुए हरिश्चंद्र चौधरी ने सफाई दी थी कि उनके मोबाइल में पड़े इस मैसेज को उनके बेटे ने गलती से ग्रुप पर भेज दिया था।

इंटरनेट मीडिया पर वायरल इस मैसेज को शासन ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया तो खंड शिक्षा अधिकारी प्रभात कुमार वर्मा ने कप्तानगंज थाने पर तहरीर दी। इसके बाद मंगलवार को उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के साथ ही बीएसए ने निलंबन की भी कार्रवाई कर दी।

# भूमि पर कब्जा करने के प्रयास का आरोप

**बस्ती**: कोतवाली थाना क्षेत्र के पिकौरा शिवगुलाम मोहल्ला निवासी कौशल किशोर शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि भूखंड नंबर 83,84 व 89 के स्वामी हैं। इस जमीन को लेकर मोहल्ले के ही एक व्यक्ति से उनका विवाद चल रहा है।

उस व्यक्ति द्वारा उनकी जमीन पर अनधिकृत रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। मामले में सिविल जज सीनियर डिवीजन द्वारा भूमि को लेकर स्थगन आदेश जारी किया गया है जो अभी भी प्रभावित है। बताया कि बुधवार को विवादित भूमि पर टीन टप्पर डालकर कब्जा करने के लिए लोहे के पोल लगा रहे हैं।

न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अवहेलना की जा रही है। पीड़ित ने मामले में भूमि पर कब्जा रोकने की मांग की है।

# साहब, सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले माफिया पर नहीं होती कार्रवाई

जिलाधिकारी के दूसरे कार्यक्रम में व्यस्त होने से दो एसडीएम ने **सुनीं फरियाद,** एसडीएम के आदेश का थानेदारों पर असर नहीं,भटक रहे फरियादी

**जनता दर्शन**

जागरण संवाददाता, बस्ती : जिलाधिकारी कार्यालय पर जनता दर्शन में ऐसे मामले आ रहे हैं, जिसमें उप जिलाधिकारी के आदेश का पालन भी नहीं होता। फरियादी जाएं तो कहां। सरकारी भूमि पर कब्जा रोकने के लिए एसडीएम सदर ने संबंधित थाना पुलिस को आदेश दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फरियादी भटक रहा है। ऐसे ही ग्राम पंचायत कुदरहा ब्लाक के पास सरकारी भूमि पर माफिया ने कब्जा कर लिया है, लेकिन अभी तक कब्जा नहीं हटाया गया है। भूमि विवाद से जुड़े मामलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

इस तरह की कई शिकायतें आईं जिलाधिकारी जनता दर्शन में। जिलाधिकारी दूसरे कार्यक्रम में व्यस्त रहने के कारण अपर एसडीएम शाकुन पाठक और एसडीएम न्यायिक हरीश मनोज प्रकाश ने सुनवाई की। फरियादी की उपस्थिति तो कम रही, लेकिन जो मामले आए, उसमें अधिकांश भूमि विवाद से ही जुड़े रहे। हर्रैया के हरिगांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र भगवती ने पट्टेदारी की शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पट्टीदार हमारी जमीन पर कब्जा कर लिए हैं। जिसपर एसडीएम ने थाना परशुरामपुर को निर्देशित किया कि मौके पर यथोचित कार्रवाई की जाए।


कलेक्ट्रेट पर जनता दर्शन में अपनी बारी का इंतजार करते फरियादी • जागरण

हरदीहा कांशीराम आवास के गौरव सिंह 70 वर्ष के पड़ाव पर हैं। शरीर कमजोर है। फिर भी जीविका के लिए सफाई का कार्य करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार या तो इन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दे या फिर पेट पालने का कोई इंतजाम करे। क्योंकि परिवार में भुखमरी से दो लोगों की मृत्यु हो गई है।


लोगों की समस्या सुनते अपर एसडीएम शाकुन व एसडीएम न्यायिक हरीश मनोज • जागरण

स्वयं सेवी सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं भी फरियाद लेकर पहुंची। गनेशपुर उर्मिला, नाजबनिशा, शाजा खातून, शांति देवी, सुदामा, नाजमा आदि ने कहा कि दो वर्ष से इन्हें समूह सखी का मानदेय नहीं मिल रहा है। पुष्टाहार वितरण में कार्य करने के बावजूद कोई भुगतान नहीं दिया गया।


ब्लाक की भूमि पर माफिया ने कब्जा कर लिया है। दुकानदारों से जबरन वसूली की जा रही है। विरोध करने पर वह धमकाते हैं। पूर्व खंड विकास अधिकारी कुदरहा ने संबंधित को नोटिस दी थी।
राम ख्याल, कुदरहा


सरकार ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयास तो कर रही है, लेकिन स्थिति अब भी खराब है। मैं जिस महिला जीविका स्वयं सहायता समूह गनेशपुर से जुड़ी हूं, लेकिन मानदेय नहीं मिल रहा है।
नाजबनिशा, गनेशपुर


मुंडेरवा बाजार के पूर्वांचल बैंक अक्षय बड़ौदा के सामने ग्राम समाज की भूमि है। माफिया का कब्जा है। 28 जून को तहसील दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया था, एसडीएम ने मुंडेरवा पुलिस को आदेश दिया था, सुनवाई नहीं हुई।
नारायण देव भट्ट, किठुरी


सरकार हम जैसे बुजुर्गों के लिए पेंशन और राशन सामग्री देने की योजना चला रही है, लेकिन मुझे कुछ मिलता नहीं है। यदि प्रशासन कोई सहयोग नहीं कर सकता है तो मैं इस उम्र में भी सफाई कार्य करने को तैयार हूं।
गौरव सिंह, कांशीराम कालोनी

## छेड़खानी और धमकी देने के मामले में मुकदमा

बस्ती : पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि चिकवा टोला का रहने वाला एक युवक उनकी बेटी को हमेशा छेड़ता है। बहला फुसला कर भगा ले जाने की कोशिश करता है। उनके बेटी की शादी तय हो जाने के बाद 10 सितंबर को भोर में आरोपित कुंडी तोड़कर उनके घर में घुस गया और उनकी बेटी का मोबाइल तोड़ दिया। आरोपित ने शादी करने पर चेहरे पर तेजाब फेंकने व जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपित गुलजार पर मुकदमा दर्ज किया है।

## खेत से मोटर चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

बस्ती : नगर थाने के चंदो गांव निवासी दीपक सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 अगस्त को चोरों ने खेत में लगे उनके पानी के मोटर को चोरी कर लिया। उनके गांव के ही रमेश यादव का भी मोटर खेत से एक माह पूर्व चोरी हो गया था। बनकटवा गांव के डब्लू मिश्रा का भी मोटर चोरी हो गया था। गांव के अन्य लोगों का भी खेत से मोटर चोरी हो चुका है। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

# अनियंत्रित टेंपो पलटने से मासूम सहित आठ घायल



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानपुर में घायलों का इलाज • जागरण

जासं, भानपुर, बस्तीः बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर सोनहा थाना क्षेत्र के तकियाचक गांव के पास अचानक एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार मासूम सहित आठ लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानपुर ले जाया गया, जहां से उपचार के बाद सभी को वापस भेज दिया गया।

बुधवार को बस्ती से डुमरियागंज की ओर जा रही टेंपो अचानक सड़क पर पलट गई। यह देख मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए व दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने घायलों को सीएचसी भानपुर भिजवाया। दुर्घटना में सोनहा थाना क्षेत्र के भानपुर कस्बा निवासी चालक संजय, इसी कस्बे के अर्जुन, शहीदुन्निशा पत्नी अब्दुल कुद्दूश निवासी बांकेचोर थाना सोनहा,

**सोनहा थाने के तकियाचक गांव के पास हुआ हादसा, बस्ती से डुमरियागंज की ओर जा रही टेंपो अचानक सड़क पर पलट गई**

शहजादी फातमा पत्नी गुलजार अहमद निवासी कोल्हुई गरीब थाना खोड़ारे जनपद गोंडा, गुड़िया देवी पत्नी अर्जुन प्रसाद निवासी भैंसहिया थाना सोनहा, नूर मोहम्मद निवासी हटवा बाजार थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर, रितु पत्नी सुरेश निवासी भीवापार, थाना सोनहा के अलावा चार माह का अफजल पुत्र गुलजार अहमद निवासी बांकेचोर थाना सोनहा भी घायल हो गए। सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा. सचिन कुमार चौधरी ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

# हमले में दंपती पुत्र व सहयोगी को पांच साल की सजा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** विशेष सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट अविनाश चंद्र मिश्र ने संत कबीर नगर जनपद के बखिरा थाना के 17 साल पुराने मामले में चार लोगों को 5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालय ने तीन को 11500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है जबकि रामजीत को 13500 रुपये अर्थदंड देना होगा। अर्थ दंड न देने पर 5 माह 22 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। रामजीत को एक माह अधिक की सजा भुगतनी होगी। घटनाक्रम के अनुसार बखिरा थाना क्षेत्र के चिट्ठापार गांव के संतबली और दुर्बली में जमीनी विवाद कई सालों से चल रहा था। इसी रंजिश में 19 जून 2006 को बखिरा बाजार से खरीदारी करके संत बली की पत्नी देवी अपने गांव सायं 6 बजे जा रही थी।

गोन्हा घाट पर गांव के ही दुर्बली उसकी पत्नी अनरसा पुत्र शिवकुमार व उसके सहयोगी रामजीत यादव झाड़ियों में छिपे थे। जैसे ही देवी वहां पहुंची लाठी डंडा से मारने लगे। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में इलाज चल रहा था। जब कुछ ठीक हुई तो 11 जुलाई 2006 को उसने थाना बखिरा में तहरीर दिया। तहरीर के आधार पर अनुसूचित जाति उत्पीड़न व प्राणघातक हमले का मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना होकर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ सुनवाई के बाद अदालत ने चारों आरोपितों को दोषी ठहराया है।

# घूसखोरी में दो डिप्टी सीएमओ पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** निजी अस्पताल के पंजीकरण के नाम पर पांच लाख रुपये मांगने का वीडियो प्रसारित होने के मामले में दो डिप्टी सीएमओ व अस्पताल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

बीते एक सितंबर को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में सीएमओ डा.वीके अग्रवाल के साथ कार्यालय में डिप्टी सीएमओ डा.एमएम त्रिपाठी व डा.वीएन चतुर्वेदी बैठे दिखे थे। वीडियो में रंजीत कुमार दावा कर रहा है कि वह डेढ़ लाख रुपये दे चुका है।

सीएमओ ने दोनों डिप्टी सीएमओ व अवध हास्पिटल बांसी के संचालक रंजीत कुमार के विरुद्ध तहरीर दी थी।

सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद एसपी अभिषेक अग्रवाल ने एएसपी सिद्धार्थ से इसकी जांच कराई थी। जांच के बाद सदर थाने की पुलिस ने दोनों डिप्टी सीएमओ व निजी अस्पताल संचालक के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, मेडिकल काउंसिल एक्ट और धोखाधड़ी की धाराओं में बुधवार को मुकदमा दर्ज किया। जांच सदर थाने के प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह करेंगे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टिप्पणी करने वाला शिक्षक गिरफ्तार

महराजगंज, बस्ती। फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में नामजद शिक्षक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र के कौड़ीकोल के रहने वाले हरिश्चंद्र वर्मा कप्तानगंज ब्लॉक के सहिजनपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर तैनात हैं। चार सितंबर को उनकी मोबाइल के जरिये पीएम मोदी पर फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी की गई थी।

मामला संज्ञान में लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज प्रभात श्रीवास्तव ने कप्तानगंज थाने पर तहरीर देकर मंगलवार को केस दर्ज कराया। एसओ रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपी शिक्षक का शांतिभंग की आशंका के तहत चालान किया गया है। संवाद

# 48 घंटे के बाद भी पुलिस के हाथ खाली, चार टीमों ने झोंकी ताकत

## दो दर्जन से अधिक संदिग्धों से पुलिस कर चुकी है पूछताछ, दी जा रही दबिश

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। दिन दहाड़े अधिवक्ता के घर में हिंसक लूट की घटना के बाद शहर में पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। सभी चौराहों के अलावा अन्य प्रमुख स्थलों पर गस्त-पिकेट और भी चुस्त दुरुस्त कर दी गई है।

यहां तक कि न्यायालय में पेशी पर पहुंचने वाले कैदियों,बंदियों और उनसे मिलने-जुलने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बुधवार को पुलिस टीमों ने न्यायालय परिसर में संदिग्धों की तलाशी भी ली गई। उधर, घटना के 48 घंटे की छानबीन में पुलिस ने काफी हाथ-पांव मारा लेकिन बदमाशों की परछाई भी नहीं छू पाई। हालांकि चार टीमें खुलकर अपने सभी हथकंडे इस्तेमाल कर रही हैं। दो दर्जन से अधिक संदिग्धों से पूछताछ के अलावा आसपास के जिलों में दबिश भी दी जा चुकी है। अन्य पहलुओं के अलावा पुलिस को ऐसे लोगों पर भी संदेह है जो अधिवक्ता के घर आते-जाते रहे हैं।



13 सितंबर को प्रकाशित खबर।

**सोमवार को दिन में दो बजे अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में हुई थी लूट**

जिस तरह से बदमाशों ने आसपास के चमचमाते घरों को नजरअंदाज करते हुए अधिवक्ता के पुराने घर को निशाना बनाया और बेखौफ होकर सीढ़ी चढ़कर घटना को अंजाम दिया, उससे साफ है कि बदमाशों को अच्छी तरह से पता था कि अधिवक्ता के घर में उनकी पत्नी अकेली होंगी।

संभव है कि बदमाश यह भी जानते रहे हों कि अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा की पत्नी नूतन वर्मा ठीक से चल-फिर भी नहीं पाती हैं,इसलिए उन्हें लूटपाट करने में ज्यादा चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा।

पुलिस इस सब पहलुओं को मद्देनजर रखने हुए छानबीन कर रही है। इस बीच एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने भरोसा व्यक्त किया है कि पुलिस जल्द बदमाशों को दबोचने में कामयाब हो जाएगी।

### यह थी घटना

शहर के कोतवाली क्षेत्र के रौता पुलिस चौकी से महज 50 मीटर दूर स्थित अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर में सोमवार को दोपहर गमछा बांधकर आए बदमाशों ने दिन दहाड़े लूटपाट की। उनकी पत्नी के विरोध करने पर बदमाशों ने उनके पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया और हाथपैर बांधकर बाथरूम में बंद कर दिया। दो कमरों में रखी करीब 50 हजार रुपये नगदी, जेवरात लूटकर भाग गए। काफी देर बाद वह किसी तरह छज्जे पर निकलकर शोर मचाने लगीं। जिसके बाद आसपास के लोगों को जानकारी हुई। सूचना मिलने पर अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा घर पहुंचे। पत्नी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस के अलावा एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। जांच पड़ताल में बाइक से दो बदमाश मुंह पर गमछा बांधकर पहुंचते देखे गए हैं। पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी है।

# न्यायालय की सुरक्षा सख्त, रखी जा रही निगरानी

**बस्ती।** अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को लेकर न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। करीब 12 से अधिक पुलिस कर्मी जिला जज के गेट नंबर 2 व 3 पर सुबह 9 बजे से ही ड्यूटी पर पहुंच कर जांच करने लगे। बुधवार को पुलिस टीम ने हर आने-जाने वाले की जांच की। सतर्कता के चलते कई लोगों की जांच मेटल डिटेक्टर से की गई। अधिवक्ता न्यायिक कार्य ठप कर पिछले 16 दिनों से हड़ताल पर हैं। लेकिन न्यायिक कार्यालय खुले हैं। संवाद

# महिला की चेन छीनकर भागने वाला बदमाश गिरफ्तार

**बस्ती।** कप्तानगंज थाने के नकटीदेई बुजुर्ग में घर के सामने बैठकर चावल बीन रही महिला के गले से सोने की चेन छीनकर भागने वाले बदमाश को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

एसओ कप्तानगंज रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रणजीत यादव निवासी उसरापार थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को लूट के आभूषण आदि के साथ गिरफ्तार किया।

एसओ ने बताया कि थानाक्षेत्र के कौडीकौल से पिकौरा बारी जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया। 16 जून को नकटीदेई बुजुर्ग निवासी दुर्गा प्रसाद की मां चंद्रभावती देवी सुबह साढ़े सात बजे घर के बाहर चावल बीन रही थीं। उसी समय दो बदमाश झपट्टा मारकर सोने की चेन छीनकर भाग गए। संवाद

# अनावश्यक घूम रहे 20 लोगों से पूछताछ, चार से भरवाया माफीनामा

संवाद न्यूज एजेंसी

## एंटी रोमियो स्क्वॉयड ने मुंडेरवा क्षेत्र विभिन्न स्थानों पर की चेकिंग

**बस्ती।** जिले में किशोरियों व युवतियों के साथ बढ़ रहे अपराध के बीच बुधवार को एंटी रोमियो स्क्वॉयड मुंडेरवा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग करने पहुंची। इस दौरान अनावश्यक रूप से घूम रहे करीब 20 व्यक्तियों से पूछताछ कर 04 मनचलों से माफीनामा भरवाया गया व शेष को चेतावनी देकर छोड़ा गया।

इस दौरान क्षेत्र के जनता शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, गन्ना किसान बालिका इंटर कॉलेज के आसपास तथा ओड़वारा, बोदवल, त्रिमूर्ति तिराहा व अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई।

शासन से जारी हेल्प लाइन नंबर 1090, 112, 1076, 1098, 108, की जानकारी भी दी और संकट के समय इनके प्रयोग के बारे में बताया। साथ ही विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में भी जागरुक किया। इनसे बचने और सतर्क रहने के लिए 1930 हेल्प लाइन नंबर के बारे में भी बताया।

# अनुसूचित जाति की महिला को मारने पीटने में चार को पांच साल की सजा

## परिवार के तीन सदस्यों पर 9-9 तो एक अन्य पर 11 हजार रुपये का जुर्माना

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** विशेष सत्र न्यायाधीश एससीएसटी अविनाशचंद्र मिश्र की अदालत ने अनुसूचित जाति की महिला को जान से मारने की नियत से हमला करने के मामले में एक परिवार के तीन सदस्यों सहित चार लोगों को पांच वर्ष कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने माता, पिता व पुत्र पर नौ-नौ हजार व एक अन्य पर 11 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

### 19 जून 2006 को पैदल बखिरा से घर जा रही थी, भूमि विवाद में की गई थी मारपीट

विशेष लोक अभियोजक हयात मोहम्मद ने अदालत को बताया कि संतकबीरनगर जिले के बखिरा थाना अंतर्गत चिट्ठापार निवासी श्रीमती ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि वह अनुसूचित महिला है।

वह 19 जून 2006 को पैदल बखिरा से घर जा रही थी। गोनहा घाट के पास जंगल झाड़ी के पास पहुंची तो गांव के दुर्बली, उनके बेटे शिवकुमार, पत्नी अनरसा देवी व रामजीत यादव ने जमीनी रंजिश में उस पर लाठी डंडा से हमला कर दिया।

इस घटना में उसके सिर व शरीर पर 14 चोट आई। पिटाई से हाथ-पैर टूट गया था। उसका पर्स लेकर वह लोग भाग निकले। पर्स में उसके जमीन संबंधी अभिलेख व रुपये थे।

शोर सुनकर आस-पास के लोग आए और अस्पताल लेकर गए। इलाज सीएचसी खलीलाबाद व मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में हुआ। न्यायालय ने दोनो पक्षों की बहस सुनने के बाद सजा सुनाई।

# जिला बदर गिरफ्तार

पैकोलिया। थानाक्षेत्र के पुरैना खास गांव निवासी जिला बदर आरोपी गब्बर उर्फ राजेश को पुलिस ने बुधवार दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने बताया कि गब्बर पर दर्ज आपराधिक मामले में पुलिस की रिपोर्ट पर जिला मजिस्ट्रेट ने जून में जिला बदर घोषित किया था। वह जिला मजिस्ट्रेट के आदेश का उल्लंघन करते गांव में रह रहा था। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2023

# 640 किलो मछली के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कपिलवस्तु(एसएनबी)। सशस्त्र सीमा बल 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने गस्ती के दौरान अवैध तरीके से भारत से नेपाल पिकअप में ले जा रहे जा रहे 640 किलो मछली के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए 43वी वाहिनी के कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया सूचना के आधार पर उप निरीक्षक देश राज मय फोर्स सीमा स्तंभ संख्या 549 के समीप बड़ा ठाकुरपुर गाँव के लिए रवाना हुए। इसी दौरान अलीगढ़वा के रास्ते एक बोलेरो पिकअप आ रही है। जवानों द्वारा गाड़ी को रोकने का इशारा किया।पूछ-ताछ के दौरान दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम सुमित साह उम्र 28 वर्ष पिता स्व कौशल किशोर गाँव मोहान थाना मोहाना जिला सिद्धार्थनगर तथा चालक ने अपना नाम इमरान उम्र 30 वर्ष पिता शेरगनी गाँव गौहनिया थाना मोहाना जिला सिद्धार्थनगर बताया। तलाशी के दौरान पिकअप में जीवित मछलियाँ पाई गई। दोनों व्यक्तियों से गाड़ी में लदे मछली के बारे में पूछ-ताछ की गई, जिसमें सुमित साह ने बताया कि यह मछली उसका है, परन्तु जब सम्बंधित कागजाद दिखाने को बोला गया तो, उनके द्वारा न तो किसी प्रकार का कोई संतोषजनक जवाब दिया गया और न ही सम्बंधित कागजाद दिखाए गए। जिससे ज्ञात होता है कि इन मछलियों को अवैध तरीके से भारत से नेपाल ले जाया जा रहा था। तत्पश्चात, गस्ती दल द्वारा पिकअप (न्-55ज्9690) और बैकी, बिघट, पापलेट और रोहू के कुल 640 किलो मछलियों को जब्त कर दोनों तस्कर सहित उचित कागजी कार्यवाही के उपरांत सीमा शुल्क कार्यालय ककरहवा को सुपुर्द कर दिया गया।

# घूसखोरी के मामले में दो डिप्टी सीएमओ समेत तीन पर मुकदमा

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर**: निजी अस्पताल के पंजीकरण के नाम पर पांच लाख रुपये मांगने का वीडियो प्रसारित होने के मामले में दो डिप्टी सीएमओ व अस्पताल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बीते एक सितंबर को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में सीएमओ डा.वीके अग्रवाल के साथ कार्यालय में डिप्टी सीएमओ डा.एमएम त्रिपाठी व डा.वीएन चतुर्वेदी बैठे दिखे थे। वीडियो में रंजीत कुमार दावा कर रहा है कि वह डेढ़ लाख रुपये दे चुका है। सीएमओ ने दोनों डिप्टी सीएमओ व अवध हास्पिटल बांसी के संचालक रंजीत कुमार के विरुद्ध तहरीर दी थी। मामले की जांच सदर थाने के प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह करेंगे।

- एक सितंबर को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था सीएमओ व डिप्टी सीएमओ का वीडियो
- सीएमओ ने एक सितंबर को डिप्टी सीएमओ व अस्पताल संचालक के विरुद्ध दी थी तहरीर

> दोनो डिप्टी सीएमओ समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपितों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> अखिलेश कुमार वर्मा, सीओ सदर

बीते एक सितंबर को सौदेबाजी के नाम पर सीएमओ का एक वीडियो प्रसारित हुआ था। उसमें एक निजी अस्पताल संचालक ने अस्पताल के पंजीयन के नाम पर सीएमओ पर पांच लाख रुपये घूस मांगने का आरोप लगाया था। उसने यह भी दावा किया था कि वह डेढ़ लाख रुपये दे चुका है। प्रसारित वीडियो में सीएमओ के अलवा डिप्टी सीएमओ डा.एमएम त्रिपाठी व डा.वीएन चतुर्वेदी भी दिखे थे। सीएमओ ने इसे लेकर अस्पताल संचालक व दोनों डिप्टी सीएमओ के विरुद्ध एसपी अभिषेक अग्रवाल को तहरीर सौंपी थी।

एसपी ने इसकी जांच एएसपी सिद्धार्थ से कराई थी। एएसपी की जांच के बाद दोनों सदर थाना पुलिस ने दोनों डिप्टी सीएमओ व निजी अस्पताल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**प्रसारित वीडियो में हुई है बात**: मामले से जुड़ा तीन वीडियो प्रसारित हुआ था। इसमें रंजीत डिप्टी सीएमओ डा. बी एन चतुर्वेदी से रुपये के लेन-देन की बात कर रहा है। वह बार-बार रुपये देने की बात कह रहा है। एक वीडियो में संचालक सीएमओ से ही रुपये के संबंध में वार्ता करता दिख रहा है। हालांकि सीएमओ ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि डिप्टी सीएमओ डा.बीएन चतुर्वेदी, रंजीत से कह रहा है कि दुर्भाग्य मानकर कुछ दिन सब कर लो। दो-चार महीने छह महीने में सीएमओ चला जाएगा। इसके रहते तुम्हारा काम नहीं हो सकता। इसलिए जो एक लाख 40 हजार तुम्हारा लगा है, मुझसे वापस ले लेना। तब तक तुम यूनानी की प्रैक्टिस कर लो।

## आखिर सीडीओ की जांच कब होगी पूरी

इस मामले को लेकर जिलाधिकारी ने पहली सितंबर को ही सीडीओ को जांच सौंपी थी और सप्ताह भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने कहा था। सप्ताह भर बाद भी जांच पूरी नहीं हो सकी है। उसके बाद से दो बार दो-दो दिन का समय बढ़ाया जा चुका है। लोग यह भी सवाल कर रहे हैं कि जब जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा ही नहीं की गई तो दोनों डिप्टी सीएमओ के विरुद्ध मुकदमा पहले क्यों लिख दिया गया। सीएमओ ने तो तहरीर तो दूसरी सितंबर को ही दे दी थी। आखिर मुकदमा 11 दिन बाद क्यों लिखा गया।

# युवक के विरुद्ध पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज

डिंडई (एसएनबी)। शिव नगर थाना डिड़ई क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ हुए छेड़खानी का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है, पीडिता की मां द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आरोप है कि थाना शिवनगर डिड़ई क्षेत्र के पिड़वा गाँव निवासी 19 वर्षीय सब्बार पुत्र रमजान ने बुधवार को गांव के बाहर बकरी चराने गई किशोरी के साथ छेड़खानी किया था। पीडिता ने इसकी खबर जब घर पहुंच कर स्वजनो को बताई तो उसकी मां ने थाने पर पहुँच तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया। तहरीर में यह भी लिखा है कि उपरोक्त युवक आये दिन लडकी को अकेला पाकर परेशान करता था। पीडिता की मां के द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने 354 (क) 504,506 आइपीसी 7\8, 16/17 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

# सिद्धार्थनगर में दो डिप्टी सीएमओ पर मुकदमा

- सीएमओ की तहरीर पर सिद्धार्थनगर थाने में पुलिस ने दर्ज किया केस
- अस्पताल के रजिस्ट्रेशन को लेकर लेनदेन की चर्चा का वीडियो हुआ था वायरल

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। सिद्धार्थनगर में सीएमओ ने दो डिप्टी सीएमओ व एक निजी अस्पताल के संचालक के खिलाफ बुधवार को इंडियन मेडिकल कौंसिल एक्ट के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है। सीएमओ ने एक निजी अस्पताल के संचालन के रजिस्ट्रेशन के लिए लेनदेन की चर्चा के वायरल वीडियो के आधार पर केस दर्ज कराया है।

सीएमओ डॉ. बिनोद कुमार अग्रवाल ने तहरीर में कहा है कि एक सितंबर को वीडियो वायरल हुआ था। इसमें बांसी में बगैर पंजीकरण के अवध अस्पताल चलाने वाले रंजीत कुमार का नोडल अधिकारी नैदानिक डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी व डिप्टी सीएमओ डॉ. बीएन चतुर्वेदी से पंजीकरण के बदले लेनदेन की बात हो रही थी। अवध अस्पताल में कोई भी प्रशिक्षित डॉक्टर न होने से पंजीकरण उनके स्तर से नहीं किया गया था। संचालक रंजीत कुमार अवैध ढंग से अस्पताल संचालित करते रहे। पंजीकरण के लिए दबाव बनाया। जब मंशा पूरी नहीं हुई तो फंसाने की नीयत से उन्होंने कई वीडियो बनाए। वीडियो में दोनों डिप्टी सीएमओ की ओर से लेनदेन की बात स्वीकार करना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नोडल अधिकारी नैदानिक डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी व डिप्टी सीएमओ डॉ. बीएन चतुर्वेदी के साथ निजी अस्पताल संचालक रंजीत कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

> सीएमओ की तहरीर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी, डॉ. बीएन चतुर्वेदी और अस्पताल संचालक रंजीत कुमार पर केस दर्ज लिया गया है।
> –अखिलेश वर्मा, सीओ सदर

# बिचौलियों के काकस में मेडिकल कालेज की इमरजेंसी

## दो माह पूर्व पकड़े गए थे दो दलाल, पुलिस ने किया था शांति भंग की आशंका में चालान




मेडिकल कालेज के ओपीडी में बिना किसी काम के रोगियों के बीच घूमते दिखाई देता संदिग्ध युवक व रोगी के स्वजन से दवा का पर्चा लेकर देखता बिचौलिया ( मध्य में) • जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के इमरजेंसी वार्ड में बिचौलियों का नेटवर्क फैला है। इनका नेटवर्क इतना तगड़ा है कि कोई इनके सामने बोलने से भी कतराता है। मेडिकल कालेज प्रशासन ने करीब दो माह पूर्व तेजी दिखाई थी।

दो बिचौलियों के खिलाफ सदर थाना में तहरीर भी दी, लेकिन मामले की पैरवी करने के नाम अधिकारी व कर्मचारी पीछे हट गए। सदर थाना पुलिस ने भी शांति भंग की आशंका में चालान करके कोरम पूरा किया। हालात यह है कि यह दोनों बिचौलिए दोबारा सक्रिय हो गए है। इनके साथ कई और भी युवा जुड़ गए हैं। इन्होंने मेडिकल कालेज प्रशासन के समानांतर अपना नेटवर्क खड़ा कर रखा है। यहां भर्ती होने के लिए आने वाले रोगियों को निजी अस्पताल में भेजने के साथ बाहर से दवाई इनके इशारे पर आती है।

मेडिकल कालेज प्रशासन के समानांतर दलालों ने भी अपना नेटवर्क खड़ा कर रखा है। यहां भर्ती होने के लिए आने वाले रोगियों को निजी अस्पताल में भेजने के साथ बाहर से दवाई इनके इशारे पर आती है। हालात यह है कि सुबह करीब सात बजे से ही यह ओपीडी में मंडराने लगते हैं।

आठ बजे डाक्टर का चेंबर खोलने से लेकर कुर्सी पर तौलिया (टावल) बिछाने की जिम्मेदारी भी यहीं करते हैं। पर्ची जमा करने से लेकर रोगी को पुकारने का काम भी बखूबी करते हैं।

इसके बाद जैसे ही डाक्टर पर्चे पर दवा लिखते हैं। यहीं से यह लोग अपना काम शुरू कर देते हैं। एक चिकित्सक के पास दो से तीन लोग लगे रहते हैं।





> मेडिकल कालेज में सक्रिय दलालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन और पुलिस को इस संबंध में सूचित किया गया है। संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई भी की गई है। जल्द ही इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> डा. अशोक कुमार झा, प्राचार्य माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज

### खराब सीसी कैमरे की फुटेज की हो रही अनदेखी

मेडिकल कालेज की ओपीडी व इमरजेंसी वार्ड के प्रत्येक हिस्से में सीसी कैमरे लगे है। एनएमसी के निर्देश पर इसे लगाया गया है। इसका सीधा प्रसारण प्राचार्य के कार्यालय में होता है। कैमरे में प्रत्येक गतिविधियां कैद होती रहती है। वहीं दलाल दिन और रात को यहां पर चहलकदमी करते रहते हैं। इसके बावजूद किसी को भी कुछ नहीं दिखाई दे रहा है।

### नेटवर्क के सामने बेबस है मेडिकल कालेज प्रशासन

दलालों का नेटवर्क इतना तगड़ा है कि कोई इनके सामने बोलने से भी कतराता है। मेडिकल कालेज प्रशासन ने करीब दो माह पूर्व तेजी दिखाई थी। दो बिचौलियों के खिलाफ सदर थाना में तहरीर भी दिया था, लेकिन मामले की पैरवी करने के नाम मेडिकल कालेज के अधिकारी व कर्मचारी पीछे हट गए। सदर थाना पुलिस ने भी शांति भंग की आशंका में चालान करके कोरम पूरा किया। हालात यह है कि यह दोनों बिचौलिए दोबारा सक्रिय हो गए है। अब इनके साथ और भी युवा चेहरे दिखाई देने लगे है।

# स्वास्थ्य कर्मी की बाइक चोरी, केस

सिद्धार्थनगर। सीएचसी मिठवल पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी की बाइक परिसर से मंगलवार दोपहर में चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के रमवापुर भैया गांव निवासी लालचंद चौधरी सीएचसी मिठवल में एनएमएस पद पर तैनात हैं। परिसर में बाइक खड़ी कर ड्यूटी कर रहे थे। ड्यूटी के बाद घर जाने के लिए बाहर निकले तो बाइक गायब थी।

# हत्या का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बर्डपुर। मोहाना पुलिस ने फरार चल रहे हत्यारोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी ने बताया कि किशुन पुत्र कल्लू निवासी पननी के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 323, 307, 302 के तहत केस दर्ज था। वह फरार चल रहा था। आरोपी को सड्डा बाग के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# तीन किलो चरस के साथ 2 पकड़े गए

शोहरतगढ़। एसएसबी 50वीं वाहिनी के बढ़नी बीओपी व बढ़नी पुलिस चौकी के जवानों ने बुधवार को तीन किलो चरस के साथ दो लोगों को पकड़ लिया। इनमें एक सिद्धार्थनगर और दूसरा बलमरामपुर जिले का रहने वाला है। दोनों नेपाल की ओर से बाइक चलाते हुए भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे थे।

एसएसबी 50वीं वाहिनी के बढ़नी बीओपी व बढ़नी पुलिस चौकी के जवानों ने नेपाल की तरफ से आ रही बाइक को जांच के लिए रोका गया। बाइक पर दो लोग सवार थे। उनके पास तलाशी में एक बैग मिला। जांच के दौरान बैग में 2.94 किग्रा चरस मिला। पूछताछ में उनकी पहचान बलरामपुर के पचपेड़वा थाने के भगवानपुर निवासी वाहिद व सिद्धार्थनगर के कठेला समय माता थाना क्षेत्र के मनकौरा गांव निवासी सफीकुर्रमान के रूप में हुई। दोनों को ढेबरुआ थाने पर अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।

# नेपाल भेजी जा रही 6.4 क्विंटल मछली को एसएसबी ने पकड़ा

- अलीगढ़वा सीमा के ठाकुरपुर गांव के पास मिली सफलता
- मोहाना कस्बे के रहने वाले थे पकड़े गए आरोपित

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : एसएसबी 43वीं वाहिनी के जवानों ने बुधवार को अलीगढ़वा बार्डर के ठाकुरद्वारा गांव के पास से पिकअप पर लादकर नेपाल ले जाई जा रही मछली को पकड़ा है। इन मछलिया का वजन 6.4 क्विंटल बताया जा रहा है। आरोपितों का नाम सुमित साह पुत्र कौशल किशोर निवासी मोहाना व इमरान पुत्र शेरगनी, निवासी गोहनिया थाना मोहाना जिला सिद्धार्थनगर है। एसएसबी ने पकड़े गए लोगों के साथ वाहन मय मछली को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम कार्यालय ककरहवा को सुपुर्द कर दिया।

शक्ति सिंह कमांडिंग अधिकारी ने बताया कि एसएसबी को सूचना मिली कि अलीगढ़वा बाजार के रास्ते बड़ा ठाकुरपुर गांव की ओर से कुछ लोग मछली की तस्करी कर उसे नेपाल पहुंचाने वाले है। तत्काल बार्डर पर तैनात जवानों को इसकी जानकारी दी गई। उप निरीक्षक देशराज के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार, मुख्य आरक्षी लाल सिंह, आरक्षी मुकेश तमांग, मोहम्मद नाहिद इकबाल, संदीप कुमार यादव और आरक्षी अविनाश पासी की विशेष गस्ती दल गांव के लिए रवाना की गई।

टीम ने गांव के रास्ते एक बोलेरो व पिकअप को आते देखा। गाड़ी रुकने का इशारा किया तो गाड़ी में सवार लोग घबरा गए। वाहन में तलाशी के दौरान अलग-अलग किस्म की जीवित मछलियां पाई गईं।



पकड़े गए मछली के साथ एसएसबी के जवान ● जागरण

### कच्ची के साथ महिला गिरफ्तार

वढ़याः मिश्रौलिया पुलिस ने बुधवार को एक महिला को कच्ची के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्राम ओदनवाल निवासी किसलावती को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 10 लीटर शराब बरामद की गई। आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को न्यायालय के लिए भेजा गया।

# तीन किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, बढ़नी, सिद्धार्थनगर : एसएसबी 50वीं वाहिनी व ढेबरुआ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने बढ़नी बाजार के पास से 2.900 किलो चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वह बाइक से नेपाल की ओर से आ रहे थे। आरोपितों का नाम कठेला समय माता थाना के सेमरा गांव निवासी शफीकुर्रहमान व बलरामपुर के पचपेड़वा थाना के भगवानपुर गांव निवासी वाहिद है।

एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम बढ़नी बार्डर के पास संयुक्त रूप से चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नेपाल की ओर से आ रही बाइक को रोक कर पूछताछ शुरू की। दोनों के हाव-भाव को देखने के बाद संदेह हुआ। बाइक के डिक्की में रखे बैग को खोल कर देखा तो उसमें चरस मिला। कार्रवाई करने वाली टीम में एसएसबी के सहायक सेनानायक होशियार सिंह पटियाल, एसआइ कमल राय, शम्मी खोसिया, प्रभारी पुलिस चौकी बढ़नी सभाशंकर यादव, आरक्षी राजू प्रसाद, राकेश आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### छेड़खानी के आरोपित पर दर्ज हुआ मुकदमा

घोसियारी, सिद्धार्थनगर : शिव नगर थाना डिड़ई क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पाक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोपित की तलाश में जुट गई हैं। घटना बुधवार दोपहर की है। नाबालिग गांव के एक बगीचे में बकरी चराने गई थी। थाना क्षेत्र के पिड़वा गांव निवासी 19 वर्षीय सब्बार वहां पहुंचा और किशोरी से छेड़खानी करने लगा। घर पहुंच कर उसने आप बीती स्वजन को बताया। पीड़िता के मां ने बताया कि आरोपित आए दिन उसे छेड़ता रहता है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगा दिया गया है। (जासं.)

### जुआ खेलते दो गिरफ्तार

बढ़या : बुधवार को मिश्रौलिया पुलिस ने दो लोगों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक राम दरश यादव ने कुर्बान अली व अफजल को जुआ अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। (जासं.)

# सीमा पर तीन किलो चरस के साथ तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। एसएसबी 50वीं वाहिनी के बढ़नी बीओपी और बढ़नी पुलिस चौकी के जवानों ने संयुक्त ऑपरेशन में बुधवार को लगभग 3 किलो चरस के साथ दो आरोपियों को पकड़ लिया। इनमें एक सिद्धार्थनगर और दूसरा बलमरामपुर जिले का रहने वाला है। दोनों नेपाल की ओर से बाइक चलाते हुए भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे थे।

एसएसबी 50वीं वाहिनी के बढ़नी बीओपी व बढ़नी पुलिस चौकी के जवानों ने नेपाल की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका गया। बाइक पर दो लोग सवार थे। उनके पास तलाशी में एक छोटा पिट्ठू बैग मिला। जांच के दौरान बैग में 2.94 किग्रा चरस मिला। इस दौरान बलरामपुर के पचपेड़वा थाने के भगवानपुर निवासी वाहिद व सिद्धार्थनगर के कठेला समय माता के मनकौरा निवासी सफीकुर्रमान थे। दोनों को ढेबरुआ थाने पर अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है।

इस दौरान एसएसबी के सहायक कमांडेंट होशियार सिंह पटियाल, बढ़नी चौकी प्रभारी सभाशंकर सिंह, कमल राय, शम्मी खोलिया, राकेश कुमार ने चरस की तस्करी पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।



चरस के साथ पकड़ा गया आरोपी।

## एसएसबी 50वीं वाहिनी और बढ़नी पुलिस को मिली सफलता

# पुलिस के हत्थे चढ़ा हत्या का आरोपी

सिद्धार्थनगर। मोहाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी ने बताया कि हत्या और बलवा आदि मामलों में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के पननी निवासी अभियुक्त किशुन को पुलिस ने सड्डा बाग से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गया अभियुक्त मारपीट, जानलेवा हमला आदि मामलों में वांछित था। संवाद

# रिमांड मांगने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने लगाई दरोगा को फटकार

## गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम महुआ में मारपीट के बाद व्यक्ति की मौत का मामला, विसरा जांच से होगा हरिलाल की मौत का खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के ग्राम महुआ निवासी हरिलाल की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो पाया। इसलिए सुरक्षित रखे गए विसरा रिपोर्ट की जांच के बाद ही उसके मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। महुआ निवासी हरिलाल से रविवार शाम को शराब पीने के दौरान मारपीट हो गई थी। जिसके बाद सोमवार देर शाम उसकी मौत हो गई।

मृतक की पत्नी सुभावती की तहरीर पर पुलिस ने सेमरी निवासी बृहस्पति पांडेय के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्जकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### मृतक की पत्नी की तहरीर पर दर्ज हुआ था केस

पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार आरोपी बृहस्पति पांडेय को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में पेश किया, जिस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रद्धा भारतीय ने रिमांड प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने प्रपत्रों व घटना के तथ्यों एवं परिस्थितियों का परिशीलन करते हुए निष्कर्ष निकाला कि विवेचक द्वारा मृतक के संबंध में कोई भी चिकित्सकीय प्रपत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट चिकित्सक का बयान, पंचनामा इत्यादि रिमांड के वक्त पेश नहीं किया है। जिससे स्पष्ट हो सके कि उसकी मौत अभियुक्त के मारपीट के परिणाम स्वरूप हुई हो।

उन्होंने विवेचक राजाराम यादव व थानाध्यक्ष बलजीत राव के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को भेजा है।

साथ ही कृत कार्रवाई से सात दिन के भीतर अवगत कराना सुनिश्चित करने को कहा है। इधर, शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने के कारण विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेज दिया गया है। एसओ बलजीत राव का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है, विसरा जांच रिपोर्ट मिलने के बाद उसकी मौत का कारण पता चलेगा। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कहा कि पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई के लिए कोर्ट के आदेश के संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं है।

# ट्रेन के नीचे रख दिया था पांच दिन का नवजात, चरवाहों की नजर पड़ी तो बच गई जान

सिद्धार्थनगर। गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर स्थित परसा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दो पर कई दिनों से खड़ी ट्रेन के नीचे करीब पांच दिन का नवजात मिला। शायद उसकी मां ने ही उसे स्टेशन पर मरने के लिए छोड़ दिया था, लेकिन बुधवार शाम 6.30 बजे भैंस हांकते हुए चरवाहे उधर से गुजरे तो उन्होंने नवजात के रोने की आवाज सुनी। जब वे मौके पर पहुंचे तो बच्चा देखकर चौंक गए।

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के एसएनसीयू में नवजात का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी सेहत ठीक है।

## परसा रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन के नीचे रो रहा था नवजात

स्टेशन पर बच्चा होने की खबर पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए थे।

शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के परसा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म दो पर रेल ट्रैक पर बच्चा होने की खबर पर पहुंचे अजय सिंह ने चाइल्ड लाइन को सूचना दी। उन्होंने बच्चे को बाहर निकाल कर उसे दूध पिलाया। बच्चे के पैर में स्याही से कुछ लिखा गया है, लेकिन वहां उसे कोई पढ़ नहीं पाया। जहां से आए कर्मियों को बच्चे को सौंप दिया। संवाद

# दो डिप्टी सीएमओ, फार्मासिस्ट पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

## वायरल वीडियो प्रकरण : सीएमओ ने दर्ज कराया भ्रष्टाचार का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल की तहरीर पर सदर पुलिस ने डिप्टी सीएमओ बीएन चर्तुवेदी एवं डॉ एमएन त्रिपाठी व निजी अस्पताल के संचालक फार्मासिस्ट रंजीत कुमार पर धोखाधड़ी व भ्रष्टाचार के मामले में केस दर्ज किया है। सीएमओ ने सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो के आधार पर तीनों के विरुद्ध तहरीर दी थी। मामले की जांच सीओ सदर अखिलेश वर्मा करेंगे।

सीएमओ ने दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि जिला अस्पताल में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत रंजीत कुमार बांसी कस्बा में अवैध तरीके से अवध हास्पिटल का संचालन करता है। जिसके पंजीकरण के लिए उन पर दबाव डाल रहा था।

उन्होंने आरोप लगाया है कि फार्मासिस्ट रहते हुए वह खुद के हास्पिटल में चिकित्सक का कार्य करता है और वहां कोई प्रशिक्षित चिकित्सक नहीं है। अस्पताल पंजीकरण के लिए जिन चिकित्सकों का नाम दिया, जो वास्तव में वहां कार्य नहीं करते हैं।

पंजीकरण नहीं होने पर उसने फंसाने की नियत से वीडियो बनाकर बदनाम करने का प्रयास किया। इस वीडियो क्लिप में नोडल अधिकारी नैदानिक स्थापना डॉ. एमएन त्रिपाठी, डिप्टी सीएमओ डॉ. बीएन चर्तुवेदी द्वारा रुपये लेन-देन किए जाने की बात स्वीकार करना प्रतीत हो रहा है इसलिए इन लोगों पर केस दर्जकर मामले की छानबीन करते हुए सभी वीडियो क्लिप की जांच जरूरी है।

पुलिस ने मामले में तीनों लोगों पर केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। एसओ सदर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज हुआ है, इसकी विवेचना सीओ सदर करेंगे। सीओ सदर अखिलेश वर्मा का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की छानबीन की जाएगी और वीडियो क्लिप की जांच कराई जाएगी। उपलब्ध तथ्य व साक्ष्य के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सीएमओ ने लिखा था एसपी को पत्र

सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल ने वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल को पत्र लिखा था। उन्होंने लिखा था कि वीडियो के बीच से आ रही आवाज में डिप्टी सीएमओ ने सीएमओ के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया है। एसपी ने इस मामले की जांच एएसपी सिद्धार्थ को सौंपी थी, जांच रिपोर्ट के आधार पर केस दराया गया है।

**अब आएगी सीडीओ की जांच रिपोर्ट :** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि सीएमओ, डिप्टी सीएमओ एवं निजी अस्पताल संचालक के बीच लेने देन के बातचीत की वायरल वीडियो की जांच सीडीओ कर रहे हैं। जल्द ही रिपोर्ट प्राप्त होगी, इस मामले में जांच रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# चार गुना के लालच में मछली की तस्करी, पकड़ी 6.4 क्विंटल

## 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** भारत की मछली नेपाल में चार गुना कीमत पर बिकती है। इसी लालच में सीमा पर धड़ल्ले से तस्करी चल रही है। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने बुधवार को अवैध तरीके से भारत से नेपाल पिकअप से ले जा रहे 6.40 क्विंटल मछली के साथ दो व्यक्तियों को पकड़ लिया।

तस्करी की मछली पकड़े जाने के मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसएसबी अलीगढ़वा चौकी के गश्ती के दौरान अवैध तरीके से भारत से नेपाल पिकअप में ले जा रहे जा रहे मछली के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई थी कि अलीगढ़वा बाजार के रास्ते बड़ा ठाकुरपुर गांव के रास्ते मछली की तस्करी होने वाली है।


उप निरीक्षक देश राज के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार, मुख्य आरक्षी लाल सिंह, आरक्षी मुकेश तमांग, मो. नाहिद इक़बाल, संदीप कुमार यादव और आरक्षी अविनाश पासी के विशेष गश्ती दल सीमा स्तंभ संख्या 549 के समीप बड़ा ठाकुरपुर गांव के लिए रवाना हुए और चिन्हित स्थान पर पहुंचने के कुछ समय बाद गश्ती दल ने देखा कि अलीगढ़वा के रास्ते एक पिकअप आ रही है।

संदेह के आधार पर जवानों ने गाड़ी को रोकने का इशारा किया गया तो गाड़ी में बैठे दोनों घबरा गए। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना परिचय बताया। पिकप में मोहाना थाना क्षेत्र के मोहान गांव के सुमित साह मौजूद थे, जबकि मोहाना के गोहनिया के इमरान चला रहे थे।

**140 के मिलते हैं 450 रुपये :** भारतीय क्षेत्र की अपेक्षा नेपाल में मछली अधिक महंगी बिक रही है। इस कारण तस्करी होती है। जिले में कामन कार्प 140 रुपये किलो है, नेपाल में नेपाली मुद्रा में 450 रुपये किलो बिक जाती है, यह भारतीय मुद्रा में 280 रुपये किलो होगी। इस प्रकार बॉर्डर पार होते ही मछली का दाम दोगुना हो जाता है। पंगासियस जिले में 90 रुपये एवं नेपाल में 160 रुपये, रोहू जिले में 140 रुपये एवं नेपाल में 300 रुपये, रूपचंदा जिले में 130 रुपये ओर नेपाल में 180 रुपये किलो बिक रही है।

### कई प्रजाति की जीवित मछलियां मिलीं

पिकअप में अलग-अलग किस्म के जीवित मछलियां पाई गई। दोनों से गाड़ी में लदे मछली के बारे में पूछताछ की गई, जिसमें सुमित साह ने बताया कि यह मछली उसकी है, लेकिन जब संबंधित कागजाद दिखाने के लिए गया गया तो उनके द्वारा न तो किसी प्रकार का कोई संतोषजनक जवाब दिया गया और न ही संबंधित कागजाद दिखाए गए, जिससे ज्ञात होता है कि इन मछलियों को अवैध तरीके से भारत से नेपाल ले जाया जा रहा था। गश्ती दल ने पिकअप और बैकी, बिघट, पापलेट और रोहू की कुल 6.40 क्विंटल मछलियों को जब्त कर दोनों तस्कर सहित उचित कागजी कार्रवाई के बाद सीमा शुल्क कार्यालय ककरहवा को सुपुर्द कर दिया गया।



एसएसबी की गिरफ्त में मछली तस्कर।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2023

## तहसील प्रशासन के निर्देश पर बनी नाली उखाड़ने का आरोप

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के गौराखुर्द गांव निवासी ग्राम प्रधानपति ने महुली थाने में तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों के खिलाफ ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई भूमिगत नाली को उखाड़ फेंकने का आरोप लगाते हुए एसडीएम धनघटा और महुली पुलिस को तहरीर दिया है। महुली थाना क्षेत्र के गौराखुर्द के ग्राम प्रधानपति गिरजेश कुमार चौरसिया ने एसडीएम धनघटा और थानाध्यक्ष महुली को दिए गए तहरीर में लिखा है कि मंगलवार की सुबह 7 बजे से 8 बजे के बीच गांव के कुछ लोग तहसील प्रशासन के निर्देश पर ग्राम पंचायत द्वारा बनाई गई भूमिगत नाली को उखाड़ कर फेंक दिया है जिसके कारण 20 से 25 घरों की जलनिकासी की समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रधान पति ने गांव के ही 6 लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। इस संबंध में एसएसआई अमित कुशवाहा ने बताया कि मामला संज्ञान में है दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया गया है जांच के उपरान्त आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात बाइक चालक पर मार्ग दुर्घटना का केस

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थानान्तर्गत महुली-बस्ती मार्ग पर बीते 11 सितम्बर को हुई मार्ग दुर्घटना में शामिल बाइक सवार के विरूद्ध दुर्घटना में घायल युवक के परिजन की तहरीर पर महुली पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरूद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दुर्घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के घोरहट गांव निवासी बाबीदेवल कुमार पुत्र साधूराम ने बताया कि उसका चचेरा भाई प्रेमकुमार निषाद अपने छोटे भाई प्रेमचन्द्र के साथ बीते 11 सितम्बर को नजदीकी महुली कस्बे में किसी कार्य से जा रहा था। रास्ते में पंजाब नेशनल बैंक सिक्टहा से 100 मीटर पूर्व सिदाही गांव की तरफ जाने वाले मोड़ पर चचेरा भाई प्रेम कुमार रूक कर पेसाब करने लगा और उसका छोटा भाई प्रेमचन्द्र बाइक पर बैठा था। इसी बीच एक अज्ञात बाइक सवार नम्बर यू.पी.51 ए.यू. 2780 कुशहवा की तरफ से तेज रफ्तार पहुंचा और उसके चचेरे भाई को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे चचेरा भाई बुरी तरह घायल हो गया साथ ही उसका पैर भी फैक्चर हो गया।

## धोखाधड़ी कर दूसरे के आवास का पैसा हजम करने के आरोप में जालसाज नामजद

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थानान्तर्गत पानाराम गांव निवासी एक महिला ने गांव के एक अपराधी छवि वाले हिस्ट्रीशीटर व्यक्ति पर पीएम आवास के एक लाभार्थी का पैसा अपने अनपढ पति के खाते में मंगा कर पैसे को तत्काल अपने खाते में ट्रांसफर करा लेने का आरोप लगाया है। महिला ने धोखाधड़ी की इस घटना को लेकर महुली पुलिस को तहरीर देते हुए महिला ने धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति के उपर जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के पानाराम गांव निवासी पुष्पा देवी पत्नी बिजली ने बताया कि उसके गांव निवासी शिवनाथ पुत्र चिराइत यादव ने उसके पति बिजली को विश्वास में लेकर प्रधानमंत्री आवास की सूची में नाम होने का भरोसा दिया और पति को साथ लेकर पूर्वांचल ग्रामीण बैंक की गिठिनी शाखा पर पहुंच गया। बैंक पर उक्त शिवनाथ ने उसके पति का फोटो लगाकर किसी राजदेव नामक व्यक्ति के नाम बैंक में खाता खोलवा लिया और दूसरे व्यक्ति के नाम पर मिले आवास के किस्त की धनराशि को पति के उपर दबाव बनाकर पूर्वांचल ग्रामीण बैंक तामेश्वर नाथ में संचालित अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। इतना ही नहीं उक्त शिवनाथ ने पति को अपनी जुबान बन्द रखने की धमकी देकर पति को काफी भयभीत कर दिया जिसका नतीजा रहा कि पति द्वारा भी इस जालसाजी के संबंध में उसे तक जानकारी नहीं दी गई।

## स्कूटी सवार टप्पेबाज ने छीना 26 हजार नकदी

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के बेलराई गांव निवासी एक किसान से थाना क्षेत्र के कुशहवा-धायपोखर मार्ग पर सिदाही गांव के सीवान में स्कूटी सवार एक टप्पेबाज ने ₹ 26 हजार नकदी छीन लिया और फरार हो गया। पीड़ित किसान पंजाब नेशनल बैंक की सिक्टहा शाखा में संचालित अपने खाते से उक्त ₹ 26 हजार नकदी निकालकर घर जा रहा था कि रास्ते में छिनैती का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के बेलराई गांव निवासी किसान रामकृपाल पुत्र छोटू मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक सिक्टहा में संचालित अपने खाते से 26 हजार नकदी निकाल कर घर साइकिल से जा रहा था। किसान रामकृपाल थाना क्षेत्र के कुशहवा-धायपोखर मार्ग पर सिदाही गांव के सीवान में पहुंचा था उसी बीच स्कूटी पर सवार होकर एक टप्पेबाज मौके पर पहुंचा और किसान रामकृपाल को रोक लिया। स्कूटी सवार टप्पेबाज ने किसान रामकृपाल को बताया कि वह बैंक से आया है और बैंक से तुम ज्यादे पैसा लेकर जा रहे हो इसलिए मैनेजर ने तुम्हें तत्काल बैंक पर बुलाया है। किसान रामकृपाल बैंक से अपना पैसा लेकर आने का हवाला देते हुए जेब में रखी बैंक से निकाली गई 26 हजार नकदी को बाहर निकाल कर जैसे ही गिनना शुरू किया उसी बीच मौका पाकर स्कूटी सवार टप्पेबाज ने किसान के हाथ से ₹ 26 हजार नकदी छीन लिया और मौके से फरार हो गया।

## रास्ते के विवाद में बाप-बेटी को पीटा

**पौली (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के गागड़गाड़ गांव निवासी कुछ मनबढों ने रास्ते के विवाद को लेकर मंगलवार को बाप-बेटी के उपर हमला कर दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर घायल पिता ने हमलावरों के विरूद्ध थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के गागड़गाड़ गांव निवासी सोनू पुत्र मोतीराम ने बताया कि मंगलवार को रास्ते के विवाद को लेकर गांव निवासी विपक्षी अमरनाथ,अशोक पुत्रगण निर्मल,संगीता देवी पत्नी अशोक व चन्दा देवी पत्नी निर्मल लाठी-डंडा लेकर उसे घेर कर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। उसने गाली देने का विरोध किया तो उक्त सभी जानमाल की धमकी देते हुए उसे लाठी-डंडे से मारना शुरू कर दिया। इस बीच शोर सुनकर उसकी भतीजी अंशू पुत्र विजय प्रताप ने उसका बचाव करने की कोशिश की तो हमलावर उसके साथ-साथ भतीजी को भी लाठी-डंडे से पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक धनघटा ने बताया कि प्रार्थनापत्र की जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर हमलावरों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

## तीन पर एससी-एसटी का केस

**नाथनगर।** महुली थाना क्षेत्र के भैंसहीजोत गांव में 3 सितम्बर की रात 8 बजे जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों द्वारा दलित के घर में घुसकर मारने-पीटने तथा सामान को छति पहुंचाने के मामले में महुली पुलिस द्वारा बुधवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भैंसहीजोत गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र रामबूझ ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि जमीन के विवाद को लेकर विपक्षीगण पन्नेलाल पुत्र श्याम लाल यादव, रामजियावन पुत्र द्वारिका यादव तथा सचिन पुत्र रामवीर यादव निवासीगण भैंसही जोत थाना महुली जनपद संतकबीरनगर ने 3 सितम्बर की रात लगभग 8 बजे उसके दरवाजे पर आकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे से बुरी तरह से पिटाई कर दी। जान बचाने के लिए जब वह अपने घर में घुस गया तो उक्त विपक्षीगण उसके घर में घुसकर घर में रखा सामान क्षतिग्रस्त कर दिया तथा तोड़-फोड़ भी किया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी पन्नेलाल,रामजियावन तथा सचिन के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323,504,452 व 427 तथा 3 (1) (द) (ध) एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# अपराधियों पर पैनी नजर बनाए रखें पुलिसकर्मी

मेंहदावल (एसएनबी)। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को देर शाम थाना मेंहदावल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जनसुनवाई डेस्क, शस्त्र रजिस्टर, अपराध और लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के बारे में जानकारी लेते हुए पुलिस की ड्यूटी महत्वपूर्ण स्थानों पर लगाए जाने के निर्देश दिए। किसी तरह की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।


**अपर पुलिस अधीक्षक ने मेंहदावल थाने का किया औचक निरीक्षण**

एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बुधवार की देर शाम औचक निरीक्षण के लिए थाना मेंहदावल पहुंचे। एएसपी के आने की सूचना पर पुलिस कर्मियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। उन्होंने सर्वप्रथम थाने पर जनसुनवाई डेस्क, आगंतुक कक्ष व महिला कक्ष का किया निरीक्षण किया। थाना रजिस्टरों से लेकर मुख्य दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। खाने की मेस से लेकर थाने में साफ सफाई का जायजा लिया। थाने में खड़े वाहनों के रखरखाव में लापरवाही को देखकर उन्होंने पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एएसपी ने थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे को रात्रि गश्त सुचारू रूप से किए जाने व वांछित अपराधियों की जल्द से जल्द धरपकड़ के आदेश दिए। थाने में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण करने के भी आदेश दिए। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के बाद एएसपी के लौटने पर थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। वहीं एसएसपी ने मेंहदावल कस्बे में पैदल गस्त किया।

# पेट्रोल पम्प मालिक अपने कर्मियों का कराएं चरित्र सत्यापन : एसपी

संतकबीरनगर(एसएनबी)। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष व पेट्रोल पंप मालिकों/ संचालकों के साथ उनकी समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं समस्याओं के निराकरण के लिए बैठक हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के साथ अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारीगण उपस्थित रहे। लोगों से उनकी समस्या, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी व सुझाव आदि लिए गए।

पेट्रोल पंप संचालकों को अपने-अपने पेट्रोल पंप परिसर में अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटवी कैमरा लगवाने, समय-समय पर उनकी जांच करवाने व खराब सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत, साथ ही कैमरों को इस प्रकार स्थापित करवाएं। जिससे कि आने जाने वाले वाहनों का नंबर प्लेट स्पष्ट रुप से दिखाई दें आदि सुझाव दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत यूपी-112 तथा स्थानीय पुलिस की गाड़ियां महत्वपूर्ण स्थानों/व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आस पास 24 घण्टे भ्रमण



करती रहती है। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर अविलंब पुलिस को सूचना दें। जिससे समय रहते कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्रीमती दीपांशी राठौर, क्षेत्राधिकारी धनघटा बृजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ, क्षेत्राधिकारी रामशंकर तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कोर्ट ने दिया मुकदमा दर्ज करने का आदेश

संतकबीरनगर(एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के दरुवा जप्ती अदालत गांव निवासिनी विवाहिता को 10/11 मई की रात्रि को गांव के ही कुछ लोगों ने बहला फैसला कर भगा ले गए थे। मामले में पीड़ित पति अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर पत्नी की तलाश करता रहा और कोतवाली पहुंचकर पत्नी को बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया था। लेकिन मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। थकहार कर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली थी। पीड़ित के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए सीजेएम कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को मामले में अभियोग पंजीकृत कर शीघ्र जांच आख्या उपलब्ध कराने की निर्देश दिया है। जिससे पीड़ित को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने कहा है कि 10/11 मई 2023 की रात्रि को वह गांव में आयोजित एक शादी समारोह में गया था। बारातियों के भोजन करने व जयमाल कार्यक्रम खत्म होने के बाद वहां से वह वापस लगभग 12 बजे रात को घर लौटा और देखा कि उसके कमरे का दरवाजा खुला है। उसके तीनों बच्चे बिस्तर पर सो रहे हैं और पत्नी बिस्तर पर नहीं थी। पूरी रात व पत्नी की पड़ोस और गांव में तलाश करता रहा लेकिन पता नहीं चला। सुबह गांव के कुछ लोगों ने बताया कि गांव के अक्षय,रामू व सचिन रात को उसकी पत्नी को ले जाते हुए देखा था। उसकी पत्नी को गायब कराने में गांव की दो महिलाओं ने भी सहयोग किया था। घटना के बाद 2 दिन तक आरोपी गांव में नहीं थे उसके बाद सचिन व रामू घर आ गये जबकि अक्षय उसकी पत्नी को लेकर फरार है। जब उसने रामू की पत्नी व अक्षय की मां से पूछा तो दोनों ने गाली गुप्ता देते हुए मारपीट पर उतारु हो गयी। थक हार कर पीड़ित कोतवाली पहुंचा और तहरीर देकर पत्नी को बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। इसके बाद उसने जरिए रजिस्ट्री पुलिस अधीक्षक व पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती को भी मामले से अवगत कराया। कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने न्यायालय में अधिवक्ता जयप्रकाश पाठक के माध्यम से परिवाद दाखिल किया। पीड़ित के परिवाद को स्वीकार करते हुए सीजीएम श्वेता श्रीवास्तव ने कोतवाली पुलिस को मामले में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# विभिन्न स्थानों पर लगवाया 16 सीसीटीवी कैमरा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग से 16 सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से कैमरा स्थापित कराया। खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर पांच सीसीटीवी एवं थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर आठ सीसीटीवी एवं मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरा लगवाया।

# बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक के कैश लॉकर तोड़ने का आरोपी गिरफ्तार

मेंहदावल (एसएनबी)। बीते सोमवार/मंगलवार की रात में पुलिस पिकेट से कुछ दूरी पर बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक के कैश लॉकर को तोड़ने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने 30 घंटे के अंदर ही आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया।



प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे ने घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया की सोमवार रात में मेहदावल थाना क्षेत्र के टड़वरिया में स्थित बड़ौदा बैंक में बैंक के पीछे से ग्रिल तोड़ कर चोरी करने का दुसाहसिक प्रयास किया गया था।

मंगलवार को बैंक खुलने पर बैंक मैनेजर मृत्युंजय कुमार द्वारा देखा गया तो बैंक के पीछे के हिस्से में खिड़की के दो-तीन (ग्रिल ) टूटे हुए हैं। जिसकी मौखिक सूचना मिली थी जिसके बाद टीम के साथ बैंक पर पहुंचे तथा सक्रियता दिखाते हुए तत्काल जनपद के फील्ड यूनिट टीम (फरेंसिक टीम) सर्विलेंस सेल को अवगत कराया दोनों टीम मौके पर तत्काल पहुंची बैंक के सीसीटीवी फुटेज एवं बैंक के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की मनिटरिंग एवं वीडियो फुटेज अवलोकन किया। बैंक मैनेजर द्वारा तहरीर देने पर अपराध संख्या 406/2023धारा 457/380/511 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 27 में अभियोग पंजीकृत कराया गया। इसके बाद एसपी सत्यजीत गुप्ता ने तत्काल एसएचओ मेंहदावल विजय कुमार नेतृत्व, उप निरीक्षक प्रवीण कुमार तथा उप निरीक्षक भीमसेन की टीम गठित की थी। पुलिस टीम ने सर्विलांस सेल की मदद से एवं जनता के सहयोग तथा मुखबिर की सूचना पर बुधवार को दोपहर घटना में शामिल युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त किए गंए उपकरण उसकी निशान देही पर बरामद किए गए। अभियुक्त से गहन पूछताछ की गई।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभी तक पकड़े गए अभियुक्त का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। वह बाहर दूसरे प्रदेश में रहकर काम करता था और कुछ दिन पहले आया है। युवक के संबंध में अन्य जानकारी एकत्र की जा रही है कि यह अकेले था या इनके साथ अन्य लोग भी थे। आरोपी को उप निरीक्षक भीमसेन सिंह, मुख्य आरक्षी अमित सिंह, आरक्षी नवतेज सिंह ने गिरफ्तार किया है।

# दो वारंटियों को दबोचकर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दो वारंटियों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की।

## विवाद में मारपीट, आठ के विरूद्ध केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद के जंगलकला पल्थिया गांव में मामूली विवाद के चलते दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने दोनों पक्ष का शिकायत पत्र मिले पर आठ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।



खलीलाबाद में बुधवार की शाम को पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराते एसपी सत्यजीत गुप्ता। • हिन्दुस्तान

# एसपी ने पैदल गश्त कर कराया एहसास

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने व जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न कराने के लिए बुधवार की शाम को शहर में पैदल गस्त किया। कस्बा खलीलाबाद स्थित समय माता तिराहा, बरदहिया बाजार, सर्राफा मार्केट, बैंक चौराहा आदि प्रमुख व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया। पैदल मार्च के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों, राहगीरों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आशवस्त किया।

# बैरक का एसपी ने किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बुधवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद परिसर में निर्माणाधीन बैरक का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामाग्री ( ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया आदि ) की गुणवत्ता का बारीकी से जांच की।

निर्माण कार्य में उच्च कोटि की सामग्री का प्रयोग करने व निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित करने के साथ ही भवन निर्माण के निरीक्षण के लिए नामित अधिकारी को बराबर निर्माण कार्य का निगरानी करने के लिए आदेशित किया।

# विवाहिता ने ससुरालियों पर दर्ज कराया मुकदमा

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के पिपराकला गांव निवासी विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बस्ती जनपद के परसा हज्जाम गांव निवासी संजू ने अपने शिकायत में बताया कि उनकी शादी वर्ष 2022 में कोतवाली क्षेत्र के पिपराकला गांव निवासी प्रिंस के साथ हुई थी। शादी में पिता ने अपने हैसियत के अनुसार पांच लाख नकदी, जेवरात एवं अन्य सामान दिया था।

# सब्जी का पेड़ उखाड़ने के विवाद में मारपीट

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के बनकटवा गांव में सब्जी का पेड़ उखाड़ने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्र पर मामले में मुकदमा दर्जकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरूकर दिया। मारपीट की घटना में घायलों को मेडिकल परीक्षण एवं दवा उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल रवाना कर दिया गया है।

# सब्जी का पौधा उखाड़ने को लेकर मारपीट, चार पर केस

**जासं,संतकबीर नगर**: कोतवाली थाना के बनकटवां गांव में बुधवार को सब्जी के पौधे को उखाड़ने को लेकर मारपीट हो गयी। इस मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इस गांव के निवासी दिनेश पुत्र प्रहलाद ने बताया कि बुधवार को शाम के करीब चार बजे उनके पट्टीदार बालमुकुंद, उनके दो बेटे संजय व विजय कुमार और संजय की पत्नी शीला देवी उनके खेत में गए थे। वहां पर ये लोग उनके करैला के पौधे और झमड़ा को उखाड़ कर फेंकने लगे। उनके मना करने पर ये लोग उन्हें पीटने लगे। प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# अश्लील टिप्पणी के विरोध पर मारा-पीटा

बखिरा। थाना क्षेत्र के रसूलाबाद में एक व्यक्ति के निर्मित हो रहे मकान को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति ने अनर्गल व अश्लील टिप्पणी कर दिया। विरोध जताने पर उसे मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दिया है।

गुलाम हुसेन पीड़ित का आरोप है कि उसी के गांव का जावेद उर्फ बब्बू 8 सितंबर को उसके निर्माणाधीन मकान को लेकर अनर्गल टिप्पणी किया था। उसकी पत्नी को लेकर वह कई मर्तबा अश्लील फब्तियां कस चुका है। पूर्व में भी वह कई बार बेतुकी बात कह चुका है। विरोध जताने पर आरोपी युवक ने उसके चेहरे पर हमला कर दिया। जिससे उसे काफी चोट आई है। आरोपी उसे जान से मारने की भी धमकी दे रहा है।

# खेत से मोटर चोरी, एक माह बाद केस दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के बघुआ निवासी एक किसान के खेत मे लगा दो हॉर्स पावर का मोटर बीते छह अगस्त की रात में चोरी हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक महीने बाद अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

अवधेश त्रिपाठी पुत्र ध्रुवनाथ त्रिपाठी ने बताया कि खेत में पानी चलाने के लिए दो हॉर्स पावर का मोटर लगाया गया था।

# अश्लील टिप्पणी के विरोध पर मारा-पीटा

बखिरा। थाना क्षेत्र के रसूलाबाद में एक व्यक्ति के निर्मित हो रहे मकान को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति ने अनर्गल व अश्लील टिप्पणी कर दिया। विरोध जताने पर उसे मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दिया है।

गुलाम हुसेन पीड़ित का आरोप है कि उसी के गांव का जावेद उर्फ बब्बू 8 सितंबर को उसके निर्माणाधीन मकान को लेकर अनर्गल टिप्पणी किया था। उसकी पत्नी को लेकर वह कई मर्तबा अश्लील फब्तियां कस चुका है। पूर्व में भी वह कई बार बेतुकी बात कह चुका है। विरोध जताने पर आरोपी युवक ने उसके चेहरे पर हमला कर दिया। जिससे उसे काफी चोट आई है। आरोपी उसे जान से मारने की भी धमकी दे रहा है।

# खेत से मोटर चोरी, एक माह बाद केस दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के बघुआ निवासी एक किसान के खेत मे लगा दो हॉर्स पावर का मोटर बीते छह अगस्त की रात में चोरी हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक महीने बाद अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

अवधेश त्रिपाठी पुत्र ध्रुवनाथ त्रिपाठी ने बताया कि खेत में पानी चलाने के लिए दो हॉर्स पावर का मोटर लगाया गया था।

# पेट्रोल पंप संचालकों संग एसपी ने की बैठक

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बुधवार को पेट्रोल पंप एसोसिएशन पदाधिकारियों एवं संचालकों के साथ बैठक की। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में एसपी ने उनकी समस्या को सुनकर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लोगों से एसपी ने उनकी समस्या, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी व सुझाव लिया। पेट्रोल पंप संचालकों को अपने-अपने पेट्रोल पंप परिसर में अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटवी कैमरा लगवान की अपील की। इस दौरान एएसपी संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद दीपांशी राठौर, सीओ धनघटा बृजेश सिंह, मेंहदावल अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ, क्षेत्राधिकारी रामशंकर तिवारी रहे।

# बैंक में चोरी के प्रयास करने वाला गिरफ्तार

मेंहदावल। मेंहदावल थाना क्षेत्र के टड़वरिया स्थित यूपी बड़ौदा बैंक में पीछे से ग्रिल तोड़ चोरी के प्रयास की घटना का मेंहदावल पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने चोरी के चोरी के प्रयास के दौरान प्रयुक्त हथौड़े के साथ एक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

सोमवार की देर रात यूपी बड़ौदा बैंक के पीछे के हिस्से में लगे खिड़की के तीन ग्रिल तोड़कर चोरी का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया था। बैंक के शाखा प्रबन्धक मृत्युंजय कुमार ने इसकी मौखिक सूचना मेंहदावल पुलिस को दिया था। जिस पर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे ने सक्रियता दिखाते हुए जांच-पड़ताल की। फोरेंसिक व सर्विलांस सेल का भी सहयोग लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज एवं आस-पास लगे कैमरे के फुटेज को खंगाला गया।

# जिला पुलिस को मिला 79.93 फीसद अंक

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस को पब्लिक अप्रूबल सर्वेक्षण में 79.93 प्रतिशत अंक मिला। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार के कराए गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग/सर्वेक्षण के तहत पुलिस की कार्य प्रणाली के संबंध में जन सामान्य ने अपना मत व्यक्त किया।

पुलिस के कार्यो का डायरेक्ट पोल पर कुल फीडबैक का 97.3 प्रतिशत, ट्विटर पोल पर कुल फीड बैक का 56.0 प्रतिशत, एफआईआर/एनसीआर में कुल फीडबैक का 97.8 प्रतिशत, यूपी 112 के कुल फीड बैक का 77.5 प्रतिशत, आईजीआरएस में फीडबैक का 47 प्रतिशत व पासपोर्ट व कैरेक्टर वेरीफिकेशन में कुल 98 प्रतिशत लोगों ने अति उत्तम वर्ग में अपना वोट दिया। माह अगस्त 2023 की रैंकिंग में जिले को कुल 1662 ने अपना फीड बैक पुलिस कार्यप्रणाली के संबंध में दिया।

# दलित परिवार को दबंगों ने पीटा, केस

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम भैसही जोत गांव में दस दिन पूर्व देर शाम भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगो द्वारा एक दलित परिवार की पिटाई कर दी थी। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस विपक्षीगण के खिलाफ घर में घुसकर मारने पीटने तथा तोड़फोड़, दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के भैसही जोत गांव निवासी अनिल कुमार पुत्र रामबुझ पुलिस तहरीर में बताया है कि भूमि को लेकर गांव के पन्ने लाल पुत्र श्याम लाल आदि से विवाद चल आ रहा है। इसी बात को लेकर तीन सितंबर देर शाम उसके दरवाजे पर पहुंचे। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां देने लगे। एतराज करने पर लाठी डंडे से बुरी तरह से पिटाई करने लगे। बचाव के लिए वादी घर के अंदर भागा तो पीछा करते हुए विपक्षी घर में घुस गए। बीच बचाव करने पहुंचे परिजनों की पिटाई कर दी। घरेलू सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में घुसकर घर में रखा सामान क्षतिग्रस्त कर दिया।



कोतवाली खलीलाबाद में बुधवार को शिकायत लेकर पहुंची पीड़ित महिला।

# घर से राजस्थान कमाने निकले युवक के अपहरण की आशंका

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद के उमिला गांव के रहने वाले एक युवक राजस्थान कमाने जा रहा था। उसकी पत्नी ने कानपुर से उसका अपहरण होने की आशंका जताई है। युवक के फोन से पत्नी को फोन करने वाले अंजान व्यक्ति ने दुर्घटना की बात कहकर दो लाख रूपए की तत्काल मांग कर डाली। युवक की पत्नी ने जब फोन अथवा वीडियो काल के माध्यम से बात कराने की मांग की। तो आनाकानी करने लगा। जिसके बाद पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की।

कोतवाली पुलिस को दिए अपने प्रार्थना पत्र में पीड़ित प्रेमलता ने बताया कि उनके पति आकाश कुमार कन्नौजिया दस सितंबर को शाम लगभग चार बजे खलीलाबाद रेलवे स्टेशन से राजस्थान के उदयपुर जाने के लिए ट्रेन पकड़ी थी। कानपुर पहुंचने के बाद 11 सितंबर को पति के मोबाइल से किसी दूसरे व्यक्ति ने फोन कर कहा कि जिस मोबाइल से बात कर रहा हूं उनका एक्सीडेंट हो गया है। डॉक्टर तत्काल रूपए मांग रहा है। इसके बाद उसने फोन करने वाले से कहा कि वीडियो काल करके पति को दिखा दीजिए।

जिस पर फोन करने वाले ने कहा कि वह चार लोग हैं और उनमें से किसी के पास बड़ा फोन नहीं है। इसके बाद मोबाइल बंद कर दिया। इसके बाद से ही बार-बार फोन करने के बाद भी मोबाइल बंद जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस से मामले में पति को सर्विलांस की मदद से तलाश करने की गुहार लगाई है। एसएसआई हरिकेश भारती ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के दौरान जो तथ्य सामने आएगा, उसके अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधान ने दो के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

## बैठक

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम नाहरडीह में दो दिन पूर्व सोशल आडिट बैठक में मामूली बात को लेकर कुछ लोगों ने प्रधान और परिज़नों की पिटाई कर दी थी। बुधवार को पीड़ित प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने गांव के दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर में ग्राम पंचायत नाहरडीह के प्रधान विपिन कुमार कन्नौजिया ने बताया है। गांव में ग्राम सभा की बैठक होने के बाद गांव का अखिलेश सिंह और अजय प्रताप सगे भाई पहुंचे। गाली देने लगे। एतराज करने पर प्रधान विपिन, उसके बेटे की पिटाई करने लगे। बीच बचाव करने पहुंची मां को भी मारपीट दिया। इसके बाद घर में घुसकर परिजनों के साथ मारपीट की।

इंस्पेक्टर भगवान सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रतिवादी अखिलेश सिंह, अजय प्रताप सिंह के खिलाफ घर में घुसकर मारने पीटने, गाली देने, जानमाल की धमकी व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# शांतिभंग की आशंका में तीन लोग पकड़े गए

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** जनपद की दो थाने की पुलिस ने बुधवार को शांति भंग की आशंका में तीन लोगों को पकड़कर थाने पर लाई।

इसमें दुधारा पुलिस ने दो तथा बखिरा पुलिस ने एक व्यक्ति को दबोचा है। ये लोग पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची।


# मारपीट के आरोप में देवर पर मुकदमा दर्ज

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने महिला के मारपीट के आरोप में उसके देवर पर मुकदमा दर्ज किया है। एक गांव की महिला ने कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी तहरीर में उल्लेख किया है कि उनके देवर रामरक्षा उर्फ पप्पू अलग रहते हैं। बुधवार को शाम के करीब चार बजे उनके पति बाहर गए थे। इसी दौरान उनके देवर शराब पीकर पहुंचे। अपशब्द कहते हुए उन्हें पीटने लगे। जिससे उनके सिर पर चोट लगी। कोतवाली प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# चोरों के निशाने पर परिषदीय विद्यालय, शिक्षक परेशान



खलीलाबाद जूनियर हाईस्कूल से तोड़ा गया कैमरा ● जागरण



जूनियर हाईस्कूल का टूटा कैमरा ● जागरण

जासं,संतकबीर नगरः चोरों के निशाने पर परिषदीय विद्यालय हैं। यही कारण है कि इन विद्यालयों में सीसी कैमरा, पंखा, दोपहर का भोजन बनाने के लिए बर्तन, अनाज सहित अन्य सामान की चोरी हो रही है। शिक्षक परेशान हैं। पुलिस विभाग चोरी की घटना पर लगाम लगाने में नाकाम है।

जूनियर हाईस्कूल-खलीलाबाद की प्रधानाध्यापक विजय लक्ष्मी त्रिपाठी ने कोतवाली खलीलाबाद थाने में तहरीर दी है। उनका कहना है कि विद्यालय में पांच सीसी कैमरे लगे हैं। चोरों ने मंगलवार की रात पांच में से दो सीसी कैमरा चुरा लिए हैं। स्वतंत्रता दिवस पर लगाई गई शिलापट्ट की पाइप भी तोड़कर उठा ले गए हैं। इसके पूर्व

- सीसी कैमरा, पंखा, बर्तन, अनाज सहित अन्य सामानों की हो चुकी है चोरी
- पुलिस विभाग अक्सर घट रहे चोरी की घटना पर लगाम लगाने में नाकाम

बीते अप्रैल व जुलाई में चोरी हो चुकी है। उस दौरान दोपहर का भोजन बनाने के लिए कक्ष में रखा अनाज, बर्तन चुरा लिया गया था। खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा ने कहा कि नवनिर्मित छात्रावास से बीते अप्रैल में निर्माण में प्रयोग आने वाली सामग्री की चोरी हुई थीं। विद्यालय परिसर में ब्लाक संसाधन केंद्र कार्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भी है। बघौली ब्लाक के संविलियन विद्यालय में बीते 11 सितंबर को चोर रसोई गैस सिलेंडर चुरा ले गए थे। इस पर यहां की प्रधानाध्यापक अनामिका ने अगले दिन बखिरा थाने में तहरीर दी थीं। इनका कहना है कि इसके पूर्व 17 फरवरी 23 व 14 जुलाई 2021 में चोरी हुई थीं। नये शैक्षिक सत्र के शुभारंभ से पूर्व माध्यमिक विद्यालय-दुघरा में चोर निर्माणाधीन भवन की सरिया चुरा ले गए थे। एक अप्रैल को यहां के प्रधानाध्यापक ने कोतवाली में तहरीर दी थी। इसके पूर्व नौ अक्टूबर को इसी विद्यालय में लोहे का ग्रील काटकर मोटर की चोरी हुई थी।

विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए प्रधानाध्यापकों व खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसको लेकर सीसी कैमरा को ठीक कराया जाएगा।

**अमित कुमार सिंह, बीएसए**

विद्यालयों से सामान चुराने के कई मामलों का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस कर्मी नियमित रूप से रात्रि गश्त कर रहे हैं। सुरक्षा को लेकर पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया गया है।

**संतोष कुमार सिंह, एएसपी**

## आंगनवाड़ी केंद्र पर ताला नहीं वितरित होता पोषाहार

**जासं, बनकसिया, संतकबीर नगर :** मेंहदावल विकास खंड के सांडे कला गांव में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर ताला बंद रहता है। माह में इक्का-दुक्का दिन में ही केंद्र खुलता है। इससे मातृत्व सेवाओं का लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पा रहा है। ताला बंदी से यहां पर पोषाहार वितरण नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जबसे केंद्र बना है, तबसे कभी-कभार ही खुलता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की तैनाती होने के बावजूद यहां पर सुविधा नहीं मिल रही है। इससे शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी प्रकार सांडे खुर्द गांव में बना आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह से बदहाल है। यहां भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मौजूदगी नहीं रहती है। जिससे लोगों को सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

माडल प्राथमिक विद्यालय खलीलाबाद प्रथम में पिछले सत्र ताला तोड़कर चोर रसोई गैस सिलेंडर चुरा ले गए थे।

# पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण नहीं स्पष्ट

**फॉलोअप**

- बखिरा थाना के बजही गांव में मारपीट में हुई मौत का मामला
- पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का दर्ज किया था मुकदमा

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** जिले के बखिरा थाना क्षेत्र स्थित बजही गांव में एक दिन पूर्व हुई मारपीट की घटना में हुए मौत मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक ने कारण स्पस्ट न होने से बिसरा प्रिजर्व कर दिया।

बखिरा के बजही गांव निवासी मोहम्मद मोबिन पुत्र जकीरुल्लाह ने पुलिस को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया कि उनके पुत्री को विगत आठ सितंबर को गांव का एक युवक अब्दुल नदीम बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। उसकी बेटी साथ में कपड़े व जेवरात भी लेती गई। मंगलवार को इसी मुद्दे को लेकर बात हो रही थी। इसी दौरान गांव के ही नूर मोहम्मद उर्फ लाला समेत पांच लोगों ने अपशब्द कहते हुए लाठी डंडे व लात घूसा से मारा-पीटा। इसमें मोबीन, जमशेर अहमद, मोहम्मद अयूब व रशीद अहमद को काफी चोट आई। इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय मोहम्मद अयूब की मौत हो गई। एसओ बखिरा श्याम मोहन ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित नदीम, नूर मोहम्मद उर्फ लाला, इरशाद, जमशेद अहमद व गयासुद्दीन निवासी बजही के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य मुकदमा दर्ज शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के शरीर पर कोई जाहिरा चोट का निशान नहीं पाया गया। पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट न होने की वजह से चिकित्सक ने बिसरा प्रिजर्व कर दिया। जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा।

# सीसी कैमरे की कराएं जांच : एसपी

- कैमरे को इस तरह लगाएं कि वाहनों का नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखे
- पुलिस लाइन के सभागार में पेट्रोल पंप संचालकों के साथ किए विमर्श

जासं, संतकबीर नगर : एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि जनपद के सभी संचालक अपने-अपने पेट्रोल पंप परिसर में अच्छी व उच्च गुणवत्ता वाला सीसी कैमरा लगवाएं। बीच-बीच में उसकी जांच करवाएं। खराब कैमरे की तुरंत मरम्मत कराएं। इसके साथ ही कैमरे को इस तरह लगाएं कि आने-जाने वाले वाहनों का नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखे। इसके अलावा यहां काम करने वाले कर्मियों के चरित्र का सत्यापन करा लें। बैंक में पैसा जमा करने के लिए जाते समय सतर्कता बरतें।

उन्होंने यह बातें बुधवार को पुलिस लाइन के सभागार में पेट्रोल पंप संचालकों के साथ हुई बैठक में कही। उन्होंने एएसपी संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में कहा कि सीसी कैमरे को 24 घंटे सक्रिय रखें। जिससे आपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखी जा सके। इससे अपराध होने पर पुलिस को बदमाशों तक पहुंचने में मदद मिलती है। सुरक्षा के दृष्टिगत यूपी-112 व स्थानीय पुलिस की गाड़ियां महत्वपूर्ण स्थानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आसपास 24 घंटे भ्रमण करती रहती है। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। जिससे तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, बृजेश सिंह, अम्बरीष सिंह भदौरिया, केशवनाथ व रामशंकर तिवारी के आदि उपस्थित रहे।



सभागार में पेट्रोल प्रंप संचालकों के साथ बैठक करते एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

# नियम तोड़ने वालों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए बैंक, वाहन, संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात की संयुक्त पुलिस टीम ने कड़ी कार्रवाई की। ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने के मामले में 67 वाहनों के चालकों पर कार्रवाई की।

# बैंक में चोरी का प्रयास करने वाले आरोपित को भेजा जेल



मेंहदावल पुलिस की गिरफ्त में बैंक में चोरी का प्रयास करने वाला आरोपित ● जागरण

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर: मेंहदावल पुलिस ने टड़वरिया चौराहे पर स्थित बैंक में रोशनदान तोड़कर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने सीसी कैमरे के फुटेज को देखकर 24 घंटे के भीतर आरोपित को दबोच लिया।

बीते मंगलवार को सुबह के करीब 10 बजे टड़वरिया चौराहा स्थित बडौदा यूपी बैंक खुला तो बैंक के पीछे का रोशनदान टूटा हुआ मिला। बैंक में चोरी के प्रयास का मामला सामने आते ही बैंक कर्मियों के होश उड़ गए। बैंक के चेस्ट तक चोर नहीं पहुंच पाए थे। थानाध्यक्ष मेंहदावल विजय कुमार दुबे के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की गई थीं।

फोरेंसिक व सर्विलांस टीम भी जांच के लिए पहुंची थीं। सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने मेंहदावल थाना के ठाकुरद्वारा मोहल्ला निवासी करण उर्फ बिट्टू को बुधवार को घटना में प्रयुक्त किए गए उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। आरोपित ने चोरी की नियत से बैंक में घुसने की बात स्वीकार की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# बेहतर व्यवहार से बनाएं लोगों के दिल में जगह : एएसपी

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगर: अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संतोष कुमार सिंह ने मेंहदावल थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। अकारण लंबित विवेचनाओं के बारे में विवेचकों से स्पष्टीकरण मांगा। निश्चित समय सीमा में विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, बेहतर व्यवहार से लोगों के दिल में जगह बनाने का निर्देश दिया।



मेंहदावल थाने का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ● जागरण

एएसपी शाम सात बजे मेंहदावल थाने पर पहुंचकर अभिलेखों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि थाने पर फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार किया जाए। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दुबे से रात्रि गश्त तेज करने के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को नियमित पैदल गश्त करने को लेकर निर्देशित किया। थाना परिसर की सफाई व्यवस्था देखी। बैरक, मेस के बारे में भी उन्होंने जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस लगातार निगरानी करें। संदिग्ध लोगों की जांच की जाए। महिला उत्पीड़न के मामलों में पुलिस तत्काल कार्रवाई करें। पैदल मार्च करके दुकानदारों को सीसी कैमरा लगवाने को लेकर जागरूक किया। इस दौरान थानाध्यक्ष विजय कुमार दूबे, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश दुबे, प्रवीण कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पीएआर में मिली 78.93 प्रतिशत रेटिंग

जासं, संतकबीर नगर: पब्लिक अप्रूवल रेटिंग (पीएआर) में अगस्त-2023 में जनपद पुलिस को 78.93 प्रतिशत रेटिंग मिली है। जनपद पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में आम जनमानस से जानकारी प्राप्त करने की पहल की गयी। इसमें डाइरेक्ट पर 258, ट्वीटर पर 301, यूपी-112 पर 401, पंजीकृत एफआइआर व एनसीआर पर 187, इंटीग्रेटेड ग्रिवेंस रीड्रेसल सिस्टम (आइजीआरएस) में 105, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन में 410 समेत कुल 1,662 व्यक्तियों ने अपनी राय दी। इस प्रकार जनपद पुलिस की रेटिंग 79.93 प्रतिशत पायी गयी है। जनपद के लोग पुलिस की कार्यशैली के बारे में प्रत्येक माह एक से सात तारीख तक पीएआर के तहत डाइरेक्ट, ट्वीटर के माध्यम से प्रतिक्रिया दे सकते हैं। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि पुलिस कर्मियों की कार्य प्रणाली में सुधार लाने के लिए यह पहल चल रही है।



# दो भाइयों के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**जासं, संतकबीर नगर**: पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। युवती को चाकू का भय दिखाकर यह कृत्य करने का आरोप लगा है। एक व्यक्ति का कहना है कि वह गोरखपुर फैक्ट्री में काम करते हैं। बीते पांच सितंबर को शाम को उनकी बेटी घर के बाहर चारा काट रही थी। सुनील यादव व सूरज यादव ने बेटी के साथ छेड़खानी की। बेटी को एक जगह आने के लिए कहे। न आने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

# दो सगे भाइयों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, नाथनगर : महुली थाना क्षेत्र के ग्राम नाहरडीह में दो दिन पूर्व सोशल आडिट बैठक में मामूली बात को लेकर कुछ लोगो ने ग्राम प्रधान सहित स्वजन की पिटाई कर दी थी। बुधवार को पीड़ित प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नाहरडीह के ग्राम प्रधान विपिन कुमार कन्नौजिया ने थाने पर दिए गए तहरीर में लिखा है कि गांव में सोशल ऑडिट की बैठक होने के बाद गांव का अखिलेश सिंह व अजय प्रताप सगे भाई पहुंचे और गाली देने लगे।

# पति, सास-ससुर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पतोहू की तहरीर पर पिपरकला गांव निवासी पति, सास, ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बस्ती जनपद के मुंडेरवा थाना के परसाहज्जाम निवासी संजू देवी ने कोतवाली खलीलाबाद में दी गई तहरीर में उल्लेख किया है कि 28 अप्रैल 2022 को उनकी शादी संतकबीर नगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद थाना के पिपरकला गांव निवासी प्रिंस से से हुई। शादी में उनके माता-पिता ने पांच लाख रुपये नकद सहित अन्य सामान दिए थे। उनके पति, ससुर विजय प्रकाश, सास कृष्णावती ने बीते शनिवार को उन्हें पीटा।

इसके बाद कमरे में बंद कर दिए। उनके चाचा विमल कुमार उनसे मिलने आए। उन्होंने चाचा को सारी बात बताई। उनके चाचा ने जब इन लोगों से शिकायत की तो ये लोग उन्हें अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। कोतवाली प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है। जो लोग मामले में दोषी पाया जाएगा, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारिक संस्थानों पर लगाएं कैमरे : एएसपी

संतकबीरनगर। एएसपी संतोष कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस लाइंस सभागार में पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक की। एएसपी ने पंप संचालकों से उनकी समस्याएं जानीं। इसके साथ ही सभी को अपने-अपने पेट्रोल पंप परिसर में अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरा लगवाने का सुझाव दिया।

समय-समय पर उसकी जांच करवाने व खराब कैमरों की मरम्मत को कहा। पंप पर काम करने वाले कर्मियों का चरित्र सत्यापन व बैंकों में पैसा जमा करने जाते समय सतर्कता बरतने का सुझाव दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, बृजेश सिंह, अम्बरीष सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ, क्षेत्राधिकारी रामशंकर तिवारी आदि उपस्थित रहे। संवाद

# खुद को बैंककर्मी बताकर टप्पेबाज ने वृद्ध से ले लिए 26,000 रुपये

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। पंजाब नेशनल बैंक सिक्टहा से बुधवार को पैसा निकालकर साइकिल से घर लौट रहे वृद्ध से टप्पेबाज ने खुद को बैंक कर्मी बता कर 26,000 रुपये लेकर भाग गया। सूचना पर पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाल कर आरोपी की तलाश में जुट गई। पुलिस की माने तो कुछ संदिग्ध की फुटेज मिली है।

क्षेत्र के बेलराई गांव निवासी 65 वर्षीय राम कृपाल चौहान पुत्र छोटू चौहान बुधवार को घर से साइकिल लेकर छितही स्थित पंजाब नेशनल बैंक सिक्टहा गए। बैंक से 26,000 रुपये निकाल कर साइकिल से वापस घर जा रहे थे। राम कृपाल के अनुसार जैसे ही वह कुशहवा-सिक्टहा मार्ग पर धायपोखर-बैरागीपुर सीवान के पास मुख्य सड़क पर पहुंचे। उसी दौरान सफेद स्कूटी सवार पीछे से आवाज देकर उसे रोकवा लिया। पीड़ित राम कृपाल चौहान ने बताया कि आरोपी युवक ने बताया कि वह बैंक कर्मचारी है। बैंक से अधिक पैसा दे दिया गया है।

### कैमरे में कुछ संदिग्ध दिखाई दिए, मामले की छानबीन की जा रही

शाखा प्रबंधक ने हुलिया और पहनावा बताकर भेजा है। राम कृपाल चौहान ने बताया कि स्कूटी सवार युवक ने उससे निकासी का 26,000 रुपये ले लिया। स्कूटी मोड़कर कहा कि तुरंत बैंक आओ। टप्पेबाजी का शिकार व्यक्ति जब बैंक पहुंचा तो पता चला कि बैंक द्वारा किसी को भेजा ही नहीं गया है। सिर पकड़ कर राम कृपाल बैठ गया।

लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। पंजाब नेशनल बैंक शाखा और स्थानीय तिराहे और चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज को पुलिस ने खंगाला। चौकी प्रभारी मुखलिसपुर विनोद कुमार यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध दिखाई दे रहे है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# आवास के पैसे का लालच देकर गांव के व्यक्ति से की जालसाजी

- इसकी जानकारी मिलने पर पीड़ित महिला ने सीओ से लगाई गुहार
- सीओ के निर्देश पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके कर रही है जांच

जासं, संतकबीर नगरः महुली थाना के पानाराम गांव निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। एक पीड़ित महिला ने क्षेत्राधिकारी(सीओ) को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि इस आरोपित ने आवास के पैसे का लालच देकर उनके अनपढ़ पति से जालसाजी की है। उसने दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की थी।

सीओ धनघटा को बीते नौ सितंबर को दी गई तहरीर में महुली थाना के पानाराम गांव निवासी पुष्पा ने उल्लेख किया है कि उनके गांव के शिवनाथ यादव ने उनके अनपढ़ पति बिजली से कहा कि आपके आवास का रुपया आया है। बैंक में चलकर रुपया निकाल लें। इनकी बातों में आकर उनके पति गिठनी स्थित बैंक में गए। वहां पर शिवनाथ ने उनके पति का फोटो लगा दिए और नाम राजदेव लिखकर खाता खोलवा दिए। दूसरे व्यक्ति के आवास का रुपया तामेश्वरनाथ स्थित बैंक में भेजवा दिया।

उनके पति को इसके बारे में किसी से कुछ भी न बताने की सलाह दी। ऐसा न करने पर जान-माल की धमकी दी। इसकी वजह से पति ने उन्हें इसके बारे में काफी दिन तक नहीं बताए। जब इसकी जानकारी उन्हें मिली तो वह घबरा गयी। साजिश के तहत उनके पति को फंसाया गया है। उन्होंने जांच कर दोषी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। सीओ ब्रजेश सिंह ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

**बुजुर्ग व्यक्ति से 26 हजार रुपये छीनकर युवक फरारः** नाथनगरः महुली थाना के धायपोखर गांव के पास बुधवार को एक बुजुर्ग व्यक्ति से युवक ने 26 हजार रुपये छीन लिया। इसके बाद वह फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

महुली थाना के बेलराई गांव निवासी 65 वर्षीय रामकृपाल चौहान पुत्र छोटू बुधवार को सिकटहां स्थित पीएनबी बैंक से 26 हजार रुपया निकालकर साइकिल से घर जा रहे थे। वह धायपोखर गांव के पास पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से एक स्कूटी सवार युवक पहुंचा। उनसे कहा कि वह बैंक से आए हैं।

आपने बैंक से ज्यादा पैसा निकाल लिया है। निकाला गया पैसा उन्हें देकर बैंक में आए। शाखा प्रबंधक साहब उन्हें बुलाए हैं। इस पर रामकृपाल जेब में रखे रुपये को निकालकर गिनने लगे। स्कूटी सवार युवक, उनसे पैसा छीनकर फरार हो गया। वह बैंक पर पहुंचे तो वह युवक नहीं मिला। शाखा प्रबंधक से मिलकर उन्हें पूरी बात बताई। शाखा प्रबंधक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सीओ ब्रजेश सिंह ने कहा कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# कमाने राजस्थान जा रहे मोटर मैकेनिक का अपहरण, मांगी दो लाख की फिरौती

## कानपुर पहुंचने के बाद 11 सितंबर को युवक के मोबाइल फोन से पत्नी को आई कॉल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के ऊमिला के रहने वाले राजस्थान कमाने जा रहे मोटर मेकेनिक का अपहरण कर दो लाख रुपये की फिरौती मांगी गई है।



आकाश कन्नौजिया

बुधवार को कोतवाली पहुंची पीड़ित पत्नी ने पुलिस को ऐसी सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस हरकत में आ गई और जांच शुरू कर दी। ऊमिला गांव निवासी प्रेमलता ने बताया कि उसके पति आकाश कन्नौजिया (30) पुत्र सुभाष कन्नौजिया मोटर मेकेनिक हैं। पति पहले मुंबई में काम करते थे। कंपनी के मालिक ने पति से उदयपुर राजस्थान जाकर काम करने को कहा।



कोतवाली में पति के अपहरण की तहरीर देने पहुंची महिला। संवाद

पीड़ित पत्नी ने बताया कि पति दस सितंबर को घर से राजस्थान जाने के लिए खलीलाबाद रेलवे स्टेशन गए। शाम चार बजे खलीलाबाद से ट्रेन पकड़ कर लखनऊ तक गए। लखनऊ पहुंच कर कानपुर जाने के लिए ट्रेन पकड़ी। कानपुर पहुंचने के बाद 11 सितंबर की रात आठ बजे पति के मोबाइल फोन से अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और कहा कि जिसके मोबाइल नंबर से बात कर रहा हूं, उसका एक्सीडेंट हो गया है। दो लाख रुपये तुरंत भेजिए, डॉक्टर साहब मांग रहे हैं।

यह कहने पर कि वीडियो कॉल करके पति को दिखाइए तो उस व्यक्ति ने बताया कि हम चार लोग हैं, लेकिन किसी के पास स्मार्ट फोन नहीं है। उसके बाद मोबाइल बंद कर दिया गया।

### फोन करने वाले ने बताया कि मोबाइल धारक हादसे में घायल है, तुरंत भेजिए दो लाख रुपये

पीड़ित पत्नी का आरोप है कि अज्ञात बदमाशों ने उसके पति का अपहरण कर लिया है, और दो लाख की फिरौती मांग रहे हैं। उसके पति दो भाई हैं। दोनों का परिवार अलग रहता है। उसके पास सिर्फ दस बिस्वा जमीन है। उसके पति सिर्फ कक्षा आठ पास हैं। उसके पास दस साल का बेटा दिव्यांश और छह साल की बेटी आराध्या है। वह बेहद गरीब है। उसके पति के मोबाइल फोन को सर्विलांस पर लगाया जाए और पति को ढूंढ कर लाया जाए।

कोतवाली के इंस्पेक्टर क्राइम बृजेश यादव और एसएसआई हरिकेश भारती ने महिला को आश्वासन दिया कि जांच कर उसके पति का पता लगाया जाएगा।

# एसपी ने निर्माणाधीन बैरक का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बुधवार को थाना कोतवाली खलीलाबाद के परिसर में निर्माणाधीन बैरक का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामाग्री ईंट, कंक्रीट, सीमेंट, सरिया आदि की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में उच्च कोटि की सामाग्री का प्रयोग करें व निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। एसपी भवन निर्माण के निरीक्षण के नामित अधिकारी को निरंतर निरीक्षण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह उपस्थित रहे। संवाद

## खेत से मोटर पंप चोरी मामले में अज्ञात पर केस दर्ज

**बखिरा।** क्षेत्र के बघुआ निवासी किसान के खेत में लगा मोटर पंप छह अगस्त की रात में चोरी हो गया। पीड़ित की शिकायत पर बुधवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया। पीड़ित किसान अवधेश त्रिपाठी पुत्र ध्रुवनाथ त्रिपाठी ने बताया कि खेत में पानी चलाने के लिए दो हॉर्स पावर का मोटर पंप लगाया गया था। इसी से वह खेत की पानी की जरूरतों को पूरा करते थे। संवाद

## टिप्पणी का विरोध करने पर युवक को पीटा

**बखिरा।** क्षेत्र के रसूलाबाद में एक निर्माणाधीन मकान को लेकर गांव के ही एक शख्स ने अनर्गल व अश्लील टिप्पणी कर दी। विरोध जताने पर विरोधी ने पीड़ित को मारापीटा। ऐसा आरोप लगाकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। गुलाम हुसैन निवासी रसूलाबाद का आरोप है कि उसी के गांव का एक युवक आठ सितंबर को उसके निर्माणाधीन मकान को लेकर अनर्गल टिप्पणी की। पूर्व में भी वह कई बार बेतुकी बात कह चुके हैं, लेकिन विवाद टालने के लिए उसने कभी भी विरोध नहीं किया। संवाद

# सीसीटीवी फुटेज से पकड़ा गया चोरी के प्रयास करने का आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

## आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथौड़ा बरामद

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से बुधवार को सोनौरा मोड़ के पास से बैंक में चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद किया।

एसओ विजय दूबे ने बताया कि सोमवार की रात मेंहदावल कस्बे के टड़वरिया स्थित यूपी बड़ौदा बैंक में चोर ने पीछे से ग्रिल तोड़कर चोरी करने प्रयास किया। मंगलवार सुबह बैंक खुलने पर कर्मियों को घटना की जानकारी हुई। शाखा प्रबंधक मृत्युंजय कुमार ने घटना की सूचना पुलिस को दी।



बैंक में चोरी का प्रयास करने का आरोपी। संवाद

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम, सर्विलेंस सेल ने भी जांच की। बैंक के सीसीटीवी फुटेज एवं बैंक के आसपास के सीसीटीवी फुटेज में चोर दिखाई दिया। उसी के आधार पर बुधवार को सोनौरा मोड़ के पास आरोपी युवक को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी की पहचान करण उर्फ बिट्टू निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा मेंहदावल के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथौड़ा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने बैंक में चोरी की साजिश रची। घटना की देर शाम मेंहदावल बस अड्डे के पास शराब खरीद कर पी और उसके बाद वारदात करने की कोशिश किया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसआई भीमसेन सिंह, मुख्य आरक्षी अमित सिंह, आरक्षी नव तेज सिंह का सहयोग रहा।

## दंपती समेत चार पर मारपीट का केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के जंगलकला पिल्थया में मामूली विवाद में कुछ लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। जंगलकला पिल्थया निवासी रामरतन पुत्र राममिलन का आरोप है कि बुधवार को छोटी सी बात के विवाद को लेकर उसके पट्टीदार राममूरत, संतोष, राजू और राममूरत की पत्नी उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर लोग उसे लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। आरोप है कि लोग उसे जान माल की धमकी दिए। संवाद

## पति समेत तीन पर केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के पिपरा कला में ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई की।पीड़ित संजू देवी का आरोप है कि उसकी शादी 28 अप्रैल 2022 को प्रिंस पुत्र विजय प्रकाश ग्राम पिपराकला कोतवाली से हुई थी। शादी में माता- पिता नें पांच लाख नकद और प्रिंस को सोने की अंगूठी दिए थे। इसकें साथ ही माला व घर गृहस्थी का समस्त सामान दिया था। शादी में ही विदाई हुई थी। ससुराल में जाने के बाद से ससुराली अच्छा व्यवहार उसके साथ नही करते थे। पति, ससुर, सास कृष्णवती मिलकर उसे मारते पीटते रहे। संवाद

# अधिवक्ताओं ने बाइक जुलूस निकाल उपनिबंधक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## हापुड़ की घटना से आक्रोशित हैं अधिवक्ता, पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे



हापुड़ की घटना के विरोध में शहर में जुलूस निकाल कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**संतकबीरनगर।** हापुड़ की घटना को लेकर बुधवार को काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने शहर में बाइक जुलूस निकाला। इसके बाद उपनिबंधक कार्यालय पहुंच कर कामकाज बंद कराते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन डीएम को सौंपा।

जिले के अधिवक्ता बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर न्यायिक कार्य से विरत रहे। जनपद बार एसोसिएशन व सिविल बार के पदाधिकारियों के नेतृत्व में अधिवक्ता दीवानी कचहरी में एकत्रित हुए और शहर में बाइक जुलूस निकाला। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। वहां से अधिवक्ता उपनिबंधक कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया।

### प्रदर्शनकारी वकीलों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जताया रोष

अधिवक्ताओं ने कामकाज बंद करा दिया। करीब दो घंटे तक धरना-प्रदर्शन के बाद अधिवक्ता पुरानी तहसील में स्थापित उपभोक्ता फोरम कार्यालय पहुंचकर कामकाज बंद ठप करा दिया। इसके साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी, आबकारी, चकबंदी विभाग में भी काम काज बंद कराया। बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री मांग पत्र डीएम को सौंपा।

इस दौरान सिविल बार के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल व जनपद बार के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय ने डीएम और एसपी हापुड़ का स्थानांतरण, जिला स्तर पर एक विशेष सुरक्षा समिति का गठन, अधिवक्ताओं ने दर्ज मुकदमा वापस लिए जाने, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने व घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा दिए जाने की मांग किया।

इस दौरान चतुर जी शुक्ल, दुर्गेश नारायण मिश्र, कृष्ण मोहन मिश्र, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, शकील अहमद, इमरान, मो. वसी, शत्रुघ्न यादव आदि मौजूद रहे।

# जालसाज ने पीड़ित का दूसरे व्यक्ति के नाम खाता खोलवा कर मंगाई आवास की रकम

## दबंग हिस्ट्रीशीटर ने फिर अपने खाते में स्थानांतरित करा ली धनराशि

संवाद न्यूज एजेंसी

**मोलनापुर।** महुली क्षेत्र के पानाराम निवासी युवक के साथ धोखाधड़ी करके जालसाज ने दूसरे व्यक्ति के आवास का पैसा उसके खाते में मंगा लिया। आरोप है कि दबंग हिस्ट्रीशीटर ने धमकी देकर फिर रकम को अपने खाते में स्थानांतरित करा ली। पीड़ित पत्नी ने ऐसा आरोप मढ़ते हुए आरोपी के खिलाफ जालसाजी, गबन, धमकी देने आदि का केस दर्ज कराया है।

पानाराम निवासी पुष्पा देवी का आरोप है कि पति बिजली को गांव के ही शिवनाथ यादव ने विश्वास में लेकर कहा कि आपके आवास का पैसा आया है। बैंक में चलकर खाता खोल कर रुपये निकाल लीजिए। आरोप है कि इसी बात का झांसा देकर उसके पति को पूर्वांचल ग्रामीण बैंक गिठनी शाखा संतकबीरनगर पर ले गए, जहां उसके पति की फोटो और नाम राजदेव लिखकर उक्त व्यक्ति द्वारा खाता खोलकर किसी दूसरे व्यक्ति के आवास के रुपये दबाव बनाकर अपने पूर्वांचल ग्रामीण बैंक शाखा तामेश्वरनाथ स्थानांतरित करा लिए। मुंह बंद रखने की धमकी देकर पति को भयभीत कर काफी समय तक मुझे भी नहीं बताने दिया। जब बैंक व काफी लोगों द्वारा इस फर्जीवाड़े की जानकारी उसे हुई, तब उसके पति घर पर नहीं थे। उसके पति एक बड़ी साजिश के शिकार बनाए गए हैं।

### पीड़ित की पत्नी ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया केस

एसओ ने बताया कि आरोपी शिवनाथ यादव के खिलाफ जालसाजी, गबन और जानमाल की धमकी का केस दर्ज किया गया है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उलझी मौत की गुत्थी, विसरा सुरक्षित

बखिरा। क्षेत्र के एक गांव में युवती को भगाने को लेकर हुए विवाद में चचेरे भाई की मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की गुत्थी उलझ गई। मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने से रिपोर्ट विसरा सुरक्षित कर दिया गया।

पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 24 वर्षीय बेटी को गांव का ही युवक आठ सितंबर की रात भगा ले गया। उसकी बेटी अपने साथ परिवार के गहने व कपड़ा भी ले गई। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर मंगलवार को आरोपी पक्ष के लोग गाली गलौज देते हुए ईट पत्थर चलाए। उसके परिवार के लोगों को लाठी, डंडे से बुरी तरह से मारापीटा, जिससे उससे और परिवार के तीन अन्य को गंभीर चोटें आईं। आरोप है आरोपी पक्ष के लोगों के मारने- पीटने से उसके 50 वर्षीय भतीजे की मौत हो गई। घटना से गांव में तनाव कायम हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि आरोपी युवक समेत पांच लोगों के खिलाफ युवती को भगाने,मारने-पीटने, अपशब्द कहने, जानमाल की धमकी देने और गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया था। एसओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर कही भी चोट का निशान नही मिला है। रिपोर्ट विसरा सुरक्षित कर दिया गया है। अब विसरा की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। संवाद

**युवती भगाने ले जाने के मामले में हुई मारपीट चचेरे भाई की हो गई थी मौत**

# एसपी ने शहर में किया पैदल मार्च

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने व जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न कराने को लेकर बुधवार को कस्बा खलीलाबाद में मधुकुंज तिराहा, बरदहिया बाजार, सर्राफा मार्केट, बैंक चौराहा आदि प्रमुख व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया।

पैदल मार्च के दौरान व्यापारियों, दुकानदारों, राहगीरों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया।

शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए अनावश्यक वाहनों को सड़कों पर न रुकने देने व भारी वाहनों को शहर के अंदर नो एंट्री के समय पूर्ण रूप से प्रवेश प्रतिबंधित करने के लिए प्रभारी यातायात को निर्देशित किया।

इस दौरान सीओ खलीलाबाद दीपांशी राठौर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रविंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक चंद्रप्रकाश सिंह, प्रभारी यातायात परमहंश, प्रभारी चौकी बरदहिया कृष्ण मोहन राव, प्रभारी चौकी गोला बाजार राजेश कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2023

# चार चौपहिया वाहनों के साथ जालसाज गिरफ्तार हुआ

वजीरगंज, संवाददाता। पुलिस ने बुधवार को अंतरजनपदीय जालसाज को चोरी के चार चौपहिया वाहन के साथ बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपी रियासत अली गाजी पुत्र साजिद अली निवासी ग्राम नया रामपुर ग्रन्ट थाना उचौलिया जनपद लखीमपुर खीरी के को भगोहर तिराहा से पकड़ा गया। उसके पास चार कारें मिली। वरिष्ठ उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गौतम, व स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक सर्वजीत गुप्ता ने उसे पकड़ा है। बताया कि आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर रिमांड पर भेज दिया गया है। एसओ ने बताया कि क्षेत्रों में चोरी की चौपहिया वाहन की शिनाख्त लगाई जा रही है। जल्द ही गैंग को दबोचा जाएगा। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बृजेश पुत्र शिव प्रसाद निवासी कस्बा वजीरगंज जनपद गोण्डा को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एक गाड़ी तीन लाख 10 हजार रुपये में बेची थी। इस संबंध में बृजेश ने मुकदमा दर्ज कराया था।

# रंजिश में मां-बेटी पर हमला किया

खरगूपुर। पुरानी रंजिश में मां-बेटी पर लाठी डंडे से हमलाकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने दो महिला सहित तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बुधवार को थाना क्षेत्र के पासी पुरवा,बीरपुर झलहिया में राधा देवी पत्नी बछराज पांडे व उसकी बेटियां निशा तथा गरिमा पर लाठी डंडा से हमला कर घायल कर दिया गया। बछराज एवं ओम नारायण के बीच वर्षो से रंजिश चल रहा है।

# महिलाओं के बीच मारपीट के बाद मुकदमा

धानेपुर। गुरुपुरवा गांव में महिलाओं के बीच मारपीट हो गई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेंघवा के मजरा गुरु पुरवा की रहने वाली महिला रामरती के मुताबिक गांव की रहने वाली एक महिला से वाद विवाद हुआ जिस पर विपक्षी ने मारपीटा जिससे सिर पर चोटें आई हैं।

# युवती पर अभद्र टिप्पणी की, केस

धानेपुर। खेत की तरफ शौच के लिए गयी युवती के साथ गांव के एक युवक ने अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए टिप्पणी किया है। बाबा की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक उसकी 18 वर्षीया पोती खेत की तरफ शौच के लिए गयी थी।

# आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर आक्रोश

तरबगंज। स्थानीय थाना में किशोरी अपहरण के मामले मे दर्ज रिपोर्ट के बाद भी पुलिस पर कार्रवाई करने मे हीलाहावली का आरोप लगाते हुए लोगो ने प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार अपहृत लड़की के गांव सहित धार्मिक संगठन के भी दर्जनो लोगों ने थाने पर पहुंचकर आक्रोश जाहिर किया। थानाध्यक्ष समशेर बहादुर सिंह से शिथिलता पर नाराजगी जाहिर की।

# दहेज के लिए विवाहिता की जलाकर हत्या

- परसपुर के ग्राम मोहना के पंडितपुरवा में हुई घटना
- मासूम बेटे का हाल बेहाल पति समेत तीन पर केस

**परसपुर, संवाददाता।** थानाक्षेत्र के ग्राम मोहना के पंडितपुरवा में मंगलवार रात करीब नौ बजे ससुरालीजनों ने दहेज में गाड़ी की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जलाकर मार डाला। उसका शव घर के बाहर एक चौपहिया वाहन में गंभीर रूप से झुलसा मिला। विवाहिता की मां की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन ससुरालीजनों पर प्रताड़ना व दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने पर आग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

थाना करनैलगंज ग्राम दिनारी की गुड़िया दूबे पत्नी रामजी दूबे ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी पूजा पाण्डेय (21) की शादी फरवरी वर्ष 2020 में परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहना पंडित पुरवा निवासी तरुण पाण्डेय के साथ की थी। शादी के बाद से गाड़ी की मांग को लेकर ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करते थे। यह बात मायके जाकर वह बताती रही तो मां समझा-बुझाकर उसे ससुराल भेजा दिया करती थी । आरोप है मांग पूरी न होने पर उसकी बेटी ससुरालवालों ने जलाकर मार डाला । सूचना पर वह जब बेटी के घर पहुंची तो उसका शव घर के सामने एक गाड़ी में रखा पाया। थाने में पति तरूण पाण्डेय, सास सुनीता व ससुर राजेश पाण्डेय के विरुद्ध दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है । विवाहिता कि मां ने बताया कि बेटी का विनायक नाम एक साल का लड़का है। उसका रो-रो कर बुरा हाल है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मामले में पुलिस लीपापोती करने में जुटी है।



# हरे आम के पेड़ काटने में चार पर रिपोर्ट दर्ज

वजीरगंज। टिकरी रेंज में आम के बागों पर ठेकेदारों का कुल्हाड़ा धड़ल्ले से चल रहा था। यही नहीं आरा मशीनों पर भी आम के हरे पेड़ों की यह लकड़ी बेरोकटोक बेची जाने का प्रकरण सामने आ रहा है । इस धंधे में वन विभाग की मिलीभगत हर किसी की जुबान पर है।

मंगलवार दोपहर में थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमराईपुर में एक विशालकाय आम के पेड़ को ठेकेदारों ने धरासाई कर दिया गया था। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था।

# पुलिस मुठभेड़ में युवक का हत्यारोपी दबोचा

**कामयाबी**

झंझरी/खोरहसां, हिटी। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र में फिरोजपुर ग्राम पंचायत में चेहल्लुम के मेले में युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार देररात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

एएसपी शिवराज ने बताया कि पुलिस को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी अली हुसैन उर्फ लादेन पुत्र जलील अहमद निवासी दौलतपुर को गिरफ्तार करने के लिए ग्राम कलन्दरपुर मोड़ मुन्ना भट्‌टा के निकट घेराबंदी कर ली। इसी बीच एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, नजदीक आने उसे रोका गया तो गिरफ्तारी से बचने के लिए उसे पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। इससे वह गिर पड़ा और पुलिस ने उसे दबोच लिया। फौरन घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अली हुसैन के खिलाफ पहले से एक मामला दर्ज हैं।

**दूसरे आरोपी को भी दबोचा:** पुलिस के मुताबिक चेहल्लुम के मेले में अली हुसैन निवासी दौलतपुर दर्जी कुंआ ने अपने साथियों के साथ आपसी वाद-विवाद के बाद शाकिब निवासी खोरहंसा बाजार की फिरोजपुर मस्जिद के सामने की गली में चाकू मारकर कर दी थी। इसी मामले के दूसरे आरोपी रिजवान निवासी ग्राम फिरोजपुर बगिया को पुलिस ने धरदबोचा है।

# कजरी तीज की पृथ्वीनाथ मंदिर में तैयारी शुरु हुई

**रुपईडीह, संवाददाता।** आगामी 18 सितंबर को कजरी तीज महापर्व पर पृथ्वीनाथ मंदिर पर जलाभिषेक के लिए तैयारी शुरू हो गई। इसके तहत मंदिर परिसर की साफ-सफाई और पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने सड़क के दोनों तरफ बैरिकेडिंग का काम शुरू कर दिया। विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत पचरन खरगूपुर में स्थित ऐतिहासिक पृथ्वीनाथ मंदिर पर आगामी 18 सितंबर को कजरी तीज के पर्व पर लाखों कांवरियों और श्रद्धालुओं जलाभिषेक करेंगे।

कांवड़ियों व श्रद्धालुओं द्वारा अयोध्या व करनैलगंज के सरयू नदी से जल भर कर नंगे पैर से चलकर जलाभिषेक करेंगे। इसके लिए स्थानीय व जिला प्रशासन ने सारी तैयारी शुरू कर दी है। ब्लॉक इटियाथोक व रुपईडीह में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों ने मन्दिर परिसर की साफ सफाई एवं सड़कों पर बेरिकेटिंग का काम पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। जिसकी निगरानी खंड विकास अधिकारी ऋतिक श्रीवास्तव एवं एडीओ पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव सामूहिक रूप से कर रहे हैं। बीडीओ ऋतिक श्रीवास्तव ने बताया कि कजरी तीज में श्रद्धालुओं को पृथ्वी नाथ मंदिर पर जलाभिषेक करने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

# पति, सास और ससुर पर दहेज हत्या का केस

**संवादसूत्र, परसपुर** : मोहना गांव में दहेज के लिए विवाहिता को जला कर मार डालने का मामला सामने आया है। मृतका की मां की तहरीर पर पति, सास व ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा लिखा गया है।

कोतवाली कर्नलगंज के ग्राम उसरेटिया दिनारी की रहने वाली गुड़िया ने बताया कि उसने बेटी पूजा का विवाह मोहना गांव के पंडित पुरवा के रहने वाले तरुण पांडेय के साथ किया था। आरोप लगाया कि ससुरालीजन बाइक की मांग को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित किया करते थे। गत मंगलवार की रात बेटी पूजा को जलाकर मार डाला। जानकारी होने पर जब वह मौके पर पहुंची तो घर के सामने खड़े चारपहिया में उसकी बेटी का शव पड़ा था। उसका शरीर जला हुआ था। थानाध्यक्ष ने कहा कि गुड़िया पांडेय की तहरीर पर पति तरुण पांडेय, सास व ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा लिखा है।

# पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपित के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**संसू, गोंडा** : देहात कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की देर रात कलंदरपुर मोड़ के पास मुठभेड़ के दौरान हत्यारोपित अली हुसैन उर्फ लादेन को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुठभेड़ में आरोपित अली हुसैन के दाहिने पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। आरोपित के पास से पुलिस ने अवैध असलहा व कारतूस भी बरामद किया है।

देहात कोतवाली के खोरहंसा के रहने वाले साकिब की गत 11 सितंबर को फिरोजपुर मस्जिद के निकट चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई थी। बताया जाता है कि गत सोमवार को कोतवाली देहात के फिरोजपुर में चेहल्लुम मेला देखने गए खोरहंसा के साकिब से दौलतपुर विशुनागा के रहने वाले अली हुसैन से कहासुनी हो गई थी, इसके बाद सिरफिरे लादेन ने शाकिब के पेट व सीने में चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया था। उसे बचाने दौड़े टेपरा के तस्लीम पर भी हमला कर दिया था। इसमें दोनों घायल हो गए थे। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने शाकिब को मृत घोषित कर दिया था। मृतक की बहन तबस्सुम की तहरीर पर आरोपित लादेन, रिजवान व चार अन्य के खिलाफ हत्या सहित अन्य धारा में मुकदमा लिखा गया था। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि हत्यारोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने निर्देश दिए थे। गत मंगलवार की रात गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली महेंद्र कुमार सिंह को जानकारी मिली कि आरोपित कहां है। इस पर उन्होंने निरीक्षक शिवानंद प्रसाद, उप निरीक्षक खुश मुहम्मद, नागेश्वर पटेल व राम आशीष राय की टीम के साथ आरोपित अली हुसैन को पकड़ने का जाल बिछाया।



जिला अस्पताल में भर्ती गोली लगने से घायल आरोपित लादेन ● जागरण

**11 सितंबर को फिरोजपुर मस्जिद के निकट साकिब की चाकू घोंपकर की थी हत्या, चार के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा**

कलंदरपुर मोड़ के पास उसे रोकने का प्रयास किया गया तो अली हुसैन ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी फायर किया। इसमें उसके दाहिने पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अभिरक्षा में लेकर आरोपित का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## महिला को पीटा

धानेपुर : ग्राम घुरपुरवा मेघवा की रामरती ने तहरीर देकर कहा है कि पड़ोस की महिला ने लाठी डंडो से पिटाई की। जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने कहा कि गांव की लीलावती के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

## छेड़खानी का मुकदमा

धानेपुर : गांव के व्यक्ति ने तहरीर देकर कहा है कि उनकी पौत्री शौच के लिए गई थी। गांव के ही युवक उनकी पौत्री को देखकर अश्लील शब्दों का प्रयोग करने लगा। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। (संसू)

# तीन के विरुद्ध मुकदमा

संसू, मसकनवा( गोंडा) : पासपोर्ट व वीजा बनवाने के नाम पर एक लाख 80 हजार रुपये ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि आदिब निवासी ग्राम महिली थाना रेहरा जिला बलरामपुर ने तहरीर दी कि विक्रम निवासी रेहरा बाजार जिला बलरामपुर,रामकरन निवासी मल्हीपुर थाना छपिया व उसकी मां के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित



महिला आरक्षी वर्षा को सम्मानित करते एसपी अंकित मित्तल • जागरण

**संसू, गोंडा** : पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मनोज कुमार राय को अगस्त में आनलाइन आई शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण कराने लिए सम्मनित किया। इसी क्रम में 10 वर्ष पुराने भूमि विवाद को आपसी सहमति से निस्तारण कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक कटराबाजार करुणाकर पांडेय, आत्महत्या की धमकी देने वाली दो महिलाओं के मामले का निस्तारण कराने पर थानाध्यक्ष परसपुर शेषमणि पांडेय, कटराबाजार के आरक्षी विकास शर्मा, वजीरगंज में महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला आरक्षी वर्षा सिंह व पूनम सिंह, खोड़ारे के आरक्षी पंकज को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर कर सम्मानित किया। एसपी ने पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन कर अपराध समीक्षा बैठक की। एसपी ने अभियान चलाकर फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

# कंटीले तारों के करंट से तीन गोवंशों की मौत

**मनकापुर (गोंडा)।** ग्राम भिटौरा छोटकी करौंदी में फसल बचाने के लिए खेत लगे कंटीले तारों में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से मंगलवार रात तीन गोवंशों की मौत हो गई। लेखपाल प्रेम शंकर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद गोवंशों को दफना दिया गया है। मुआवजे के लिए लिखापढ़ी की जा रही है। (संवाद)

# अज्ञात युवक का शव मिला

**गोंडा।** नगर कोतवाली के मझरथिया गांव में 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला है। शव के पास शराब की शीशी पड़ी मिली है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए हैं। (संवाद)

# महिला की गला रेतकर हत्या

## मोतीगंज के गरिबाजोत गांव में गन्ने के खेत में मिला शव, पति लापता

संवाद न्यूज एजेंसी

**मोतीगंज (गोंडा)।** मोतीगंज थाना क्षेत्र के गरिबाजोत गांव की रहने वाली एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव घर से तीन सौ मीटर दूर गन्ने के खेत में पड़ा मिला है। वह मवेशियों के लिए घास काटने घर से निकली थी। वारदात के बाद से मृतका का पति लापता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन शुरू कर दी है। ऑनर किलिंग के पहलू पर भी पुलिस की नजर है।

### ऑनर किलिंग के पहलू पर भी छानबीन कर रही पुलिस

गरिबाजोत गांव निवासी बलराम की पत्नी शर्मावती (40) बुधवार सुबह तकरीबन 11 बजे मवेशियों के लिए घास काटने के लिए घर से निकली थी। दोपहर तीन बजे तक जब वह नहीं लौटी तो उसके पट्टीदार और बच्चों ने तलाश शुरू की। घर से 300 मीटर की दूरी पर गन्ने के खेत में शर्मावती का शव पड़ा मिला। किसी धारदार हथियार से गला रेतकर उसकी हत्या की गई थी। सूचना पर सीओ सदर शिल्पा वर्मा व मोतीगंज समेत धानेपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। फोरेंसिक टीम के विशेषज्ञ ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। टीम ने फोटोग्राफी भी की।

वारदात के बाद से शर्मावती का पति बलराम पति लापता है। ऐसे में पुलिस ऑनर किलिंग के पहलू पर भी छानबीन कर रही है। मोतीगंज थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। कई पहलुओं पर छानबीन की जा रही है।



गरिबाजोत गांव में महिला की हत्या के बाद जांच करतीं सीओ शिल्पा वर्मा। संवाद

### महिला के हंसिए से तो नहीं उतारा मौत के घाट, पुलिस तलाश रही हंसिया

पुलिस ने मौका मुआयना किया तो शर्मावती की हंसिया नहीं मिली। पुलिसकर्मी तीन घंटे तक गांव वालों के साथ हंसिया तलाशते रहे मगर सफलता नहीं मिला। आशंका जताई जा रही है कि हत्यारे ने कहीं शर्मावती की हंसिया से ही तो नहीं उसका गला रेत दिया।

### चार बच्चों के सिर से उठा मां का साया

शर्मावती की हत्या से उसके चार बच्चों विशाल, विकास, सुमन व सुनीता के सिर से मां का साया उठ गया है। पिता बलराम लापता है। मां की हत्या पर बिलख रहे बच्चों को पट्टीदार व संबंधी संभाल रहे हैं। मगर रह-रहकर बच्चों की चीत्कार से लोगों की आंखें नम हैं।

# अश्लील टिप्पणी करने वाले पर केस

**धानेपुर (गोंडा)।** धानेपुर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पोती सात सितंबर की रात नित्यक्रिया के लिए खेत में गई थी। वहां गांव के ही एक युवक ने उस पर अश्लील टिप्पणी की। किसी तरह वह भागकर घर आई और पूरा वाकया बयां किया। वह आरोपी से पूछताछ करने गया तो वह अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आशीष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# महिला पर मारपीट का केस

**धानेपुर (गोंडा)।** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरुपुरवा मेघवा की रामरती ने आपसी विवाद को लेकर गांव की ही एक महिला पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। इसमें आरोप लगाया कि उसे लाठी-डंडे से पीटा गया। जिससे उसके सिर में चोट आ गई। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि लीलावती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी

**गोंडा।** विकासखंड पंडरी कृपाल के सामने स्थित आंगनबाड़ी केंद्र खैरा कुंभनगर का ताला तोड़कर चोरों ने बच्चों के खिलौने, रजिस्टर व कागजात, पंखा, कुर्सी व अन्य सामान चुरा लिया। कार्यकत्री बबिता वर्मा ने बताया कि चोरी की सूचना परियोजना कार्यालय पर दी गई है। (संवाद)

# हादसे में जख्मी दो नेपाली श्रद्धालुओं ने दम तोड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**नवाबगंज (गोंडा)।** श्रद्धालुओं से भरे टेंपो की मंगलवार रात दो ट्रकों से आमने-सामने हुई भिड़ंत में जख्मी दो नेपाली श्रद्धालुओं ने अयोध्या मेडिकल कॉलेज में देर रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पांच अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि चार लोगों को मामूली चोटें आईं।

अयोध्या-गोंडा राजमार्ग पर मंगलवार रात नेपाल के आठ श्रद्धालु अयोध्या में दर्शन करने के बाद टेंपो में सवार होकर जा रहे थे। परसापुर गांव के पास इंपल्स इंटरनेशनल स्कूल के सामने एक ट्रक को ओवरटेक करते समय सामने से आ रहे डीसीएम से टेंपो की टक्कर हो गई। इसमें कुल 11 लोग घायल हो गए थे। चार लोगों को गोंडा जिला अस्पताल तथा सात लोगों को अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने दो श्रद्धालुओं को मृत घोषित कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतकों की पहचान बासदेव

## अयोध्या से दर्शन कर वाया गोंडा नेपाल के कपिलवस्तु जा रहे थे श्रद्धालु



नवाबगंज में हादसे में क्षतिग्रस्त टेंपो। संवाद

गोड़िया (60) निवासी बुद्ध भूमिनगर थाना गौसिंहिया, जिला कपिलवस्तु, नेपाल व रामराज कुर्मी (60) निवासी महराजगंज, कपिलवस्तु, नेपाल के रूप में हुई है। जबकि नेपाल के कपिलवस्तु जिला निवासी रामलौटन, अकाली देवी, अगनू, सूर्यनाथ, लल्लू बरई, मालती देवी, भानमती देवी, वृंदावती, फूलमती तथा फिरोजाबाद निवासी ट्रक चालक पप्पू सिद्दीकी का इलाज चल रहा है।

# विवाहिता की मौत, पति समेत तीन पर दहेज हत्या का केस

**परसपुर (गोंडा)।** दहेज में वाहन की मांग को लेकर 24 वर्षीय विवाहिता को जलाकर मार डालने का आरोप लगाते हुए मृतका की मां ने पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

करनैलगंज के ग्राम उसरेटिया दिनारी निवासी गुड़िया दूबे ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री पूजा की शादी 25 फरवरी 2020 को पंडितपुरवा मोहना निवासी तरुण से की थी। ससुरालीजन दहेज में वाहन की मांग को लेकर आए दिन पूजा को प्रताड़ित करते थे। इसकी शिकायत पूजा ने कई बार मायके वालों की थी।

गुड़िया के मुताबिक मंगलवार को उसे फोन पर सूचना मिली कि पूजा की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से मौत हो गई है। जब वह देर रात पूजा की ससुराल पहुंची तो देखा कि उसका शव घर के सामने गाड़ी में पड़ा था। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि पति तरुण पांडेय, ससुर राजेश पांडेय व सास सुनीता के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# हत्थे चढ़ा जालसाज, हड़पे गए चार वाहन बरामद



वजीरगंज थाने में बरामद वाहनों के साथ जालसाज लियाकत अली। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**वजीरगंज (गोंडा)।** वजीरगंज पुलिस व स्वाट टीम ने एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चार चौपहिया वाहन बरामद किए गए हैं।

एसएसआई डीके गौतम के नेतृत्व में स्वाट टीम ने जालसाज लियाकत अली गाजी निवासी नया रायपुर ग्रंट, थाना उचौलिया, जनपद लखीमपुर को बुधवार दोपहर वजीरगंज कस्बे के भगोहर मोड़ से गिरफ्तार किया है। लियाकत की निशानदेही पर फर्जी कागजातों के आधार पर बेचे गए कुल चार वाहन बरामद हुए हैं।

चारों वाहन गाजियाबाद, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी व गौतमबुद्धनगर से लोगों को झांसा देकर लाए गए थे। इन वाहनों को नंबर प्लेट बदलकर व कूटरचित आरसी बनवाकर बेचा गया था। इनमें से एक वाहन बृजेश कुमार निवासी कस्बा वजीरगंज को तीन माह पूर्व बेचा गया था।

## नंबर प्लेट बदलकर बेचता था वाहन

जालसाज वाहन ट्रांसफर करने में हीलाहवाली कर रहा था। जिस पर बृजेश ने बीते 12 सितंबर को थाना वजीरगंज में लियाकत अली के विरुद्ध धोखाधड़ी, गबन सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि जो लोग वाहन बेचने के इच्छुक होते हैं, लियाकत उन्हें अधिक कीमत दिलाने का झांसा देकर वाहन ले लेता था। फिर नंबर प्लेट बदलकर बेच देता था। लोगों को न तो वाहन वापस मिलते थे और न रकम। चारों वाहनों को पुलिस ने बरामद करके आरोपी को न्यायालय रवाना किया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर एसपी ने किया सम्मानित

**गोंडा।** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें एसपी अंकित मित्तल ने पुलिसकर्मियों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली और निस्तारण का निर्देश दिया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले इंस्पेक्टर नवाबगंज मनोज कुमार राय, इंस्पेक्टर कटरा बाजार करुणाकर पांडेय, थानाध्यक्ष परसपुर शेषमणि पांडेय, कटरा बाजार के आरक्षी विकास शर्मा, आरक्षी वर्षा सिंह व आरक्षी पूनम सिंह को एसपी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अपराध गोष्ठी में एसपी ने कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर समीक्षा की। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-14-09-2023

## पुलिस ने अपहृत सगी बहनों को अजमेर से किया बरामद

जासं, बलरामपुर : गैंड़ासबुजुर्ग पुलिस टीम दो अपहृत सगी बहनों को अजमेर राजस्थान से बरामद कर लिया है। दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर बयान दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दो सगी बहनों के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक अविरल शुक्ल ने सर्विलांस टीम की मदद से दोनों बहनों को ढूंढ़ निकाला। दोनों को बलरामपुर लाया गया है। (जासं)

## कैमरे लगवाने का निर्देश

बलरामपुर : आपरेशन त्रिनेत्र के तहत गलियों, प्रतिष्ठनों व चौराहों के पास सीसी कैमरे लगवाने के निर्देश सभी कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि सीसी कैमरों में घटनाओं की तस्वीरें कैद हो जाएंगी। इससे आपराधिक मामलों का राजफाश करने में मदद मिलेगी।

# फॉरेस्ट एक्ट मामले में एक गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना पचपेड़वा पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उपनिरिक्षक शिव कैलाश ने बताया कि सूर्य लाल गुप्ता पुत्र बुद्धू गुप्ता निवासी शंकरपुर फॉरेस्ट एक्ट में न्यायालय से वंछित थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# सीओ ने रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

बलरामपुर। क्षेत्राधिकार लाइन राधा रमण सिंह ने बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान भोजनालय, परिसर, जीडी कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस जवानों को निरंतर अभ्यास करने की नसीहत दी। उन्होंने कार्यालय के आसपास सफाई रखने पर भी जोर दिया।

# दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस में एक मामले में दो वांछित अभियोगों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकार बृजनंद राय ने बताया कि ननके गिरी, नान बाबू गिरी पुत्रगण राजित राम एक मामले में वांछित चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।

## महिलाओं को किया गया जागरूक

**बलरामपुर** : पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर सभी थानों की एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम किया। इसमें बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिलाओं को मिशन शक्ति के साथ हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। (संसू)

## ग्रामीणों ने की जाम से निजात दिलाने की मांग

**उतरौला** : नगर में लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नगरवासी राजू, कल्लू, इदरीश, राजकुमार, मनीष व फिरोज ने उपजिलाधिकारी को पत्र देकर नगर में जाम से निजात दिलाने की मांग की है। नगर के सभी प्रमुख मार्गों पर बड़े वाहनों का आवागमन होने से लोगों को घंटों जाम में जूझना पड़ता है। (संसू)

# उर्दू और फारसी के कठिन शब्दों को नहीं छोड़ पा रही पुलिस

बलरामपुर। पुलिस महकमा हाईटेक हो रहा है, थानों में अब कंप्यूटर पर एफआईआर दर्ज होती है। यातायात पुलिस मोबाइल से वाहनों का चालान कर रही है। यूपी कॉप एप से पुलिस की पहुंच अब जन-जन तक हो गई है। इसके बावजूद पुलिस विभाग अभी भी उर्दू व फारसी के कठिन शब्दों को प्रयोग करना नहीं छोड़ पा रहा है। आज भी पुलिस द्वारा जनरल डायरी से केस डायरी तक लिखने में उर्दू और फारसी के कठिन शब्दों का ही प्रयोग किया जाता है। इसी कारण इन शब्दों का मतलब समझने के लिए आम आदमी को अधिवक्ताओं का सहारा लेना पड़ता है। पुलिस महकमे में भाषा को लेकर व्याप्त इस परेशानी को दूर कराने की पहल अभी तक शुरू नहीं हुई है।

## पुलिस महकमे में चल रहे शब्दों पर एक नजर

**फर्द : उर्दू : ज्ञाप्ति सूची**

**फर्द बरामदगी :** बरामद सामान की सूची

**फर्द हवालगी :** हवाले करने की सूची

**तामीला :** पालन करना

**तस्दीक :** सत्यापित

**अदम तहरीर :** जांच की प्रक्रिया में

**रुखसत :** रवाना किया जाना।

**मुजरिम :** अपराधी

**अदम शनाख्त :** शिनाख्त नहीं होना।

**अदम तामील :** पता सत्यापित नहीं हुआ।

**नामजद :** नामित

**नजरी :** आंखों देखा।

**नजरबंद :** रोके रखना, कैद करना

**वारदात :** घटना

**आमद :** फारसी : आना

**मुखबिर :** फारसी : गुप्तचर

**कलमबंद :** फारसी : बयान लिखना

# लेखपाल ने किया निर्माण स्थल का निरीक्षण

**ललिया( बलरामपुर)।** सार्वजनिक जमीन पर पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय बनाने जाने के विरोध के बाद बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की। क्षेत्रीय ग्रामीणों के विरोध के बाद बुधवार को कानूनगो सुरेश यादव व हलका लेखपाल मिथुन चक्रवर्ती मौके पर पहुंचकर जमीन की पैमाइश इत्यादि भी की। जमीन संबंधित जांच रिपोर्ट एसडीएम सदर को सौंपी जाएगी। इसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय होगी। (संवाद)

# दो गुमशुदा बहनों को पुलिस ने ढूंढा

**गैड़ास बुजुर्ग।** क्षेत्र से गुमशुदा दो सगी बहनों को पुलिस ने अजमेर में ढूंढ निकाला है। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया ने बताया कि बीते दिनों इन संगी बहनों के गायब होने की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी। सर्विलांस सेल की मदद से पुलिस ने दोनों गुमशुदा बहनों को अजमेर राजस्थान से ढूंढ निकाला है। पुलिस अब इन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी। (संवाद)

# हेड कांस्टेबल के निधन पर शोक

**बलरामपुर।** तुलसीपुर थाने में तैनात हेड कांस्टेबल विपिन कुमार पांडेय की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके निधन की सूचना से पुलिसकर्मियों में शोक व्याप्त है। सभी ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि बीते दिनों उनका एक आपरेशन हुआ था। संक्रमित होने के बाद पीड़ित को लखनऊ के एक अस्पताल  में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मृत्यु हो गई। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः-14-09-2023

हिन्दुस्तान

# अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जताया आक्रोश



कलेक्ट्रेट परिसर में उपनिबंधक कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

बहराइच, संवाददाता। हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में शहर दीवानी कचेहरी के प्रांगण से शांति पूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शित किया। बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गया प्रसाद मिश्र व महामंत्री पुष्पान्जलि नाथ मिश्र के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंच कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदेश बार काउंसिल के आवाहन पर जिले की सभी छह तहसीलों में अधिवक्ता कामकाज से विरत रहे। इसके बाद रजिस्ट्री कार्यालय के समक्ष शाति पूर्ण धरना दिया गया। उसके बाद न्यायालय परिसर में भी धरना पर बैठे। गुरुवार को विरोध प्रदर्शन कर पुतला फूंका जाएगा।

**पयागपुर में अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन :** पयागपुर तहसील परिसर में स्थित निबंधन कार्यालय के सामने अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। जिला बार एसोसिएशन के महामन्त्री पुषांजलि नाथ मिश्रा के नेतृत्व में तहसील अधिवक्ताओ ने हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कहा कि हापुड़ के डीएम व एसपी को निलंबित किया जाए।

## नानपारा में वकीलों ने ठप रखा कामकाज

नानपारा। हापुड़ के अधिवक्ताओं पर पुलिस की लाठीचार्ज से हुए हमले के बाद बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर नानपारा में बुधवार को भी तहसील में कोई कामकाज नहीं हुआ। अदालतों पर सामान्य तिथि हुई। अधिवक्ता तहसील गेट पर धरने पर बैठे। बैनामा सहित कोई कार्य नहीं हुआ। वादकारी वापस लौट गए। महासचिव प्रेम कुमार त्रिपाठी ने कहा सरकार हमारी मांगों ओर ध्यान नहीं दे रही है।

हिन्दुस्तान

# पट्टी गांव में सवा तीन करोड़ की चरस बरामद

## कार्रवाई

- पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया
- दो तमंचा, दो कारतूस व एक चाकू बरामद

बहराइच, संवाददाता। बौंडी थाना इलाके में मादक पदार्थो की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। पुलिस ने बुधवार भोर में नाकेबंदी कर तीन तस्कर भारी मात्रा में चरस, असलहे व चाकू के साथ धर दबोचा। गिरफ्तार तीनों आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में बहराइच व श्रावस्ती जिले के विभिन्न थानों में 86 आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों को एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।

एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि मंगलवार रात गश्त पर निकले बौंडी एसओ अंजनी कुमार राय को सूचना मिली कि पट्टी गांव में नहर के पास शातिर बदमाशों की गतिविधियों को देखा गया है। उन्होंने तत्काल अफसरों को जानकारी दी। एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, महसी सीओ जेपी त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में एसओ ने दरोगा राकेश कुमार पांडेय, कुलदीप कुमार, जितेश कुमार सिंह व पुलिस बल को साथ लेकर पट्टी गांव के पास नहर पर दबिश दी। पुलिस टीम ने इसी थाने के रामगढ़ी मुड़कट्टी निवासी नसीम उर्फ भुर्री, फिरोज व निवासी मैसर को धर दबोचा। तीनों के पास से 3.355 किग्रा चरस, दो तमंचा 12 बोर, दो कारतूस व एक चाकू बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में नसीम पर 37, फिरोज पर 39 व मैसर पर 10 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।

## नानपारा में 30 लाख की चरस बरामद

बलहा। नानपारा कोतवाली पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चरस बरामद हुई है। बरामद चरस की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 30 लाख आंकी गई है। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि नानपारा कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ को मंगलवार शाम भनक लगी कि मलंगपुरवा के पास तस्करों की गतिविधियों को देखा गया है। एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी व सीओ नानपारा राहुल पांडे के पर्यवेक्षण में राजा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह, सिपाही अनुराग सिंह, अभिषेक राय, संजीव यादव को दबिश को भेजा। पुलिस ने मलंगपुरवा के पास दबिश देकर दो संदिग्धों को पकड़ कर तलाशी ली। दोनों के पास से 950 ग्राम चरस बरामद हुई।

हिन्दुस्त

# 50 ग्राम स्मैक सहित नेपाली युवक बंदी

रुपईडीहा। रुपईडीहा से स्मैक ले जाते एक नेपाली युवक को 50 ग्राम स्मैक के साथ मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो नेपालगंज व नेपाली जांच चौकी जमुनहा ने गिरफ्तार किया है। बांके जिले के पुलिस प्रवक्ता व डीएसपी नारायन डांगी ने बताया कि यह युवक पैदल ही रुपईडीहा से नेपालगंज जाने के लिए जमुनहा जांच चौकी होते हुए जा रहा था। संदेह होने पर इसकी तलाशी ली गई। कुछ न मिलने पर इसके जूते खुलवाए गए। पैर के मोजे में 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# चरस के साथ दबोचे गए तीन आरोपित

संसू, बौंडी(बहराइच) : रामगढ़ी ग्राम पंचायत स्थित पट्टी नहर के पास से बुधवार भोर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से चरस बरामद की।

थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पट्टी नहर के पास से तीन संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए युवकों के पास से 3.355 किलोग्राम चरस, दो तमंचा 12 बोर, दो कारतूस व एक चाकू बरामद किया गया। आरोपितों में बौंडी के रामगढ़ी ग्राम पंचायत के मुड़कट्टी गांव निवासी नसीम उर्फ भुर्री, फिरोज व कंदौसा निवासी मैसर शामिल है। नसीम उर्फ भुर्री के खिलाफ बहराइच व गोंडा के विभिन्न थानों में 37, फिरोज के खिलाफ बहराइच व श्रावस्ती जिले में 39 और मैसर पर 10 मुकदमे दर्ज है।

# 3.25 करोड़ की चरस के साथ तीन गिरफ्तार

बौंडी। ग्राम पंचायत रामगढ़ी स्थित पट्टी नहर के पास से बुधवार सुबह पुलिस ने तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अपराधियों के पास से 3.35 किलो चरस बरामद हुई है। दो देशी तमंचे व चाकू भी बरामद हुआ। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

बौंडी थाना प्रभारी अंजनी कुमार राय ने बताया कि बुधवार सुबह अपराधियों की सूचना मिली थी। जिसके बाद पट्टी नहर के पास घेराबंदी कर तीनों को दबोचा गया। उनकी पहचान बौंडी थाना क्षेत्र के रामगढ़ी ग्राम पंचायत के मुड़कट्टी गांव निवासी नसीम, फिरोज व कंदौसा निवासी मैसर के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान उनके पास से 3.35 किलोग्राम चरस बरामद हुई है। इसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 3.25 करोड़ रुपये है। आरोपियों के खिलाफ बहराइच, गोंडा व श्रावस्ती में विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। -संवाद

# SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2023

# गांजा के साथ गिरफ्तार

श्रावस्ती : इकौना पुलिस ने इटियाथोक इकौना–बलरामपुर बाईपास के पास से कटरा बाजार निवासी राजेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1300 ग्राम गांजा बरामद की गई। आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। (वि.)

# जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक ने सुनीं समस्याएं

श्रावस्ती : एसपी प्राची सिंह ने बुधवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। एसपी ने थाना प्रभारियों को तत्काल गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)

# नौ माह में 129 मामलों में न्यायालय से हुई सजा

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान चला रही है। इस दौरान पुलिस की ओर से न्यायालय में पैरवी कर 129 मामले में आरोपियों को न्यायालय से दंडित कराया गया।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि जिला पुलिस ने गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अचूक साक्ष्य संकलन तथा डीजीसी क्रिमिनल व उनकी टीम के साथ मिल कर न्यायालय में प्रभावी पैरवी किया। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों की ओर से एक जनवरी से 22 जून तक 58 व 23 जून से अब तक 71 मामलों में आरोपियों को सजा व अर्थदंड से दंडित कराया गया। इनमें 18 मामलों में से नौ मामले में आजीवन कारावास व नौ मामलों में आरोपियों को दस वर्ष की सजा व अर्थदंड से दंडित कराया गया। वहीं दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के 24 मामलों में पीड़ितों को सजा हुई। इसके साथ ही 87 अन्य मुकदमों में भी आरोपियों को ज्यादा से ज्यादा सजा दिलाई गई। (संवाद)

# शांतिभंग में नौ लोग गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने मंगलवार रात शांतिभंग करने के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# पांच दिन पहले चोरी गई ट्राली बरामद

गिरंटबाजार। थाना हरदत्त नगर गिरंट के बरगदही गांव निवासी कांशीराम यादव ने कुछ दिन पूर्व अपनी ट्राली इसी थाना क्षेत्र के मुलायपुरवा गांव निवासी किस्मत अली को एक लाख 30 हजार में बेच दिया था। किसी काम से ट्राली को दोबारा ले आया था। आठ सितम्बर की रात को ट्राली गायब हो गई थी। इस पर शिकायतकर्ता से कड़ाई से पूछताछ की तो शिकायतकर्ता ने दूसरे दिन बताया कि उसकी ट्राली बहराइच के आसाम रोड़ से मिल गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता ही संदिग्ध है।

# कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने मंगलवार रात बदलपुर निवासी पेशकार को गिरफ्तार करके दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई किया है। (संवाद)

# सिरसिया गांव का सत्यापन

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने कवच अभियान के तहत सिरसिया ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान गांव में बैठक कर ग्राम प्रधान व चौकीदार सहित ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से जानकारी ली। साथ ही ड्रोन के माध्यम से गांव की तस्वीर भी ली गई। इस मौके पर थानाध्यक्ष विशुनदेव पांडे, कंचन देवी व अमर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। (संवाद)